नई दिल्ली
मंगलवार, 21 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 40
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 44.0
न्यून. 31.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 मलेशिया मास्टर्स में खिताब का सूखा खत्म करने के लिए उतरेंगी सिंधू







## सीआईएसएफ ने संसद की सुरक्षा सम्हाली

**नई दिल्ली।** संसद की नई और पुरानी बिल्डिंग की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह से सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स -सीआईएसएफ को सौंपी गई है। 20 मई से सीआईएसएफ के 3317 जवान संसद की सुरक्षा में तैनात हो गए हैं। पिछले साल 13 दिसंबर को नए संसद भवन की सुरक्षा में चूक मामले के बाद ये फैसला लिया गया है। वहीं, संसद में तैनात रहे सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप (पीडीजी) ने 17 मई को अपने 1400 जवानों को वापस बुला लिया है। अपने सारे वाहन, हथियार और कमांडो भी हटा लिए हैं। सीआरपीएफ के कमांडर डीआईजी रैंक के अधिकारी ने यह जानकारी दी है।



### पांचवें चरण में रात साढ़े ग्यारह बजे तक 60.09 प्रतिशत मतदान

# बंगाल 74.65% मतदान कर 'सबसे आगे' महाराष्ट्र में 'सबसे कम' 54.29% वोटिंग

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को छह राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान हुआ। रात साढ़े ग्यारह बजे तक वोटर टर्नआउट के अनुसार औसत 60.09 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसमें पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 74.65 प्रतिशत जबकि सबसे कम महाराष्ट्र में 54.29 प्रतिशत मतदान हुआ। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की 7, ओडिशा की 5, बिहार की 5, झारखंड की 3, जम्मू-कश्मीर की एक, लद्दाख की एक सीट शामिल हैं। चुनाव आयोग के अनुसार ओडिशा विधानसभा की 35 विधानसभा सीटों के लिए भी एक साथ मतदान हुआ। गौर हो कि 543 लोकसभा सीटों में चौथे फेज तक 380 सीटों पर मतदान हो गया है। इन सीटों को मिलाकर कुल 429 सीटों पर मतदान पूरा हो गया। आगामी 2 चरणों में 114 सीटों पर वोटिंग बाकी है। मुंबई में 86 साल के रतन टाटा और पूरा अंबानी परिवार भी मतदान करने पहुंचा। मुंबई में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, ⏩ शेष पेज 7 पर


### बारामूला में 40 साल बाद रिकॉर्ड, बदल गया कश्मीर

*धारा 370 हटने के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर में चुनाव हुए। सोमवार को कश्मीर की बारामूला सीट पर जमकर 59% वोटिंग हुई। जम्मू-कश्मीर का शाम को सामने आया टोटल वोटिंग टर्न आउट 56.73 फीसदी दर्ज किया गया है और इस तरह घाटी में 40 सालों का रिकॉर्ड टूट गया है।*


उद्योगपति रतन टाटा


उद्योगपति मुकेश और नीता अंबानी


अभिनेता अमिताभ बच्चन


आरबीआई गर्वनर शक्तिकांत दास




### राज्यवार आंकड़े

| | |
|---|---|
| पश्चिम बंगाल | 74.65 % |
| लद्दाख | 69.62 % |
| ओडिशा | 67.59 % |
| झारखंड | 63.07 % |
| उत्तर प्रदेश | 57.79 % |
| जम्मू एवं कश्मीर | 56.73 % |
| बिहार | 54.85 % |
| महाराष्ट्र | 54.29 % |

### युवक ने 8 बार डाला वोट गिरफ्तार... पोलिंग टीम सस्पेंड

चौथे चरण से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई थी। 13 मई को एटा में भी मतदान हुआ था और इसी दौरान एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक व्यक्ति ने 8 बार वोट डाल दिया। पुलिस ने उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है और मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया है। एटा जिले के नयागांव थाने में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 171-एफ और 419, आरपी एक्ट 951 की धारा 128, 132 और 136 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। वीडियो में दिख रहे व्यक्ति की पहचान भी हो गई है। व्यक्ति खिरिया पमारान गांव का निवासी अनिल सिंह है। चुनाव आयोग ने पूरी पोलिंग टीम को सस्पेंड किया है।






# फर्जी दस्तावेजों पर लोन लेकर कई बैंक को करोड़ों की चपत लगाने वाले दंपति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



फर्जी कागजातों पर कार व होम लोन लेकर बैंकों को करोड़ों का चूना लगाने वाले जालसाज दंपति को उत्तरी जिले की तिमारपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके नाम दीपक गोयल और चंचल गोयल बताये गये हैं। सेक्टर 18 रोहिणी निवासी दंपति ने एक ताजा मामले में इलाहाबाद बैंक को भी 49 लाख का चूना लगाया था।

डीसीपी मनोज कुमार मीना के अनुसार इंडियन बैंक के मुख्य प्रबंधक संजीव कुमार ने तिमारपुर थाने में शिकायत दर्ज करायी थी, जिसमें कार लोन के नाम पर चंचल गोयल नाम की महिला के ऊपर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। बताया गया कि इंडियन बैंक (पहले इलाहबाद बैंक) की ओर से चारु मोटर्स के नाम पर जो डिमांड ड्राफ्ट जारी हुआ, वह एचडीएफसी बैंक जयपुर में जमा किया गया। चंचल गोयल ने दीपक गोयल और विनय अग्रवाल के साथ मिलकर चारु मोटर्स के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार कर इंडियन बैंक में कार लोन के लिए अप्लाई किया था। बाद में 18.25 लाख रुपए बैंक द्वारा चारु मोटर्स के अकाउंट में ट्रांसफर किए गए। इस तरह इंडियन बैंक से फर्जी दस्तावेजों के जरिए तीन बार फर्जी कार लोन लिया गया। कार लोन आवेदन में दीपक गोयल और विनय अग्रवाल गारंटर बने थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की तो पता चला कि आरोपियों ने जो पते दिए थे, वे फर्जी थे। 18.25 लाख रुपए टी एंड टी मोटर्स (मुंबई) पुष्पेन्द्र सिंह के अकाउंट में भेजी गई थी। टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से पुलिस ने चंचल गोयल को ट्रेस कर रोहिणी इलाके से पकड़ा। बाद में पुलिस को पता चला कि आरोपी दीपक गोयल पहले से तिहाड़ जेल में बंद है। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट से अनुमति लेकर मामले में आरोपी की गिरफ्तारी दिखाई। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैंकों से लोन हासिल करते थे। यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी दंपति प्रॉपर्टी गिरवी रख कई बार फर्जी होम लोन भी ले चुका था। सीबीआई ने मुकदमा दर्ज कर इस केस में आरोपी दंपति को उनके सहयोगियों के साथ अरेस्ट भी किया था। इस मामले में आरोपी दंपति ने होम लोन के नाम पर पंजाब और सिंध बैंक को साढ़े चार करोड़ रुपए की चपत लगायी थी। आरोपी दीपक गोयल (44) मूलरुप से भिवानी हरियाणा का रहने वाला है। वह महज 12वीं कक्षा तक पढ़ा है। यह पहले प्रॉपर्टी डीलर था। इस पर उत्तम नगर में पहली बार 30 करोड़ की चीटिंग का केस बना था। यह सीबीआई समेत 16 मामलों में शामिल रहा है। सिर्फ दिल्ली ही नहीं राजस्थान और हरियाणा में भी यह ठगी व जालसाजी कर चुके थे। चंचल गोयल (44) ने स्नातक तक पढ़ाई की है। यह भी पांच मामलों में शामिल पाई गई है।

## स्टॉक मार्केट एक्सपर्ट बनकर सवा दो करोड़ की ठगी करने वाले गैंग का खुलासा, नौ धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल की आईएफएसओ टीम ने धोखेबाजों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आरोपी ट्रेडिंग ऐप सीएचसी-एसईएस के माध्यम से उच्च रिटर्न का झांसा देकर निवेश के बहाने भोले-भाले लोगों को शेयर बाजार एक्सपर्ट बनकर चूना लगाते थे। इन्होंने चार लोगों से ही 2.38 करोड़ की ठगी की थी। डीसीपी हेमंत तिवारी के अनुसार 17 जनवरी को विशाल सोढ़ी निवासी मोहन गार्डन की शिकायत प्राप्त हुई थी। ट्रेडिंग ऐप सीएचसी-एसईएस के माध्यम से निवेश के बहाने धोखाधड़ी की गई थी। इसी प्रकार की शिकायतें मनोज कुमार, राजबीर यादव और शैलेन्द्र कुमार की भी प्राप्त हुई थी। आरोप लगाया गया था कि उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था, जहां उच्च रिटर्न के लिए ट्रेडिंग में निवेश कैसे करें के बारे में ऑनलाइन ट्यूटोरियल दिए गए थे। शिकायतकर्ताओं को 2.38 करोड़ रुपये कई कंपनियों में निवेश करने के लिए कहां गया था। जांच के दौरान यह पाया गया कि 25 बैंक खातों में ठगी की रकम जमा की गई थी। इसके बाद एक आरोपी मुनीश शर्मा को गिरफ्तार किया गया। इसकी निशानदेही पर आठ और सह आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। अन्य आठ के नाम गौरव कुमार, परमजीत उर्फ पम्मी, राम कुमार, विकास बंसल, तुषार गर्ग, मनोज बंसल, राजेश कुमार गोयल और रचना है। उनके अन्य सहयोगियों की पहचान की जा रही है। आरोपियों से 84 मोबाइल, 250 सिम कार्ड, दो लैपटॉप, चार चेक बुक, पांच मतदाता पहचान पत्र, 28 एटीएम कार्ड, कथित फर्म आरएस ट्रेडिंग की एक बुकलेट जब्त की गई है।

## 'डीएसईयू में निर्माण के कारण आईआईआईटी का प्रवेश द्वार अवरुद्ध'

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी), दिल्ली ने आरोप लगाया कि पड़ोसी संस्थान दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय (डीएसईयू) में निर्माण कार्य के चलते उसके एक प्रवेश द्वार को 'अवैध' तरीके से अवरुद्ध कर दिया गया है, जिससे पानी, बिजली और गैस जैसी कई जरूरी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। संस्थान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आईआईआईटी ने उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना और प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय को पत्र लिखकर इस मुद्दे पर हस्तक्षेप करने की मांग की है।

## 25 को डीटीसी बसें 35 रूट पर सुबह चार बजे से चलेगी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दिन दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने विशेष तैयारी करते हुए कहा है कि चुनिंदा रूट पर सुबह चार बजे से सेवाएं शुरू होगी। इस बारे में जानकारी देते हुए डीटीसी के राकेश कुमार ने बताया कि दिल्ली में प्रस्तावित 25 मई 2024 के लोकसभा चुनाव के दिन निगम की तरफ से 35 रूट पर सुबह चार बजे से ही बस सेवाएं शुरू हो जाएगी। यह विशेष यातायात व्यवस्था मतदान कर्मियों एवं विभागों से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों के लिए की गई है।

### ज्योति नगर और करोल बाग में हादसा, दमकल की 22 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

# गर्मी में आग की घटनाएं बढ़ी, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी में पड़ रही चिलचिलाती गर्मी के बीच आग की घटनाएं भी बढ़ने लगी है। नार्थ ईस्ट दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में सोमवार सुबह एक बिल्डिंग में भीषण आग लग गई। इस घटना में एक शख्स की मौत हो गई। दमकल की 22 गाड़ियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉर्चरी भिजवाया गया है।

आग किस वजह से लगी यह अभी साफ नहीं हो सका है। आशंका है कि शॉट सर्किट के कारण आग लगी थी। वहीं करोल बाग में भी आग लगने की घटना सामने आई। इस घटना में भी लाखों का नुकसान होने की बात कहीं जा रही है। पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह 6 बजकर 01 मिनट पर ज्योति नगर आग की सूचना मिली। पुलिस 100 फुटा रोड, दुर्गा पुरी एक्सटेंशन पहुंची। दमकल विभाग के कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। जिस इमारत में आग लगी वह 150 गज में चार मंजिला बनी थी। प्रॉपर्टी का मालिक पदम सिंह और उनके भाई संजय हैं। ग्राउंड फ्लोर पर कपड़ों के महंगे ब्रांड का शोरूम और दूसरी मंजिल पर उसका गोदाम बना हुआ था। जबकि तीसरे और चौथी मंजिल पर परिवार रह रहे थे। देखते ही देखते आग ने पूरी बिलि्डंग को चपेट में ले लिया। दमकल विभाग की 22 गाड़ियों ने मौके पर पहुंच आग को बुझाने का काम किया। पूरी तरह से आग पर काबू पाने के बाद बिल्डिंग से एक युवक की लाश बरामद हुई है। उधर करोल आग में कपड़े के शोरूम में आग लगने की घटना सामने आई है। फायर ब्रिगेड की 13 गाड़ियां रवाना की गई। ट्रैफिक जाम के कारण काफी गाड़ियां रास्ते में फंसी रही। खबर लिखे जाने तक मौके पर आग बुझाने का काम चल रहा था।

## लू और भीषण गर्मी में होगा राजधानी में मतदान, लगातार दूसरे दिन पारा 47 पार

**नई दिल्ली।** इन दिनों दिल्ली में भीषण गर्मी पड़ रही है। राजधानी में बाड़मेर, गुजरात व अन्य प्रदेश से ज्यादा झुलसाने वाली लू और भीषण गर्मी के चलते लगातार दूसरे दिन कई क्षेत्रों में पारा 47 डिग्री पार दर्ज हुआ है। ऐसे में मौसम विभाग का अनुमान परेशान करने वाला है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक नरेश कुमार ने कहा कि आमतौर पर मई सबसे गर्म महीना माना जाता है। यदि इस सीजन में उत्तर भारत के हिस्सों में वर्षा नहीं होती है, तो तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है। अनुमान है कि दिल्ली में भीषण गर्मी की यह स्थिति अगले एक सप्ताह तक बनी रहेगी। ऐसे में मौसम विभाग केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने बकायदा पांच दिन के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। जाहिर है ऐसे में प्रचंड गर्मी और भीषण लू के बीच मतदान होने की संभावना ज्यादा है। अनुमानित 46 या इससे ज्यादा पारे में लोगों को वोट डालने के लिए निकलना पड़ेगा। आईएमडी ने अगले पांच दिनों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान भीषण लू और प्रचंड गर्मी दिल्ली के लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी रहेगी। क्योंकि पारा 45 डिग्री पहुंचते ही लू का प्रकोप शुरू हो जाता है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार लगातार दूसरे दिन नजफगढ़ क्षेत्र अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि दूसरे नंबर पर मुंगेश पुर में 47.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। जबकि पीतमपुरा में 46.6 डिग्री सेल्सियस, जाफरपुर में 46.3 डिग्री और पूसा में 46.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

### स्कूलों को तत्काल बंद करने के दिए निर्देश

दिल्ली सरकार ने उन निजी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों को तत्काल प्रभाव से कक्षाएं बंद करने को कहा है जो गर्मी की छुट्टियों के बावजूद इसे आयोजित कर रहे हैं। शिक्षा निदेशालय ने एक परिपत्र में कहा कि सभी स्कूलों को इस शैक्षणिक वर्ष के लिए 11 मई से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रखने का निर्देश दिया गया है। परिपत्र में कहा गया कि सभी सरकारी स्कूल 11 मई से बंद हैं। हालांकि, यह देखा गया है कि कुछ सरकारी सहायता प्राप्त और गैर-सहायता प्राप्त निजी स्कूल भीषण गर्मी के दौरान भी खुले हैं।

## मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर फैसला आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट कथित आबकारी नीति घोटाले के संबंध में क्रमशः प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई द्वारा दर्ज किए गए धन शोधन और भ्रष्टाचार के मामलों में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर मंगलवार को अपना आदेश सुनाएगा।

**D. D. VENTURES LIMITED**
CIN: L50102DL1984PLC017834
Regd. Office.: R.O. 68-68/1, Basement-1, Najafgarh Road, Industrial Area, Moti Nagar, West Delhi 110015
Ph No.: 011 46205400,
E-mail: a.bhaskar@ddmotors.net,
Website: www.ddventures.in

In Pursuance of Regulation 29(1)(a) of SEBI (Listing Obligations and Disclosures Requirements) Regulations, 2015, and other SEBI Regulations, if any, the meeting of the Board of Directors of our Company, M/s D. D. Ventures Limited, is scheduled to be held on Thursday, 30th Day of May, 2024 at 04:00 PM at A-100, Mayapuri Industrial Area, Phase-II, New Delhi-110064, to inter alia consider, discuss and approve the following:

1. Audited Annual Accounts of the Company for the financial year 2023-24.
2. Audited financial results of the Company for the quarter & year ended on 31st March, 2024.
3. Any other matter with the permission of the Chairman.

In accordance with the SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015 and Code of Conduct to regulate, monitor and report trading by insider (herein after referred to as the "Code of Conduct"), the trading window of the Company has been closed for all the promoters, Directors, KMPs` and relatives of all specified persons from the end of this quarter till 48 hours after declaration of Financial Results. (both days inclusive).

The intimation contained in this notice is also available on Company's website www.ddventures.in and Stock Exchange's website www.msei.in

By order of the Board
For **D. D. Ventures Limited**
Sd/-
(Sunil Datt Sharma)
Director

Date: 20.05.2024
Place: New Delhi

### नांगलोई : आरोपी का भाई पहले से जेल में है बंद

# रोडरेज में हत्या का फरार आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने नांगलोई इलाके में हुए मर्डर केस में एक आरोपी को अरेस्ट किया है। आरोपी का नाम देवेन्द्र उर्फ जॉनी (28) बताया गया है। यह पहले भी दो मामलों में शामिल रहा है। इस आरोपी का भाई पहले से जेल में बंद है। इन्होंने आरटीवी बस से बाइक टकराने पर हुई कहासुनी में बाइक सवार की जान ले ली थी।

गत वर्ष 14 फरवरी को सनी आरटीवी बस चला रहा था, जिसमें उसका भाई देवेन्द्र और दो तीन दोस्त भी थे। जब आरटीवी कमरुदीन नगर चौराहे के पास पहुंची तो एक बाइक उनके सामने आ गई थी।

इस बात को लेकर सनी और बाइक चालक विशाल के बीच कहासुनी हो गई। बात खत्म हो गई। सनी आरटीवी नांगलोई बस स्टैंड ले गया, जहां विशाल अपने तीन दोस्तों के साथ उसे फिर मिल गया। यहां उन्होंने सनी की पिटाई कर दी। इसके बाद सनी ने अपने भाई देवेन्द्र उर्फ जॉनी, चचेरे भाई राहुल और दोस्तों दीपांशु उर्फ दीपू, सोनू, प्रकाश उर्फ दुर्गा के साथ मिलकर बदला लेने की साजिश रची। ये सभी नांगलोई मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचे जहां उन्होंने विशाल के भाई साहिल से मारपीट की। साहित के सीने और पेट पर तीन चार बार वार चाकू से किए गए थे। उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में देवेन्द्र को छोड़ सभी आरोपी अरेस्ट हो चुके थे। पुलिस को आरोपी के रणहौला गांव में होने का इनपुट मिला था। यह पहले भी हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के केस में जेल जा चुका है।

## नाट्य रूपांतरण के लिए पुलिस बिभव को सीएम आवास लेकर गई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस आम आदमी पार्टी (आप) सांसद स्वाति मालीवाल पर हमले में कथित रूप से शामिल बिभव कुमार को घटना के नाट्य रूपांतरण के लिए सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर ले गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। केजरीवाल के निजी सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था और यहां की एक अदालत ने उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था। अधिकारी ने कहा कि दिल्ली पुलिस अधिकारियों की एक टीम घटना के नाट्य रूपांतरण के लिए शाम करीब पांच बजकर 45 मिनट पर बिभव को मुख्यमंत्री आवास लेकर गई। मालीवाल ने कुमार पर 13 मई को उनके साथ मुख्यमंत्री आवास में मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## 'घर से वोट' : पश्चिमी दिल्ली सीट पर सबसे अधिक मतदान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी की सात लोकसभा सीट में से पश्चिम दिल्ली में सबसे अधिक मतदाताओं ने 'घर से मतदान' के विकल्प का इस्तेमाल किया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। आंकड़ों के मुताबिक पश्चिम दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में 85 साल से अधिक उम्र के 969 लोगों और 179 दिव्यांगों ने 'घर से मतदान' की सुविधा का इस्तेमाल किया है। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ अपनी तरह की इस पहली योजना का ऐलान किया था।

आयोग ने 'वोट फ्रॉम होम' (घर से मतदान) योजना 85 साल से अधिक उम्र के लोगों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के लिए शुरू करने की घोषणा की थी। आंकड़ों के मुताबिक नयी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में 85 साल से अधिक उम्र के 909 और दिव्यांग श्रेणी के 70 मतदाताओं ने घर से मतदान किया है।

### 24 मई तक सुविधा

दिल्ली के निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने 16 मई से 'घर से मतदान' का विकल्प देना शुरू किया और दोनों श्रेणी के मतदाता इस सुविधा का इस्तेमाल 24 मई तक कर सकेंगे। आंकड़ों के मुताबिक सोमवार को इन दोनों श्रेणी (85 साल से अधिक उम्र और दिव्यांग) के 4,774 मतदाताओं ने घर से मतदान की सुविधा का इस्तेमाल किया। आंकड़ों के मुताबिक चांदनी चौक सीट से 549 मतदाताओं ने, उत्तर पूर्व दिल्ली से 397 मतदाताओं ने, पूर्वी दिल्ली से 801 मतदाताओं ने, उत्तर पश्चिम दिल्ली से 430 ने, दक्षिण दिल्ली से 470 मतदाताओं ने घर से मतदान की सुविधा का इस्तेमाल किया। आयोग के मुताबिक दिल्ली की सात सीट पर घर से मतदान की अर्हता रखने वाले 88.31 प्रतिशत मतदाताओं ने यह विकल्प चुना है। एक विज्ञप्ति के मुताबिक घर से मतदान की सुविधा के लिए चुनाव अधिकारियों की टीम और सुरक्षाकर्मी मतदाता के आवास पर जाते हैं और मत एकत्र करते हैं। मतदाता को पहले ही उसके घर आने की जानकारी दी जाती है और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पूरे प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाती है।

## परिवहन विभाग से उबर को दिल्ली में बस चलाने के लिए मिला लाइसेंस

**नई दिल्ली।** ऐप आधारित ऑनलाइन कैब बुकिंग सेवा देने वाली कंपनी उबर को दिल्ली परिवहन विभाग से सरकार की प्रीमियम बस योजना के तहत राष्ट्रीय राजधानी में बसें संचालित करने के लिए 'एग्रीगेटर' लाइसेंस प्राप्त हुआ है। 'एग्रीगेटर' से आशय कारोबारी मॉडल से है। यह एक नेटवर्क मॉडल होता है जिसके तहत सेवा प्रदाताओं और सेवा लेने वालों को एक मंच पर जोड़ा जाता है। कंपनी ने बयान में कहा कि दिल्ली बस संचालन के लिए लाइसेंस देने वाला पहला राज्य बन गया है। वहीं उबर दिल्ली प्रीमियम बस योजना के तहत लाइसेंस लेने वाली पहली 'एग्रीगेटर' बन गई है।

**गुमशुदा की तलाश**



शुभकामना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **शुभकामना, पत्नीः रणबीर, पताः लीलावती का मकान, म.नं. 34सी, राजू एक्सटेंशन ओल्ड पालम रोड, एमवीडी स्कूल सेक्टर के पास, द्वारका, दिल्ली, स्थायी पता गांव नकारा, पुलिस थाना भोरा, जिला काशगंज, तहसील पटयाली, उ.प्र. जोकि दिनांक 15.05.2024 को लगभग 08:30 बजे से अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 135 A, dated 15.05.2024,** पुलिस थाना, द्वारका नॉर्थ, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा महिला की पहचान दी गई हैः

**नामः शुभकामना, उम्रः 28 वर्ष, कदः 5', रंगः गेहुँआ, शरीरः पतला, चेहराः लंबा, पहनावाः पीला रंग का सूट और पैरों में सामान्य चप्पल।**

अगर किसी को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी मिले कृप्या पुलिस थाना द्वारका नार्थ, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।


वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई-मेलः cic@cbi.gov.in
फोनः 011-24368638 / 24368641, फैक्सः 011-24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना द्वारका नार्थ, दिल्ली
फोनः 011-28031878, 8750871022

DP/5930/DW/2024

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**डी.डी न. 31 दिनांक 17.05.24 धारा 174 CrPC थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक।**



**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे**
**नाम** - नामालूम
**पिता/पति का नाम**- नामालूम
**पता**- नामालूम।
**उम्र**- लगभग 45 वर्ष
**कद**- 5 फुट
**हुलिया**- रंग गोरा, गोल चेहरा, पतला शरीर, काले बाल, काली आंखे।
**पहनावा** - नीले रंग की टी-शर्ट जिस पर कुछ लिखा हुआ है, काले रंग की पंजामी व पैरों में काले रंग के जूते पहने हुए है।

दिनांक 17.05.24 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश ज्यादा शराब पीने के कारण मृत अवस्था में गंदी गली नजदीक पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक के पास खाली पडी दुकाने के सामने मिली है। जिसके परिजनो का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित ईनाम से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक 7082999116, 01262235636
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक-9812525801

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**डी.डी न. 20 दिनांक 17.05.24 धारा 174 CrPC थाना सिविल लाईन जिला रोहतक।**



**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे**
**नाम** - नामालूम
**पिता/पति का नाम** - नामालूम
**पता**- नामालूम।
**उम्र**- लगभग 60 वर्ष
**कद**- 5 फुट
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा, पतला शरीर, काले बाल, काली आंखे, चहरे पर सफेद मुंछ व दाढ़ी।
**पहनावा** - काले रंग की टी-शर्ट, काले रंग की लोवर, नीले रंग का कपडा शरीर पर लपेटे हुए था।

दिनांक 17.05.24 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश ज्यादा बिमार होने पर ERV द्वारा कैलाश कालोनी पार्क से दाखिल PGIMS रोहतक कराया गया था। जिसकी दौराने ईलाज मौत हो गई। जिसके परिजनो का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना सिविल लाईन रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित ईनाम से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सिविल लाईन रोहतक 7082999117, 01262228135
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सिविल लाईन रोहतक-9896333533

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**डी.डी न. 18 दिनांक 18.05.24 धारा 174 CrPC थाना आर्य नगर जिला रोहतक।**



**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे**
**नाम** - नामालूम
**पिता/पति का नाम** - नामालूम
**पता**- नामालूम।
**उम्र**- लगभग 50-55 वर्ष
**कद**- 5 फुट 5 ईंच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बा चेहरा, पतला शरीर, काले बाल, काली आंखे, चहरे पर सफेद मुंछ व दाढ़ी व आँख से काना है।
**पहनावा**- स्लेटी रंग की लाईनदार टी-शर्ट, बदामी रंग का कच्छा पहने हुए था।

दिनांक 18.05.24 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश हुड्डा काम्पलेक्स की पार्किंग में भूख प्यास व ज्यादा गर्मी के मौत होनी बयान हुई है। जिसके परिजनो का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना आर्य नगर रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित ईनाम से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना आर्य नगर रोहतक- 7082999118
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आर्य नगर रोहतक-9416953172

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 91 दिनांक 28.04.24 धारा 363,366ए, 506, 328, 120बी, 377 IPC व 06 पोक्सो अधिनियम थाना सिविल लाईन जिला रोहतक।**



**वांछित अपराधी की पहचान बारे**
**नाम** - राकेश कुमार
**पिता/पति का नाम** - ताराचन्द
**पता** - चिन्नौट कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**- लगभग 24 वर्ष
**कद**- 5 फुट 7 इंच
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा

दिनांक 28.04.24 को वांछित अपराधी राकेश कुमार पुत्र ताराचन्द निवासी चिन्नौट कालोनी रोहतक पर नाबालिक को बहलाफुसलाकर उसके साथ अप्राकृतिक अपराध करने के सम्बन्ध में उपरोक्त अभियोग अंकित हुआ है। थाना सिविल लाईन द्वारा आरोपी को पकडने के काफी बार भरसक प्रयास किए गए। परन्तु अभी तक आरोपी के बारे में कोई सुराग नहीं चल पाया। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को फोटो में दिए गए अपराधी के बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित ईनाम से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सिविल लाईन रोहतक 7082999117, 01262228135
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सिविल लाईन रोहतक-9896333533

पीआरडीएच-1084/11/2367/2025/26342/88/7 दि. 20.05.24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**मौत के बाद 3 अहम फैसले**



**1** उपराष्ट्रपति मुखबेर अंतरिम राष्ट्रपति बने

**2** ईरान में 5 और भारत में एक दिन का शोक

**3** सभी सांस्कृतिक आयोजनों पर 7 दिन तक रोक



रविवार शाम करीब 7 बजे लापता हो गया था हेलिकॉप्टर

बड़ा हादसा : अजरबैजान की सीमा के पास पहाड़ियों में क्रैश हुआ हेलिकॉप्टर

# ईरानी राष्ट्रपति रईसी व विदेश मंत्री समेत नौ लोग मारे गए

मध्य पूर्व एशिया के शिया बहुल देश ईरान ने अपने दो नेताओं को उस समय खोया है, जब इजराइल के साथ उसके रिश्ते टकराव की सीमा तक बिगड़ गए हैं। वहीं अमेरिका-ईरान के संबंधों में भी तनाव है

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी (63 ) और विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन का हेलिकॉप्टर क्रैश में निधन हो गया है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी ने सोमवार सुबह यह जानकारी दी। अजरबैजान से लौटते समय उनका हेलिकॉप्टर रविवार शाम करीब 7 बजे लापता हो गया था। हादसे में हेलिकॉप्टर सवार सभी 9 लोग मारे गए। ईरानी स्टेट मीडिया ▶▶ शेष पेज 7 पर

**पीएम मोदी ने ईरान के लोगों के प्रति जताई संवेदनाएं**





अंतरिम राष्ट्रपति मोहम्मद मुखबेर

**2021 में ईरान के उपराष्ट्रपति बने थे मुखबेर, अब संभालेंगे राष्ट्रपति पद**

राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत के बाद डिप्टी प्रेसीडेंट मोहम्मद मुखबेर (68) को अंतरिम राष्ट्रपति बनाया गया है। मुखबेर 2021 में इब्राहिम रईसी के पद संभालने के बाद उपराष्ट्रपति चुने गए थे। उन्हें पूर्व राष्ट्रपति रईसी का बेहद करीबी माना जाता है। इसी कारण ▶▶ शेष पेज 7 पर



## पीएम मोदी बोले
## मुश्किल घड़ी में भारत ईरान के साथ



ईरान के राष्ट्रपति रईसी की मौत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि रईसी की अचानक मौत से स्तब्ध हूं। उन्होंने भारत-ईरान के द्विपक्षीय रिश्तों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। उनके परिवार और ईरान के लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। भारत इस मुश्किल घड़ी में ईरान के साथ खड़ा है। वहीं, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी रईसी की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि मैंने जनवरी में ही उनके मुलाकात की थी। हादसे की खबर से बेहद दुखी हूं। मैं शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### कवर्धा: 30 फीट खाई में गिरा वाहन, 19 की मौत



**कबीरधाम।** छग के कबीरधाम जिले के पंडरिया ब्लॉक तहत कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम बाहपनी में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे पिकअप वाहन 30 फीट गहरी खाई में गिर गया। जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई। पिकअप में करीब 25 से अधिक लोग सवार थे। लोग ग्राम सेमहारा (कुई) के रहने वाले हैं, जो कि तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे।

### एचडी रेवन्ना को यौन उत्पीड़न मामले में जमानत



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के बहुचर्चित यौन उत्पीड़न मामले में सोमवार को एक स्पेशल कोर्ट ने राज्य के पूर्व मंत्री और जेडीएस नेता एचडी रेवन्ना को जमानत दे दी। एचडी रेवन्ना और उनके सांसद बेटे प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज हुआ है। इस मामले की जांच की जा रही है।

### मिजोरम में सीडीएफ सदस्य गिरफ्तार



**आइजोल।** दक्षिण मिजोरम के सियाहा जिले में म्यांमा के चिनलैंड डिफेंस फोर्स (सीडीएफ) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति को नाके पर रोका गया। बाइक के साथ 12 गेज शॉटगन के 170 कारतूस, 14 रेडियो सेट और कुछ सामरिक सामाग्री जब्त की।

नई मुसीबत : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गृह मंत्रालय को सौंपी विदेशी फंडिंग से जुड़ी रिपोर्ट

# अमेरिका, कनाडा और अरब देशों से 'आप' को मिली बड़ी 'अवैध फंडिंग'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के शराब नीति घोटाला मामले में फंसी आम आदमी पार्टी (आप) की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले से ही कोर्ट में चल रहे मामले के बीच अब ईडी ने आम आदमी पार्टी के विदेश फंड को लेकर बड़ा खुलासा किया है। जानकारी के मुताबित ईडी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को बताया है कि आप को 2014-2022 के दौरान 7.08 करोड़ रुपए का विदेशी फंड प्राप्त हुआ है। जांच एजेंसी ने पार्टी पर इस विदेश फंड को हासिल करने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए), और विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इस फंड को हासिल करने के लिए विदेशी दानदाताओं की पहचान और राष्ट्रीयता के साथ-साथ कई अन्य तथ्यों को छिपाने जैसे आरोप ईडी ने अपनी रिपोर्ट में लगाए हैं।

**रिपोर्ट में** बताया गया है कि आम आदमी पार्टी को संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान और अन्य देशों के कई दानदाताओं से करोड़ों का धन प्राप्त हुआ

इस फंड को हासिल करने के लिए विदेशी दानदाताओं की पहचान और राष्ट्रीयता के साथ-साथ कई अन्य तथ्यों को छिपाने जैसे आरोप ईडी ने अपनी रिपोर्ट में लगाए हैं।

फंड ट्रांसफर करने के लिए विभिन्न दानदाताओं द्वारा एक ही पासपोर्ट नंबर, क्रेडिट कार्ड, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया





**अन्य देशों से भी धन प्राप्त हुआ**

ईडी ने बताया कि आम आदमी पार्टी को संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान और अन्य देशों के कई दानदाताओं से धन प्राप्त हुआ। फंड ट्रांसफर करने के लिए विभिन्न दानदाताओं द्वारा एक ही पासपोर्ट नंबर, क्रेडिट कार्ड, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया है।

***अनियमितताओं के कई मामलों का जिक्र***

*ईडी ने अपनी जांच में आप और उसके नेताओं द्वारा विदेशी फंड जुटाने में अनियमितताओं के कई मामलों का जिक्र किया है। इसमें पार्टी विधायक दुर्गेश पाठक सहित कई नेताओं पर 2016 में कनाडा में फंड रेजिंग प्रोग्राम से जुटाए गए पैसे का व्यक्तिगत लाभ के लिए दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। साथ ही अनिकेत सक्सेना (आप ओवरसीज इंडिया के कॉर्डिनेटर), कुमार विश्वास (आप ओवरसीज इंडिया के तत्कालीन संयोजक, कपिल भारद्वाज (आप सदस्य) और पाठक सहित विभिन्न आप स्वयंसेवकों और पदाधिकारियों के बीच भेजे किए गए ई-मेल की सामग्री के जरिए आरोपों की पुष्टि की है।*

### ये ईडी की कार्रवाई नहीं, भाजपा की कार्रवाई है...



**विदेशी फंडिंग के आरोपों पर आप का जवाब**

अमेरिका, कनाडा और अरब देशों से मिली करोड़ों की अवैध फंडिंग पर आम आदमी पार्टी ने पलटवार किया है। आप ने ईडी की कार्रवाई को भाजपा की कार्रवाई बताया है। आप नेता आतिशी ने कहा कि ये कई साल पुराना मामला है, जिस पर सारे जवाब ईडी, सीबीआई, गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग को दिये जा चुके हैं। आतिशी ने कहा कि ये फिर से मोदी जी की ओर से आप को बदनाम करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि हर चुनाव से पहले भाजपा ये सब करती है। अगले 4 दिन में कई ऐसे गलत आरोप लगाए जाएंगे। आतिशी ने कहा कि मोदी जी सीएम केजरीवाल जी से डरे हुए हैं।

ड्रग्स-कैश से लेकर इन तमाम चीजों पर लिया एक्शन

# चुनाव आयोग ने अब तक जब्त किए 8889 करोड़!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवे चरण की वोटिंग सोमवार को हुई। इस बीच चुनाव आयोग इलेक्शन के दौरान वोटरों को लुभाने के लिए होने वाले धनबल को रोकने के लिए सख्ती से निपट रहा है। इसी कड़ी में चुनाव आयोग ने आम चुनाव के दौरान अवैध धन, नशीले पदार्थों को जब्त करने का रिकॉर्ड बनाया है। आयोग ने बताया के अब तक चुनाव के समय जब्त की गई चीजों का आंकड़ा 8889 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जिसमें 45% जब्ती दवाओं की है। दरअसल, धनबल के खिलाफ चुनाव आयोग की कार्रवाई में 8889 करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं। जिसमें चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव के समय जब्ती का आंकड़ा जल्द ही 9,000 करोड़ रुपये को पार कर जाएगा। गौरतलब है कि 45 फीसदी जब्ती ड्रग्स और नशीले पदार्थों की है। जिन पर आयोग का विशेष ध्यान है।

**ईसीआई करता रहेगा ऐसी कार्रवाई**

चुनाव आयोग ने बताया कि लोकसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान के बाद से यानी पांचवे चरण का मतदान शुरू होने से पहले ही 8889 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। गौरतलब है कि ये रकम 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान हुई कुल जब्ती से भी काफी ज्यादा हैं। आयोग के मुताबिक, स्थानीय लोग, आयकर, आयकर खुफिया निगरानी विभाग, कस्टम, आबकारी, लोकल पुलिस, पैरामिलेट्री फोर्स के अधिकारियों के सतर्क और तालमेल से ही चुनाव आयोग आगे भी ऐसी ही कार्रवाई सख्ती के साथ करता रहेगा।

**जब्त की गई चीजों में 45% नशीली दवाएं**

चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने लोकसभा चुनावों के प्रलोभन देने वालों पर सख्त से सख्त एक्शन ले रहा है। इस दौरान चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव अवैध धन, नशीले पदार्थ, फ्री बीज और बेशकीमती धातुओं को जब्त करने का रिकॉर्ड जब्ती की है। चुनाव आयोग ने इलेक्शन में काले धन और धनबल के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए आज 8889 करोड़ रुपए किए, जिसमें 45% जब्ती में नशीली दवाओं की मात्रा शामिल है।

**पर्ची से करोड़ों का हो रहा भुगतान, बदले में ले रहे 3 प्रतिशत ब्याज**

## 500-500 के नोटों का बिस्तर जूते के डिब्बों-थैलों में गड्डियां

एजेंसी ▶▶ आगरा

उत्तर प्रदेश के आगरा में जूता कारोबारियों के ठिकानों पर इनकम टैक्स की छापेमारी तीन दिनों तक चली। कारोबारियों ने बेड-गद्दों, जूतों के डिब्बों में कैश छिपाकर रखा था। आईटी की रेड में कुल 53 करोड़ रुपए कैश जब्त किए गए हैं।

इस कारोबार में नोट की जगह पर्ची से बड़ा लेनदेन होता है। इसमें बड़े कारोबारी मामूली कमीशन काटकर पर्ची से करोड़ों रुपए का नकद भुगतान कर देते हैं। ट्रेडर्स और बड़े कारोबारी छोटे कारोबारियों को तुरंत भुगतान की बजाय पर्ची बनाकर दे देते हैं, इस पर तारीख और अवधि लिखी होती है। नीयत तारीख पर पर्ची देने वाले बड़े कारोबारी से छोटे कारोबारी भुगतान प्राप्त कर लेते हैं।



यह पूरा काम नंबर दो में चलता है। इससे एक तरफ व्यापार में नकदी नहीं दिखाई देती है तो दूसरी ओर बड़े पैमाने पर टैक्स में भी हेराफेरी हो जाती है। पर्ची को भुनाने के बदले तीन प्रतिशत तक का ब्याज लिया जाता है।

**भंवर जितेंद्र सिंह का दावा**

## चुनाव में दिखा अंडर करंट आएंगे चौंकाने वाले नतीजे



■ विपरीत हालात में कांग्रेस ने लड़ा मजबूती से चुनाव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी के प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा है कि चुनाव में भाजपा ने सरकारी तंत्र का खूब दुरूपयोग किया, पूरा प्रशासन चुनाव में झौंक दिया, बावजूद इसके जनता के बीच अंडर करंट है और परिणाम चौंकाने वाले आएंगे। सिंह कांग्रेस की एक बैठक में हिस्सा लेने भोपाल आए ▶▶ शेष पेज 7 पर

**किर्गिस्तान में फंसे उज्जैन के 8 छात्र**

## भारतीय मूल के युवाओं से हॉस्टल में घुसकर की जा रही मारपीट



■ वीडियो कॉल कर परिजनों को बताई आपबीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

किर्गिस्तान में भारतीय मूल के युवाओं से हॉस्टल में घुसकर मारपीट की जा रही है। उनका कमरे से बाहर निकलना दुश्वार हो गया है। छात्रों का कहना है इसमें कुछ छात्रों की मौत भी हो चुकी है। अब इनके परिजनों ने भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है। अभिभावकों का कहना है कि कैसे भी हो, हमारे ▶▶ शेष पेज 7 पर

**चौथी मंजिल से गिरा बच्चा तो बच गया**

## लेकिन, ऑनलाइन ट्रोल हुई मां ने कर ली 'आत्महत्या'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



घटना के बाद से महिला अवसादग्रस्त थी

ट्रोलिंग के क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं इसका एक बड़ा उदाहरण सामने आया है। चेन्नई में चौथी मंजिल से गिरकर एक बच्चा शेड पर लटक गया था। जिसे बाद में काफी मशक्कत के बाद बचाया गया लेकिन इसके लिए उसकी मां को लापरवाह बताकर ऑनलाइन काफी ट्रोल किया गया। अब महिला ने ट्रोल से परेशान होने के बाद कोयंबटूर में अपने मायके जाकर आत्महत्या कर ली। कोयंबटूर के करमादाई पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कि उसके परिवार ने जांचकर्ताओं को बताया कि घटना के बाद से महिला अवसादग्रस्त थी। दरअसल, एक पड़ोसी ने वीडियो क्लिप डाली थी जिसमें दिखाया गया था कि कैसे निवासियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर आठ महीने के बच्चे को बचाया, जो 28 अप्रैल को अपनी मां की गोद से फिसलकर दूसरी मंजिल पर टीन शेड पर गिर गया था। ▶▶ शेष पेज 7 पर

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली के सीएम केजरीवाल पर कसा तंज**

जनता बहुत अच्छे से आप पार्टी को जानती है, 'आप' पार्टी झूठ के पहाड़ पर खड़ी है

## पहले बहन-बेटियों को पिटवाते हैं, फिर पीए को बचाने का 'नाटक' भी करते हैं

### अपने पापों को छिपा रही है आप...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि जो जमानत पर आए हैं, उनको क्या गिरफ्तार करोगे? उन्हें मालूम है कि दो-चार दिन के बाद कहां जाना है।

कौन डर गया है, जमानत पर कौन आया है, यह केजरीवाल खुद जानते हैं। जमानत निरस्त कराएं, अभी अंदर चले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहन-बेटियों को पिटवाते हैं, पीए को बचाने का नाटक करते हैं। यही इनका चरित्र है। ऐसे व्यक्ति व आप पार्टी को जनता अब बहुत अच्छे से जान गई है। आप पार्टी ▶▶ शेष पेज 7 पर



यादव ने कहा कि अपने पाप को छिपाने के लिए जनता बहुत अच्छे से आप पार्टी को जान गई है। जो झूठों के पहाड़ पर खड़ी है। डॉ. यादव ने कहा कि जिसने झूठ के आधार पर कहा था कि हम राजनीतिक दल नहीं बनाएंगे, राजनीतिक दल बनाया। उन्होंने कहा कि मकान नहीं लेंगे, मकान लिया। सुरक्षा नहीं लेंगे, सुरक्षा ली। कोई गलत काम नहीं करेंगे, सबसे पहले शराब के घोटाले में बंद हुए और इनके चार-चार मंत्री भी शामिल हैं।

***इस तरह के सीएम के व्यवहार को कौन बर्दाश्त करेगा?***

*सीएम ने कहा कि महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार में इस ढंग का प्रदर्शन करके आप क्या चाह रहे हो? आप बहन-बेटी का अपमान कर रहे हो, ये गलत बात है। कांग्रेस और आप पार्टी सब मिलकर गठबंधन करती है। इस ढंग के हालात पैदा करती है कि पहले घर के अंदर आईएएस अधिकारी (चीफ सेक्रेटरी) को मारते हैं, और अब बहन को पिटवाते हैं। अपने पीए को बचाने के लिए नाटक करते हैं। बहन के अपमान के लिए केजरीवाल माफी नहीं मांगते, एक बार भी नहीं बोलते कि स्वाति मालीवाल के साथ ये घटना नहीं होनी चाहिए थी। अपने प्रदेश के मुख्यमंत्री हो, इस ढंग की व्यवहार आप करोगे तो कौन बर्दाश्त करेगा?*

## खबर संक्षेप

### नाबालिग को किया परिजनों के हवाले



**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह के निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए थाना सूरजकुंड प्रभारी समशेर की टीम पुलिस चौकी ने घर से लापता नाबालिग को तलाश कर परिजनों के हवाले किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नाबालिग घर से बिना बताए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने नाबालिग को दतिया मध्यप्रदेश में होने का पता लगाया। जहां से पुलिस उसे फरीदाबाद लेकर आई ।

### हेरोइन तस्करी सिंडिकेट का एक सदस्य गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर प्रभारी जितेन्द्र कुमार की टीम ने नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अपराध शाखा टीम अपराध शाखा टीम एएसआई राजेश, मुख्य सिपाही कुलदीप व संदीप ने दिल्ली सरिता विहार से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने आरोपी दिव्यांशु, शिवम और सोहेल हेरोइन बेचने के लिए रखा था। जिन को अपराध शाखा ने पूर्व में दीपाली कॉलोनी पल्ला के पास से काबू किया।

### शराब तस्करी करने के आरोपी से 25 पेटी बरामद



**फरीदाबाद।** लोकसभा चुनाव में शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के दिशा निर्देश के तहत क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी पंकज कुमार की टीम ने शराब तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम सौरभ है । क्राइम ब्रांच की टीम ने होंडा सिटी गाड़ी में शराब तस्करी करते सारण चौक से काबू किया था। आरोपी की गाड़ी से 25 पेटी अवैध शराब बरामद हुई जिसमें 16 पेटी देशी शराब मस्ताना तथा 9 पेटी बीयर की शामिल थी।

---

### लघु सचिवालय परिसर में बनाया गया है विशेष मतदान केंद्र

# फार्म 12 डी जमा करने वाले कर्मचारियों के लिए 21 मई के बाद भी जारी रह सकती है मतदान प्रक्रिया

> जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि फार्म 12 डी जमा करने वाले कर्मचारियों के लिए मतदान प्रक्रिया 21 मई है, लेकिन आगे जरूरत पड़ने पर तारीख बढ़ाई भी जा सकती है।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। फरीदाबाद**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि आवश्यक सरकारी सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों के लिए लघु सचिवालय परिसर के प्रथम तल पर कमरा नंबर 10 में विशेष मतदान केंद्र बनाया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि फार्म 12 डी जमा करने वाले कर्मचारियों के लिए मतदान प्रक्रिया 21 मई तक जारी रहेगी। जरूरत पडऩे पर मतदान के लिए तारीख बढ़ाई भी जा सकती है। लघु सचिवालय परिसर में बनाए गए विशेष मतदान केंद्र पर आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों के लिए बैलेट पेपर से वोटिंग की प्रक्रिया आरंभ की गई थी। इस बूथ पर फार्म 12 डी जमा करवाने वाले कर्मचारियों के पोस्टल बैलेट पेपर से वोट डलवाए जाएंगे।



### कर्मचारी 25 मई को मतदान के दौरान अपनी ड्यूटी पर रहेंगे

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि लघु सचिवालय के कमरा नंबर 10 में आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों के लिए मतदान की प्रक्रिया आरंभ की गई। यहां इन कर्मचारियों के लिए विशेष पोलिंग बूथ बनाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सहित आवश्यक सेवाओं वाले विभागों में काम करने वाले ऐसे कर्मचारी जो मतदान के दौरान 25 मई को अपनी ड्यूटी पर रहेंगे और वोट डालने के लिए बूथ पर नहीं जा सकते, उनको मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए फार्म 12 डी भरवाया गया था। फरीदाबाद जिला के 27 कर्मचारियों ने यह फार्म जमा करवा कर पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान करने की सहमति प्रदान की है।

### 27 लोगों ने फार्म 12 डी किया जमा

जिला निर्वाचन कार्यालय से के अनुसार इस मतदान केंद्र के लिए 27 लोगों ने फार्म 12 डी जमा करवाया है। इनमें फरीदाबाद लोकसभा से 6, गुरुग्राम लोकसभा से 6, रोहतक लोकसभा से 5, हिसार लोकसभा से 4, भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा से 2 और सोनीपत, अम्बाला, करनाल व सिरसा लोकसभा से एक- एक मतदाता फार्म 12 डी जमा करने वाले कर्मचारी या अधिकारी यहां आकर पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान करेंगे।

---

### मतगणना की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी की बैठक

# जिले से बाहर के व्यक्ति को एजेंट बनाने के लिए कराना होगा पुलिस वेरिफिकेशन

> जिलाधिकारी ने इन्द्र विक्रम सिंह कलेक्ट्रेट में लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारियों को लेकर प्रत्याशियों/प्रत्याशी प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने प्रत्येक चरण होने वाले कार्यों और पूरी कार्यशैली से भी उन्हें अवगत कराया और एजेंट वेरिफिकेशन की बात भी कही।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। गाजियाबाद**

निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी ने इन्द्र विक्रम सिंह कलेक्ट्रेट में लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारियों को लेकर प्रत्याशियों/प्रत्याशी प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने प्रत्येक चरण होने वाले कार्यों और पूरी कार्यशैली से भी उन्हें अवगत कराया । सिंह ने बताया कि गाजियाबाद लोकसभा में सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारम्भ हो जाएगी। इसके लिए जरूरी है कि सभी प्रत्याशी या उनके एजेंट सुबह 6 बजे ही मतगणना स्थल पर पहुंच जाए, जिससे उनकी मौजूदगी में स्ट्रांगरूम के ताले खोले जा सके और काम पारदर्शितापूर्ण शुरुआत की जा सके।

उन्होंने प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों को प्रारूप 18 उपलब्ध कराए और बताया कि प्रत्येक विधान सभा के लिए 15 ऐजेंट नामित किया जा सकेगा और यदि एजेन्ट जिला से बाहर का हो तो उसकी पुलिस वेरिफिकेशन भी करवाना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईवीएम के मतों की गिनती विधानसभावार होगी। जिसमें लोनी 53 में 530 मतदान स्थलों के 6 स्ट्रांगरूम जिनकी गणना के लिए 1 मतगणना हॉल व उसमें 14+1 टेबल लगाई जाएगी। जिनकी गणना 38 चक्रों में होगी। मुरादनगर 54 में 515 मतदान स्थलों के 12 स्ट्रांग रूम जिनकी गणना के लिए 1 मतगणना हॉल व उसमें 14+1 टेबिल लगाई जाएगी, जिनकी गणना 37 चक्रों में होगी। साहिबाबाद 55 में 1127 मतदान स्थलों के 11 स्ट्रांगरूम हैं ,जिनकी गणना के लिए 2 मतगणना हॉल व उसमें 14+1 व 14+1 टेबिल लगाई जाएगी, जिनकी गणना 41 चक्रों में होगी। उन्होंने अपील की कि मतगणना स्वच्छ, पारदर्शिता, निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से संपन्न हो।



**सुबह आठ बजे कड़े सुरक्षा बन्दोबस्त के बीच शुरू होगी मतगणना, एजेंटों को पहुंचना होगा सुबह छह बजे**

इसी तरह गाजियाबाद 56 में 506 मतदान स्थलों के 11 स्ट्रांग रूम जिनकी गणना के लिए 1 मतगणना हॉल व उसमें 14+1 टेबिल लगाई जाएगी, जिनकी गणना 37 चक्रों में होगी। मोदीनगर 57 में 387 मतदान स्थलों के 5 स्ट्रांग रूम जिनकी गणना के लिए 1 मतगणना हॉल व उसमें 14+1 टेबल, जिनकी गणना 28 चक्रों में होगी। इसके साथ ही पोस्टल बैलेट तथा ईटीपीबीएस की मतगणना हॉल संख्या 7 में होगी, उक्त हॉल में ईटीपीबीएस की प्री काउंटिंग स्कैनिंग के लिए 7 टेबिल व मतगणना लिए 7 टेबल लगाई जाएगी। इनके लिए भी प्रत्याशी अपने मतगणना एजेंट नामित करेंगे। इसके साथ ही प्रत्याशी अपने एजेन्टों के खानपान के लिए अलग से एजेंट नामित करेंगे और मतगणना स्थल तक भोजन पहुंचाने के लिए एक वाहन के लिए वाहन पास का आवेदन कर सकते हैं। बैठक में गाजियाबाद, बागपत के लोकसभा प्रत्याशियों, प्रतिनिधियों सहित एडीएम प्रशासन आदि उपस्थित रहें।

---

# आने वाले पांच सालों में मेवात के नागरिक रेल का सफर कर सकेंगे : राव इंद्रजीत

- नूंह से फिरोजपुर झिरका फोरलेन के डीपीआर हुई तैयार जल्द होगा काम शुरू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नूंह/गुरुग्राम**

गुड़गांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मेवात में अब रेल की सीटी बजकर रहेगी। सरकार ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। योजना का खाका तैयार हो रहा है। आने वाले पांच सालों में मेवात के नागरिक रेल का सफर कर सकेंगे। साथ ही नूंह से फिरोजपुर झिरका फोरलेन की डीपीआर भी तैयार हो गई है। इस पर भी जल्द काम शुरू हो जाएगा। राव सोमवार को फिरोजपुर झिरका विधानसभा के गांव गोपालपुर, चांदड़ाका, मऊ रनियाला, भाकड़ोजी, अगोन, साकरस, नगीना, मरोड़ा, उमरा गांवों में अपनी चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उनके प्रयासों से सरकार ने मेवात में रेल लाने के लिए बजट का प्रावधान कर खाता खोल दिया गया है। शुरुआती तौर पर एक करोड़ रुपये खाते में डाले गए है। तावडू व सोहना के साथ मेवात के आधे हिस्से को पैसेंजर ट्रेन से जोड़ने के लिए ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर से जोड़ने की योजना का काम चल रहा है इसे जल्दी पूरा किया जाएगा।



**गुरुग्राम।** संबोधित करते गुड़गांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह।

---

# देश भर में 36.34 करोड़ की साइबर ठगी करने वाले 14 आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान की अगुवाई में साइबर क्राइम थानों की पुलिस टीमों ने देश भर में 36.34 करोड़ की साइबर ठगी करने वाले 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी फेडेक्स फ्रॉड में अधिकारी बनकर लोगों को डराकर, दबाव बनाते व जानकार बनकर पैसे ट्रांसफर करवाने जैसी धोखाधड़ी कर ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे। आरोपियों के कब्जा से पुलिस ने 22 लाख 32 हजार रुपए, 12 मोबाइल व 6 सिम बरामद किए हैं।

आरोपियों में रिजवान अहमद, जमाल अख्तर व शिवम कश्यप को साइबर क्राइम ईस्ट में तैनात जांच अधिकारी एसआई ओमकार ने साइबर क्राइम ईस्ट एरिया से गिरफ्तार किया। वहीं साइबर क्राइम मानेसर पुलिस के पीएसआई चेतन ने पुणे के अमोल भीमराव जगताप को मानेसर एरिया से । साइबर क्राइम मानेसर पुलिस में तैनात जांच अधिकारी मनीष की टीम ने आशुतोष उर्फ रोहित, मोहित, महावीर जाट, जयंत सैनी, लोकेश सैनी, मनीष चौहान, रविंद्र उर्फ रवि चौधरी संजय चौहान व सुरेंद्र उर्फ सचिन को मानेसर एरिया से गिरफ्तार किया।

---

# भाजपा की गरीब विरोधी नीतियों से जनता त्रस्त : महेन्द्र प्रताप सिंह

- पूर्व मंत्री करण दलाल खुलकर उतरे कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में, एक दर्जन से अधिक चुनावी सभाओं में मांगा समर्थन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। फरीदाबाद**



हरियाणा के पूर्व केबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता करण सिंह दलाल अब पूरी तरह से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह के चुनाव प्रचार में जुट गए हैं।

आज उन्होंने महेन्द्र प्रताप सिंह के साथ पलवल विधानसभा क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक चुनावी सभाओं को संबोधित कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने अपने प्रचार अभियान की शुरूआत कुलैना गांव से की उसके बाद बागपुर, सोलडा, चांदहट, घोडी, सिहौल, रसूलपुर, बडौली, रूंधी के अलावा पलवल के शहरी क्षेत्र कैंप कॉलानी चौक, मोहन नगर व राजीव नगर में आयोजित सभाओं में लोगों द्वारा उनका पगडी बांधकर जहां गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया गया वहीं दोनों हाथ उठाकर अपने खुले समर्थन का ऐलान किया गया। चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस के लोकसभा के प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज किसान, कमेरे, महिलाए कर्मचारी हर सहित वर्ग अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है। भाजपा की गरीब विरोधी नीतियों के चलते जहां बेराजगारी बढ़ रही है वहीं घपले.घोटालों का राज चल रहा है। सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं है और पोर्टल व फैमिली आईडी के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है। वहीं विकास के नाम पर कुछ दिखाई नहीं देता और विकास के नाम पर सिर्फ घोटाले ही हो रहे है।

---

# दखल अंदाजी करने पर प्रेमी की हत्या करने वाली महिला गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुरुग्राम**



सदर थाना में तवा मारकर प्रेमी की हत्या करने की आरोपित महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रेमी द्वारा महिला की जिंदगी में ज्यादा दखल अंदाजी करने के चलते वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस मामले में जांच कर रही है। दरअसल, विक्की गांव टिकरी स्थित एक कॉलोनी में किराए पर रहता था। विक्की के कमरा खुला होने पर वहां से गुजर रही महिला ने आवाज दी। लेकिन जब कोई नहीं आया तो महिला अंदर गई तो उसने विक्की का खून से लथपथ शव पड़ा देखा। जिस पर पुलिस को सूचना दी गई।

विक्की के भाई ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि विक्की करीब आठ साल से गुरुग्राम में एक युवती के साथ रह रहा था। मृतक के भाई की शिकायत पर सदर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया । सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अर्जुन देव की टीम ने हत्या को अंजाम देने वाली महिला को गांव घाटा से काबू कर लिया। जिसकी पहचान 34 वर्षीय नीतू उर्फ निशा के रूप में हुई। महिला ने बताया कि वह विक्की के साथ 5-6 साल से रिलेशनशिप में थी। वह विक्की से अपना पीछा छुड़ाना चाहती थी। बीती रात को नीतू व नीतू के भाई ने विक्की के साथ उसके कमरे में शराब पी। इसी दौरान विक्की ने नीतू के परिवार के बारे में गालियां दी तो नीतू के भाई व विक्की के बीच हाथापाई हुई। नीतू ने घर में रखे तवे से विक्की के गले व सिर पर वार किए जिसके कारण विक्की की मृत्यु हो गई।

---

### प्रतिनिधिमंडल ने एक्सईएन से की शिकायत

# बिजली आपूर्ति ध्वस्त होने से रातभर जागते रहे लोग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। फरीदाबाद**

सेक्टर 3 में बिजली आपूर्ति ध्वस्त होने से नागरिक रात भर जागने पर मजबूर हो रहे हैं। सेक्टर में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रांसफार्मर व लाइनों की मेंटीनेंस न होने से लगातार ट्रांसफार्मर के फ्यूज उडऩे व तार टूटने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। ध्वस्त हो चुकी बिजली व्यवस्था की शिकायत को लेकर सोमवार को रेजिडेंट वेलफेयर फेडरेशन के प्रधान सुभाष लांबा के नेतृत्व एक प्रतिनिधिमंडल ने बल्लभगढ़ डिवीजन के एक्सईएन संजीव कुमार मंगला से मुलाकात की और बिजली की शिकायतों का ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने एक्सईएन को बताया की करीब एक महीने पहले 8.10 खराब पड़े ट्रांसफार्मर की जगह नए ट्रांसफार्मर लगाए गए थे, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण इन पर लोड ही नहीं डाला गया। जिसके कारण ओवरलोड ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ रहे हैं और कमजोर मेंटिनेंस के कारण तार टूट रहे हैं। नागरिक रात जाग कर काट रहे हैं। एक्सईएन संजीव मंगला ने तुरंत सिटी सब डिवीजन सेक्टर तीन के एसडीओ व जेई को बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने व नए ट्रांसफार्मर पर लोड डालने के निर्देश दिए। प्रतिनिधिमंडल में फेडरेशन के प्रधान सुभाष लांबा, सचिव रतनलाल राणा, उप प्रधान प्रधान राजेंद्र सिंह भाटी व रामनिवास शर्मा आदि पदाधिकारी शामिल थे।



फेडरेशन ने चेतावनी दी कि अगर 24 घंटे में बिजली आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो सेक्टर तीन के नागरिक एसडीओ कार्यालय पर प्रदर्शन करने पर मजबूर होगी।

---

### पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया

# चाकू से हमला कर हत्या करने वाला काबू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। फरीदाबाद**

पुलिस चौकी सेक्टर 8 प्रभारी मनोज कुमार की टीम ने हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।



पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपों का नाम रूपेश कुमार है जो बिहार के मुंगेर एरिया का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद में पटेल नगर झुग्गी में किराए पर रहता था। 17 मई को सेक्टर-8 थाने में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने 15-16 मई की रात अपने पड़ोस में ही रहने वाले सूरज नाम के व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

पुलिस को दी गई शिकायत में मृतक के भाई ने बताया कि उसे अपने भाई की मृत्यु की सूचना मिली और उसके चाचा के लड़के ने बताया कि रूपेश और एक अन्य आरोपी बिट्टू ने इस वारदात को अंजाम दिया है। मृतक के परिजन बिहार से आए और 17 मई को उनकी शिकायत के आधार पर थाने में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी रूपेश को वाईएमसीए के पास से गिरफ्तार कर लिया जो बिहार भागने की फिराक में था।

आरोपी को अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया जिसमें सामने आया कि मृतक तथा हत्यारोपी दोनों की उम्र करीब 22 वर्ष है। आरोपी एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था जिसकी करीब 15 दिन पहले किसी बात को लेकर सूरज के साथ कहासुनी हो गई थी और इसी के चलते उसने चाकू से हमला करके सूरज की हत्या कर दी।

---

### तमंचा बरामद कराने गए दरोगा के हाथ में लगी गोली

# आरोपी ने पुलिस पर किया कातिलाना हमला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। गाजियाबाद**

थाना मधुबन बापूधाम पुलिस ने हिरासत में पुलिस पर गोली चलाने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि हत्या के प्रयास के मामले के आरोपी को पुलिस हिरासत में लेकर घटना में प्रयुक्त तमंचे को बरामद करने गई। तभी बदमाश ने पुलिस पर गोली चलाई। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि निखिल उर्फ काले निवासी शाहपुर को पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में गिरफ्तार किया था। पूछताछ व बाउम्मीदगी घटना में प्रयुक्त अवैध शस्त्र की बरामदगी के लिए आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में बताए स्थान पर ले जाया गया था।

### दरोगा गौरव को तत्काल अस्पताल ले जाया गया



आरोपी ने गाड़ी रुकवाने को कहा। इसके बाद उसने गाड़ी रुकवाकर उतरकर आगे-आगे चलकर खाली पड़े खंडहर के अंदर कबाड़ में से तमंचा निकालकर अचानक ही दाहिने हाथ में तमंचे को लेकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए भागने का प्रयास करने लगा। फायर से दरोगा गौरव के बांये हाथ से गोली छूती हुई निकल गयी। जिससे गौरव घायल हो गए। जवाबी फायरिंग में अभियुक्त को पुलिस टीम द्वारा घायल, गिरफ्तार किया गया। घायल बदमाश व दरोगा गौरव को तत्काल उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है । उसके कब्जे से 1 तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं।

---

### लूट की फिराक में घूम रहे 2 को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-56 प्रभारी शीशपाल की टीम ने लूट की फिराक में घूम रहे 2 आरोपियों को देसी कट्टा व जिंदा रोंद और लोहे की रोड सहित पिकअप गाडी में 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में शुभम और संजय का नाम शामिल है।

**सूचना**

हम, बिजेन्द्र सिंह पुत्र श्री बट्टु सिंह एवं श्रीमती धनवन्ति उर्फ संगीता पत्नी बिजेन्द्र सिंह निवासी मकान नं. MCF-61, Ariya Nagar, Near DAV Public School, Ballabgarh, Faridabad, Haryana-121004, हाल निवासी आर्दश नगर, गली नं.-1, बहादुरगढ़ जिला झज्जर बयान करते हैं कि हमारा पुत्र अनुराग सोरोत व पुत्रवधु तमन्ना हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### पीओके भारत का है, रहेगा और हम उसे लेकर रहेंगे

# मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का मतलब है भारत के अर्थतंत्र को दुनिया में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाना : शाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है भारत के अर्थतंत्र को दुनिया में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाना है। यह बात सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी के समर्थन में संगम विहार में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कही। जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि चुनाव के चार चरण के चुनाव हो चुके हैं और इसमें से 270 से अधिक सीटों पर भाजपा जीत का परचम लहराने वाली है और पांचवा, छठा और सातवां चरण पीएम मोदी को 400 पार कराएगा। इंडिया गठबंधन के नेता पूरे देश को डरा रहे हैं और कहते हैं कि पीओके की बात मत करो, पाकिस्तान का सम्मान करो, क्योंकि उसके पास एटम बम है। अरे राहुल बाबा हम तो भाजपा के जमात हैं, हम एटम बम से नहीं डरते हैं। पीओके भारत का है, रहेगा और हम उसे लेकर रहेंगे। कांग्रेस कहते हैं कि दिल्ली और राजस्थान का कश्मीर से क्या लेना देना, लेकिन उन्हें समझना पड़ेगा कि दिल्ली का बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान तक दे सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 70 साल तक धारा-370 को अपने बच्चे की तरह पाल कर रखा। पीएम मोदी को आपने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और दिल्ली की सातों सीटों पर जीत दिलाई। मोदी ने 5 अगस्त, 2019 को धारा-370 को समाप्त कर कश्मीर को आतंकवाद से मुक्त करने का काम किया। राहुल बाबा डराकर कहते थे कि धारा 370 हटाने पर खून की नदियां बह जाएगी और आज पांच साल हो गए लेकिन जम्मू-कश्मीर में किसी को कंकड़ चलाने की हिम्मत नहीं है। जिस लाल चौक पर तिरंगा नहीं फहरता था वहां पीएम मोदी ने तिरंगा फहराने का काम किया।



उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में केजरीवाल को जेल भेजा गया लेकिन उन्होंने सीएम की कुर्सी नहीं छोड़ी। अब समय आ गया है कि अरविंद केजरीवाल जैसे पाखंडी व्यक्ति को बेनकाब किया जाए। वो कहते थे- मैं कभी मुख्यमंत्री नहीं बनूंगा मुख्यमंत्री बने। वो कहते थे, दिल्ली में कांग्रेस की सरकार गिराकर उन्हें जेल में डालेंगे, आज सत्ता के लिए वो खुद कांग्रेस की गोदी में बैठकर साथ में चुनाव लड़ रहे हैं। वो कहते थे- सेक्युरिटी, गाड़ी, आवास नहीं लेंगे, आज वो सेक्युरिटी, गाड़ी लेने के साथ ही 125 करोड़ रुपये की लागत से शीश महल लेकर रह रहे हैं। जनलोकपाल बिल लाने वाले थे, लेकिन उसमें भी ढकोसला निकला। शीला दीक्षित के खिलाफ केस रजिस्टर्ड करने वाले थे लेकिन वह तो नहीं हुआ खुद केजरीवाल जी के खिलाफ भ्रष्टाचार के केस रजिस्टर्ड हो गया और उन्हें जेल में जाना पड़ा। इनके भ्रष्टाचार की सूची तो बहुत बड़ी है। अभी तो सिर्फ शराब घोटाले की जांच हुई है अभी तो सात घोटालों की जांच होना बाकी है। लालू यादव, जयललिता और अन्य नेता जेल गए तो इस्तीफा देकर गए लेकिन केजरीवाल ही है जिन्हें कुर्सी का इतना मोह है। केजरीवाल ऑड-ईवन में विश्वास रखते हैं। ऑड दिन पर वह भ्रष्टाचारियों की सूची बनाकर भ्रष्टाचार पर व्याख्यान देते हैं। ईवन दिनों में, वह भ्रष्टाचारियों के साथ गठबंधन करते हैं और इंडी गठबंधन का हिस्सा बन जाते हैं। विषम दिनों में वह इस्तीफा मांगते हैं, लेकिन सम दिनों में उन्हें जेल भेज दिया जाता है, लेकिन वह इस्तीफा नहीं देते। शाह ने कहा कि केजरीवाल सरकार 3 जी की सरकार है- घोटाले घूसखोरी और घपलेबाजी। उन्होंने कहा कि जहां झुग्गी, वहां मकान- इसके तहत हम 3000 फ्लैट्स आवंटन कर चुके हैं। कुछ अनधिकृत कॉलोनियां रह गई हैं जो आज मैं मोदी की गारंटी कह कर जाता हूं- 2026 तक सभी अनधिकृत कॉलोनियों को अधिकृत करके हम आपको मालिक बनाएंगे।

## दिल्ली सरकार ने देश की राजधानी को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया : योगी

नई दिल्ली। भाजपा की सरकार सुरक्षा सम्मान और विकास की सरकार है जिसमें गरीब कल्याण है लेकिन दिल्ली सरकार ने देश की राजधानी को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। यह बातें सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी अदित्य नाथ ने पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा के समर्थन में मयूर विहार में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही। सीएम योगी ने कहा कि अपने संबोधन में कहा कि आज सिर्फ दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश में आम जनता पहले से ही आश्वस्त है कि मोदी सरकार फिर आयेगी। एक ही स्वर सुनाई दे रहा है कि फिर एक बार मोदी सरकार, जब 400 पार की बात आती है तो आम आदमी पार्टी और कांग्रेस जैसी पार्टियों के गठबंधन को चक्कर आने लगता है क्योंकि दोनों पार्टियां मिलकर भी 400 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। योगी ने कहा कि आज आम जनता कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को जवाब दे रही है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। 500 वर्षो बाद प्रभु श्री राम अयोध्या में फाइबर तम्बू से अपने वैभवशाली महल रूपी मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। उन्होंने होली भी खेली और अपना जन्मदिन भी मनाया लेकिन इंडी गठबंधन के घटकों को इससे बहुत पीड़ा है क्योंकि वह राम मंदिर के निर्माण के पक्ष में नहीं थे। यह पहले दिन से राम मंदिर निर्माण के खिलाफ थे और आज भी कांग्रेस दर्शन करने नहीं जाती। हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 10 वर्षो को देखा है। एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में देश उभरा है। आतंकवाद और नक्सलवाद के समस्या का समाधान हुआ है। आज कहीं पटाखा भी फट जाए तो पहले पाकिस्तान इस पर सफाई देता है। यही नया भारत है और यही कारण है कि भारत की ओर कोई भी दुश्मन नहीं देखता है। दिल्ली के अंदर 1.75 करोड़ आबादी है जबकि उत्तर प्रदेश के सिर्फ गाजियाबाद और नोएडा से तुलना कर ले तो पता चलेगा कि उत्तर प्रदेश एक नया लोक बन चुका है लेकिन दिल्ली को एक नर्क बना दिया गया है। यहां ना ही सफाई होती है, ना जनता को बुनियादी सुविधाएं और ना ही विकास का एजेंडा है सिर्फ नित नए भ्रष्टाचार के मामलों में आम आदमी पार्टी ने पूरी राजनीति को और अन्ना हजारे को धोखा देने का काम किया है। दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने जब एक्सप्रेस वे का निर्माण हुआ तो कोई भी सहायता करने से मना कर दिया। रैपिड रेल बनने से मेरठ से दिल्ली की दूरी 45 मिनट में तय कर लेंगे लेकिन इसके लिए भी आम आदमी पार्टी ने रोड़े अटकाए थे। यह गठबंधन भ्रष्टाचार का, पाकिस्तानियों का राग अलापने वाला गठबंधन है, भारत की आस्था और विरासत के साथ खिलवाड़ करने वाला गठबंधन है जिसका उदाहरण आपने देखा होगा कि किस प्रकार से सीएए को लेकर किस प्रकार से कुप्रचार किया और लोगों को शाहीन बाग में षड्यंत्र के तहत उग्र दंगा कराया था। राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को प्रश्रय देते हैं और पंजाब में इनके संबंध राष्ट्रविरोधी ताकतों से हैं और शाहीन बाग में जिस प्रकार से इन्होंने दिल्ली को दंगों में झोंकने का काम किया था वह किसी से छिपा हुआ नहीं है। अगर यह गठबंधन घबराया हुआ है तो उत्तर प्रदेश के बुल्डोजर से घबराया हुआ है क्योंकि इन्हें पता है कि आतंकियों और दंगाइयों के ऊपर जब बुलडोजर चलता है तो नये उत्तर प्रदेश को बताता है। उत्तर प्रदेश के अंदर दंगे तो दूर सड़कों पर नमाज भी नहीं होते।




## इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही रेहड़ी पटरी दुकानदारों की समस्याओं का करेंगे हलः देवेंद्र

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सोमवार को रेहड़ी पटरी दुकानदारों के लिए टाउन हाल कार्यक्रम में बुलाई न्याय पंचायत में भरोसा दिया कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही आपकी समस्याएं दूर की जाएगी। उन्होंने कार्यक्रम में रेहड़ी पटरीवालों की समस्याओं और परेशानियों को गंभीरता से सुना। यादव ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने 10 वर्षों में रेहड़ी पटरी, खोमचा और साप्ताहिक बाजार लगाने वालों की उपेक्षा की वजह से रेहड़ी पटरी लगाने वाले लगभग 5 लाख लोग अपनी अजीविका के लिए परेशान और लाचार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यूपीए सरकार ने 2014 में रेहड़ी पटरी वालों की अजीविका को सुरक्षित रखने के लिए स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका का संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग का विनियमन) अधिनियम-2014 बनाया था। कांग्रेस सरकार ने यह कानून इसलिए बनाया था कि कोई भी सरकारी विभाग इन्हें अपनी अजीविका और रोजगार कमाने में तंग न करें। लेकिन भाजपा की केन्द्र सरकार ने लागू करने के लिए कोई संवेदनशीलता नहीं दिखाई। जिसका परिणाम आज रेहड़ी पटरी, खोमचा और साप्ताहिक बाजार लगाने वाले गरीब, भाई बहनों को एमसीडी, एनडीएमसी, डीडीए और पुलिस समय दर समय तंग करके इनको परेशान करते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा कानून बनाने पर भाजपा ने निगम की सत्ता में रहते हुए टाउन वेंडिग कमेटियों का गठन नहीं किया जिसके कारण रेहड़ी पटरी वालों को अजीविका चलाने में भारी परेशानी होती है। यादव कहा कि कांग्रेस दिल्ली के रेहड़ी पटरी, खोमचा और साप्ताहिक बाजार लगाने वाले लगभग 5 लाख लोगों से वादा करती है कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर आप लोगों को की हर परेशानी और पीड़ा देर करेंगे।

# मेट्रो में केजरीवाल के खिलाफ अपशब्द लिखे, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने मेट्रो ट्रेन के भीतर और स्टेशनों पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ अपशब्द लिखने के मामले में दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में राजौरी गार्डन मेट्रो थाने में केस दर्ज किया गया है। इसकी शिकायत दिल्ली मेट्रो की तरफ से पुलिस से की गई।

डीसीपी मेट्रो डॉ जी राम गोपाल नाइक के अनुसार राजीव चौक और पटेल नगर मेट्रो स्टेशन व ट्रेन के भीतर लिखे कुछ संदेशों की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'इंस्टाग्राम' पर साझा की गई थी। मेट्रो ट्रेन के भीतर लिखा गया, कि 'केजरीवाल दिल्ली छोड़ दीजिए! अन्यथा आप उन तीन थप्पड़ को याद कर लें जो आपको पूर्व के चुनाव में लगे थे। अब असली मुक्का जल्द लगेगा। एक अन्य जगह लिखा गया, कि 'दिल्ली के मुख्यमंत्री हमें छोड़कर चले जाएं, हमें अब मुफ्त चीजों की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री आवास पर 45 करोड़ रुपये खर्च किये गये। एक अन्य मेट्रो ट्रेन में लिखा गया कि 'आपको सुझाव दिया जाता है कि निम्नलिखित बिंदुओं को पालन करें। जल बोर्ड का पारदर्शी ऑडिट कराए और संबंधित व्यक्ति व नेताओं की जिम्मेदारी तय की जाए, शराब नीति पर अंतिम रूप से आपका क्या कहना है तथा आपकी पार्टी या आपके नेताओं को इसमें कुल कितनी रिश्वत मिली। राघव चड्ढा के नेत्र का उपचार एम्स या सफदरजंग या आपकी पसंद के किसी भी भारतीय अस्पताल में कराएं। आपसे यह उम्मीद की जाती है। अधिकारी ने बताया कि इसी तरह के संदेश कम से कम तीन मेट्रो स्टेशनों- पटेल नगर, रमेश नगर और राजीव चौक पर लिखे मिले हैं।

## मालीवाल का दांव नहीं चला तो अब केजरीवाल पर हमला कराने की साजिश कर रही भाजपा : आप



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों पर आम आदमी पाटी के राष्ट्रीय संयोजक और सीएम अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की धमकियां लिखे जाने के बाद सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा पर सीधा हमला बोला है। आप ने सोमवार के कहा कि जब स्वाति मालीवाल वाला दांव नहीं चला तो भाजपा अब अरविंद केजरीवाल पर हमला कराने की साजिश कर रही है। प्रैसवार्ता में आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि मालीवाल को पहले एसीबी जांच का डर दिखाया गया, फिर उनको मोहरा बनाकर केजरीवाल पर आरोप लगाने की साजिश रची गई, लेकिन सीएम हाउस का वीडियो सामने आने के बाद देश को सारी सच्चाई पता चल गई। अब भाजपा के इशारे पर राजीव चौक-पटेल नगर मेट्रो स्टेशनों के साथ ही कई मेट्रो ट्रेनों के अंदर भी केजरीवाल को जान से मारने की धमकी लिखी गई है। बड़ी हैरानी की बात है कि मेट्रो स्टेशन 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी में होते हैं, पुलिस और सीआईएसएफ भी मौजूद होती है। इसके बावजूद कोई व्यक्ति धमकी लिखकर कैसे चला जाता है। उस व्यक्ति ने धमकियों को सोशल मीडिया अकाउंट पर भी पोस्ट किया है। ऐसे में मालीवाल के फर्जी आरोपों पर सुपर एक्टिव होने वाली दिल्ली पुलिस अब कहां है। आतिशी ने कहा कि भाजपा को अरविंद केजरीवाल से डर लगता है। उन्हें पता है कि वो चुनावी मैदान में दिल्ली और पंजाब में अरविंद केजरीवाल और आप का सामना नहीं कर सकते हैं। वो अरविंद केजरीवाल और आप द्वारा किए गए कामों का सामना नहीं कर सकते हैं। इसलिए जबसे चुनाव की घोषणा हुई है, तब से भाजपा ने एक के बाद एक अरविंद केजरीवाल पर कोई न कोई हमला करने की साजिश की है। 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई, तो 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को एक फर्जी मुकदमे में फंसा दिया जाता है। एक ऐसा मुकदमा जिसमें आजतक एक रुपए का सबूत नहीं मिला, एक पैसा तक नहीं मिला। लेकिन चुनाव की घोषणा के बाद अरविंद केजरीवाल पर झूठा मुकदमा लगाकर उन्हें जेल भेज दिया गया है। जेल में अरविंद केजरीवाल की इंसुलिन बंद कर दी गई। जबकि वो 30 साल से शुगर के मरीज हैं और रोज 52 यूनिट इंसुलिन लेते हैं।

## सीएम की जान को खतरा : सिंह



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने सोमवार को कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा है। अगर केजरीवाल को एक खरोंच भी आती है तो इसके लिए भाजपा जिम्मेदार होगी। सिंह ने कहा कि पटेल नगर और राजीव चौक मेट्रो स्टेशनों पर लिखी गई धमकी की फोटो जारी करते हुए कहा कि अंकित गोयल नामक युवक द्वारा खुलेआम अरविंद केजरीवाल पर हमला करने की धमकी लिखी गई है और इसकी भाषा भी वही है, जो भाजपा बोलती है। उन्होंने कहा कि भाजपा नफरत और बदले की भावना में इतने डूब गए हैं कि अब वो केजरीवाल की जान लेने की साजिश रच रहे हैं।

## केजरीवाल को धमकी मामले में आप ने चुनाव आयोग में की शिकायत

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमले की धमकी के मामले में पार्टी ने सोमवार को चुनाव आयोग से शिकायत की है। आप के वरिष्ठ नेता और मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि ईमेल और पत्र भेजकर चुनाव आयोग से शिकायत की गई है। मिलने का समय मांगा गया है। अभी तक इस मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन की ओर से भी मामले में संज्ञान लेकर शिकायत नहीं दी गई है। ऐसे में अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा को खतरा है। पार्टी ने सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की मांग की है। भारद्वाज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक हैं। राजीव चौक और पटेल नगर मेट्रो स्टेशन पर कोच के अंदर अरविंद केजरीवाल के लिए धमकियां लिखी गई हैं। अंकित गोयल के इंस्टाग्राम हैंडल पर इसे शेयर किया गया है। मेट्रो के अंदर और स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे लगे होते हैं। मुख्यमंत्री को धमकी दी गई लेकिन मेट्रो की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। दिल्ली पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## लोगों की सहानुभूति पाने के लिए केजरीवाल पर हमला करा सकती है आप : सचदेवा



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को दावा किया है कि 25 मई को दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) जनता की सहानुभूति हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला करा सकती है। इसलिए दिल्ली पुलिस और निर्वाचन आयोग (ईसी) से कहा है कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा बढ़ाई जाए। दरअसल कुछ मेट्रो स्टेशनों पर केजरीवाल के खिलाफ दीवार पर धमकियां लिखी पाए जाने के बाद आप नेताओं ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने केजरीवाल को नुकसान पहुंचाने की साजिश रची है। सचदेवा ने आप और केजरीवाल पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रैसवार्ता में कहा कि स्वाति मालीवाल की घटना पर एक शब्द नहीं बोलने वाले केजरीवाल ने अपने इशारे पर अब नई स्क्रिप्ट लिखवाना शुरु कर दिया है जिसका पहला एपिसोड आज देखा गया है। उन्होंने कहा कि 8 अप्रैल 2014 और 25 अगस्त 2016 यह दो तारीख है जब अरविंद केजरीवाल ने अपने पर थप्पड़ चलवाया था, जिस खेल को दिल्ली की जनता समझ चुकी है इसलिए अब नई नौटंकी शुरू की है क्योंकि थप्पड़ चलवाने का हथकंडा अब पुराना हो चुका है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अब आम आदमी पार्टी ने तय कर लिया है कि किस दिन क्या करवाना है। प्रशासन और चुनाव आयोग से मेरी अपील है कि अगर आने वाले समय में अरविंद केजरीवाल के साथ कुछ होता है तो उसके इकलौते जिम्मेदार अरविंद केजरीवाल स्वयं ही होंगे इसलिए दिल्ली पुलिस से मेरी गुजारिश है कि केजरीवाल की सुरक्षा बढ़ा दी जाए। यह जनता के सवालों से बचने और उनकी सहानुभूति बटोरने के लिए अलग-अलग तरह की नौटंकी करेंगे। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल का चेहरा रविवार को ही बेनकाब हो गया जब सिर्फ 36 मिनट में उनका पूरा संघर्ष खत्म हो गया। भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय के सामने पूरे दिन बैठने की जगह केजरीवाल सिर्फ 36 मिनट में ही अपना धरना प्रदर्शन खत्म कर दिया क्योंकि अब वह शीशमहल वाले केजरीवाल हैं जिनसे दिल्ली की गर्मी बर्दाश्त नहीं होती। केजरीवाल अब सिर्फ दिल्ली में भ्रष्टाचार करने के लिए और एक गुंडे को बचाने के लिए संघर्ष करते हैं, जो इनके काले कारनामों का राजदार है।

# मुझे गिरफ्तार कर दिल्ली के स्कूल बंद करना चाहती है भाजपा : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी मुझे गिरफ्तार कर दिल्ली के स्कूलों को बंद करना चाहती है। भाजपा वाले नहीं चाहते थे कि मैं जेल से बाहर आता लेकिन भगवान हनुमान के आशीर्वाद से मैं जेल से बाहर आ गया। यह बातें सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं सीएम अरविंद केजरीवाल ने त्रिलोकपुरी में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार कुलदीप कुमार के समर्थन में रोड शो को संबोधित करते हुए कहीं। इस रोड शो में उनके साथ उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल भी मौजूद थीं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अच्छे दिन आने वाले हैं, भाजपा सरकार जाने वाली है। उन्होंने साथ ही विश्वास जताया कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन लोकसभा चुनाव के बाद विजयी होकर उभरेगा। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने उनकी अनुपस्थिति में चुनाव प्रचार अभियान का कमान संभाल लेने के लिए अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल की तारीफ की और उन्हें 'झांसी का रानी' बताया। सुनीता केजरीवाल भी सोमवार को चुनावी सभाओं में अरविंद केजरीवाल के साथ पहली बार नजर आयीं।



अरविंद केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली के गांधीनगर में एक नुक्कड़ सभा में कहा कि आज मैं अपने साथ अपनी पत्नी को भी लाया हूं। उन्होंने मेरी अनुपस्थिति में प्रभार संभाल लिया था। जब मैं जेल में था, वह मुझसे मिलने आया करती थीं। मैं उनसे अपने दिल्लीवासियों का हालचाल पूछा करता था और आपको अपना संदेश भेजता था। वह झांसी की रानी की जैसी है। सुनीता केजरीवाल ने भी लोगों को संबोधित किया और उनसे आप के पक्ष में वोट डालने की अपील की ताकि उनके पति को फिर जेल में नहीं भेजा जाए। उन्होंने कहा कि यह आपके आशीर्वाद का ही फल है कि मेरे पति आज यहां हमारे साथ हैं। ईश्वर उन लोगों की मदद करते हैं जो अच्छा काम करते हैं। अब यदि आप चाहते हैं कि मेरे पति जेल न जाएं जो 25 मई को आप के पक्ष में मतदान कीजिए। उन्होंने कहा कि चार जून को भाजपा की सरकार नहीं बनेगी। हर जगह लोग उनके शासनकाल में महंगाई और बेरोजगारी के कारण भाजपा वालों से नाराज हैं।




प्रचलन में यही है कि शादी तय होते समय लड़की-लड़के की हाइट में ज्यादा अंतर ना हो, लड़की तो लड़के की हाइट से ज्यादा हो ही ना। इसी तरह कलर कॉम्प्लेक्शन में भी ज्यादा अंतर नहीं हो। सवाल यह है कि जीवन साथी के चयन में हाइट और रंग-रूप को आधार बनाना क्या सही है? क्या हमें अपनी सोच नहीं बदलनी चाहिए?

कवर स्टोरी / नम्रता नदीम

# शादी के लिए हाइट-कलर क्राइटेरिया बदलनी होगी सोच







नीरा की लंबाई 5 फीट, 8 इंच है। बचपन से ही उसकी लंबाई उसकी खूबी रही है। घर आने वाले हर रिश्तेदार और परिचित छूटते ही उसे देखकर कहते, 'नीरा की शादी तो खूब लंबे लड़के से होगी।' खुद के बारे में इन प्रतिक्रियाओं को सुन-सुन कर नीरा के दिलो-दिमाग में बचपन से ही यह बात बस गई कि उसका पति उससे लंबा होगा। लेकिन दिल में बसी इसी बात के चलते अब पिछले तीन सालों में एक दर्जन लड़के, जिनमें कई वाकई बहुत अच्छे थे, लेकिन सब रिजेक्ट हो चुके हैं। किसी की लंबाई नीरा के बराबर थी, किसी की लंबाई उससे महज एक-डेढ़ सेंटीमीटर ही ज्यादा थी, जबकि उसे तो कम से कम तीन से चार सेंटीमीटर लंबा पति चाहिए था। देखते ही देखते नीरा की अच्छी लंबाई उसकी शादी के लिए, एक बड़ी बाधा बन गई। यह अकेली नीरा की कहानी नहीं है। पिछले साल भारत में हुए एक सर्वे से पता चला था कि एक फीसदी लड़कियां भी अपने से जरा-सा भी छोटा लड़का शादी के लिए नहीं चुनतीं, भले अपने से ज्यादा लंबे लड़के की चाहत में उन्हें कई खूबियों से भरे लड़के छोड़ने पड़ें।

### उठाने पड़ सकते हैं नुकसान

अगर लड़कियां शादी के मामले में जरा भी समझौता नहीं करती हैं तो हमेशा उनकी जीत नहीं होती, कई बार उन्हें इस कारण कई नुकसान उठाने पड़ते हैं। यदि लड़के की लंबाई ज्यादा हो और लड़की की लंबाई कम, तो आमतौर पर इस बात पर सोच-विचार नहीं किया जाता, तो फिर लड़कियों की जरा सी ज्यादा हाइट को लेकर इतनी जिद क्यों दिखाई जाए? हालांकि ऐसी बात नहीं कि कम हाइट को लेकर संबंधों के मामले में हिचक न होती हो, लेकिन अगर लड़की की हाइट ज्यादा और लड़के की कम होती है, तो ये लड़की की कमतरी समझी जाती है। अगर लड़की की हाइट लड़के से जरा भी ज्यादा हो तो यह न सिर्फ लड़की के लिए कमतरी के एहसास वाला मुद्दा बन जाता है बल्कि घर-परिवार से लेकर खुद ऐसा लड़का भी, ऐसी लड़की से शादी नहीं करना चाहता। वास्तव में लड़कियों से लड़कों की कम लंबाई हमारे समाज में सामाजिक रूप से कमतरी समझी जाती है।

### आड़े आता है कलर कॉम्प्लेक्शन भी

सिर्फ हाइट को लेकर ही नहीं, लड़कियों में कलर कॉम्प्लेक्शन को लेकर भी वही सोच लागू होती है। जिन लड़कियों के रंग साफ होते हैं, वो कभी भी कम साफ रंग वाले लड़के से शादी नहीं करना चाहतीं। याद करें किसी जमाने में अफसरों और बड़े प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ऐसा होता रहा है कि उनके कैसे भी चेहरे-मोहरे होते रहे हों, लेकिन खूबसूरत बीवियां मिल जाती थीं। लेकिन अब मिडिल क्लास में बराबर की हैसियत रखने वालों के बीच ऐसा नहीं होता। लेकिन यह कोई उपलब्धि नहीं है। अनगिनत ऐसे बड़े और प्रभावशाली लोग हैं, जो खुद सांवले हैं, लेकिन उनकी पत्नियां बेहद गोरी हैं। लेकिन जब यही मामला बराबर की हैसियत वालों के बीच आता है, तो आमतौर पर सांवले रंग वाले लड़कों से कम सांवली लड़कियां शादी के लिए कतई तैयार नहीं होतीं। अगर किसी के मन में रंग को लेकर गैरबराबरी की भावना है, तो उससे निकलने का कोई वैज्ञानिक तरीका नहीं है। हम जान लें, न तो श्वेत रंग के लोग ज्यादा बुद्धिमान होते हैं और न ही अश्वेत लोग बेवकूफ होते हैं। इसलिए शादी में संभव हो तो रंग को भी कोई आधार नहीं बनाना चाहिए।

लब्बोलुआब यह कि मामला कलर कॉम्प्लेक्शन का हो या कम हाइट का, लड़कियों को अपनी शादी के लिए इश्यू नहीं बनाना चाहिए। जब शादियां गैरबराबरी स्तर पर होती हैं, उनमें बराबर की सोच, समझ और सम्मान की जगह एकतरफा अधिकार की भावना होती है, वहां रंग या हाइट कोई मायने नहीं रखता।

### बनी-बनाई धारणा

**हाइट या** रंग-रूप को लेकर सिर्फ एक अकेली लड़की की सोच की बात नहीं है, पूरे समाज में ही यह धारणा बनी हुई है कि लड़के को लड़की से थोड़ा लंबा ही होना चाहिए। लड़के लड़की के कलर कॉम्प्लेक्शन में ज्यादा अंतर नहीं होना चाहिए। हालांकि इसका कोई भी वैज्ञानिक कारण नहीं है। ज्यादा से ज्यादा बात यह हो सकती है कि राह में चलते हुए लोगों को उनकी जोड़ी ज्यादा आकर्षक न लगे, लेकिन यह भी बनी-बनाई धारणा ही है।

बिहेवियर / शिखर चंद जैन

कई लोगों का इंप्रेशन सबकी नजर में बहुत अच्छा होता है, ये सबके प्रिय होते हैं, इनके सभी काम देखते-देखते बहुत आसानी से हो जाते हैं। ऐसी इंप्रेसिव पर्सनालिटी होना कोई बहुत मुश्किल बात नहीं है, बस अपने बिहेव में कुछ बातों का ध्यान रखें।

# इतना मुश्किल भी नहीं है लोगों को इंप्रेस करना



नंदिनी पता नहीं तूने ऐसा क्या जादू कर रखा है, ऑफिस कुलीग्स हों या रिलेटिव्स तुझसे सब खूब इंप्रेस रहते हैं। हर कोई तुझसे ही सलाह लेता है, अपनी प्रॉब्लम शेयर करता है और तेरे कहे काम भी चुटकियों में हो जाते हैं। मुझे तो कभी-कभी तेरे से जलन-सी होती है।' लंच ब्रेक के दौरान महक ने यह बात नंदिनी से कही। उसने मुस्कुरा कर जवाब दिया, 'जादू-वादू कुछ नहीं है। बस सिंपल एटिकेट्स, मेरा बिहेवियर और कुछ छोटी-छोटी ऐसी आदतें हैं, जो बहुत अलग या जटिल नहीं हैं लेकिन लोगों का दिल जीतने के लिए जरूरी हैं। ये बातें कोई भी इंसान अपना कर लोगों को प्रभावित कर सकता है।' नंदिनी ने महक को ऐसी कई बातें भी बताईं, जिन्हें वह अपने बिहेवियर में शामिल कर सबकी प्रिय बने।

**किसी से बहस ना करें :** इस दुनिया में हर किसी के अपने विचार होते हैं। जरूरी नहीं कि आपको दिनभर ऐसे ही लोगों से काम पड़े या बात करनी पड़े, जिनके विचार आपसे मिलते हों। व्यर्थ में किसी से उलझें नहीं, ना उनके विचारों को काटें, ना अपने विचारों से उन्हें सहमत करने की कोशिश करें। ऐसी कोशिश से आपकी ऊर्जा और समय दोनों नष्ट होते हैं, सामने वाले से संबंध खराब होते हैं, साथ ही दूसरों के समक्ष आपकी इमेज लड़ाकू इंसान की बनती है, जबकि इससे फायदा कुछ भी नहीं होता।

**जिम्मेदारी लेना भी सीखें:** कई लोग अपनी जिम्मेदारियों से बचते हैं, दूसरों पर थोपते हैं लेकिन किसी काम की सफलता का श्रेय खुद लेना चाहते हैं, जबकि होना इसके विपरीत चाहिए, आपको आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेनी चाहिए। चाहे वह ऑफिस वर्क हो, किसी भी कार्यक्रम या प्रोजेक्ट की सफलता पर आपको टीम मेंबर्स, कुलीग्स या परिवार के लोगों को श्रेय देना चाहिए। इससे आपके प्रति लोगों की राय एक भले और सुलझे हुए इंसान की बनेगी।

**मौरल बूस्ट करें :** कई बार परिवार का कोई सदस्य, रिश्तेदार, पड़ोसी या ऑफिस कुलीग परेशान रहता है, वह नर्वस या लो फील करता है। ऐसे में आपको बेहद अपनेपन और नरमी से उसकी परेशानी जाननी चाहिए। आपसे जो संभव हो, उसकी मदद करें, उसका हौसला बढ़ाएं। आप चाहें तो उसे आस-पास के कुछ लोगों का उदाहरण देकर उसका आत्मबल बढ़ाएं।

**प्रशंसा करें और विश्वास जीतें :** किसी ने कोई अच्छा काम किया है तो उसकी खुलकर प्रशंसा करें। इसमें कंजूसी ना करें। कई लोग किसी की बुराई करनी हो तो उसकी पूरी गाथा सुना देंगे, लेकिन प्रशंसा करने में उनके मुंह में दही जम जाती है। जब आप किसी की प्रशंसा करती हैं तो उसका मौरल बूस्ट होने के साथ-साथ उसके साथ आपके रिश्ते भी मजबूत होते हैं। ऐसा व्यक्ति प्रतिक्रिया के रूप में आपकी सादगी, सरलता और शिष्टता का कायल होता है और हर जगह आपकी प्रशंसा करता फिरेगा। जाहिर है, इससे समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा, आप सबकी प्रिय बनेंगी।

### लोगों को धन्यवाद कहना सीखें

**अपने भीतर** विनम्रता और कृतज्ञता बहुत अच्छी बातें हैं। इनके दूरगामी प्रभाव होते हैं। जब आप छोटी-छोटी सहायता या सहयोग के लिए लोगों को धन्यवाद देती हैं तो लोग आपसे प्रभावित होकर आपके कामों को बहुत आसानी से करने के लिए तत्पर रहते हैं। कोई आपके लिए कुछ भी करे, चाहे वह मदद हो, सीट देने की पेशकश हो, उपहार दे, उसके प्रति मुस्कुरा कर आभार जरूर प्रकट करें। इससे आपकी इमेज एक सभ्य और विनम्र इंसान की बनेगी।

लाइफस्टाइल / सरस्वती रमेश

# जीवन में चाहते हैं अगर कुछ ज्यादा

हमारे पास जो है, हम उससे थोड़ा और ज्यादा पाने की कोशिश करते हैं, लेकिन पुराने ढर्रे पर काम करते हुए कुछ एक्स्ट्रा हासिल नहीं किया जा सकता है। यदि हम अतिरिक्त की उम्मीद रखते हैं तो अतिरिक्त प्रयास और कार्य के ढंग में बदलाव लाने होंगे। इस दिशा में हमारी सोच एक बड़ी भूमिका निभाती है।

**एक कदम आगे की सोचें:** यदि आप कुछ अतिरिक्त हासिल करना चाहती हैं तो आपको अपने आस-पास के लोगों से अच्छा प्रदर्शन करना होगा, अपनी सोच, इनसे एक कदम आगे की रखनी होगी। किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए जितने भी आइडिया आपके पास हैं, उसमें कुछ नए आइडियाज जोड़ने पड़ेंगे।

**भय से रहें मुक्त :** हम सब कंफर्ट जोन में रहना पसंद करते हैं। मतलब जो कर रहे हैं, उससे अलग और हटकर करने से हिचकते हैं। जब तक इस सोच से नहीं उबरेंगे, तब तक अतिरिक्त की उम्मीद करना बेकार ही होगा।




**अपनी क्षमताओं को निरंतर बढ़ाएं :** अपनी क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में काम करना बहुत जरूरी है। आज लगभग हर प्रोफेशन में तकनीक की भूमिका बढ़ती जा रही है। तकनीक में नित नए बदलाव होते रहते हैं। अपने फील्ड की पूरी जानकारी होने के बावजूद तकनीकी जानकारी के बिना व्यक्ति की क्षमता का सही आकलन मुश्किल है। इसलिए नई चीजों को सीखना, उनका प्रयोग करना और उससे अपनी कार्यक्षमता को बढ़ाना जरूरी है।

**अपनी अहमियत समझें:** हम अकसर अपने से अधिक कामयाब व्यक्ति को देखकर हीनभावना से भर जाते हैं। हमें लगता है, सामने वाला अधिक योग्य है। उसने जो हासिल किया है, हम नहीं कर सकते। जबकि यदि हम अपनी अहमियत समझें और खुद पर भरोसा रखें तो वह भी हासिल कर सकते हैं जो सोचा भी नहीं था। खुद की अहमियत को समझें और पूरी ईमानदारी से जुट जाएं।

**कटु अनुभवों को भूल जाएं:** हम सबके साथ अच्छी-बुरी घटनाएं घटती हैं। हम अच्छी घटनाओं से खुश होते हैं, बुरे अनुभवों से दुखी। लेकिन कुछ लोग बुरे अनुभवों से निकलने का प्रयास नहीं करते। जबकि आगे बढ़ने के लिए पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए। कहने का मतलब बुरे अनुभवों के सबक याद रखिए, बुरे अनुभव नहीं।

इन दिनों तेज धूप में अगर घर से बाहर निकलना पड़े तो स्किन के साथ आइज प्रोटेक्शन भी जरूर करें। इसके लिए आप कुछ स्टाइलिश-ट्रेंडी सनग्लासेस ट्राय कर सकती हैं।

# धूप में आइज प्रोटेक्शन के लिए स्टाइलिश-अट्रैक्टिव सनग्लासेस



एसेसरीज / ललिता गोयल

गर्मी का मौसम शुरू होते ही तेज धूप से आंखों को बचाने के लिए सनग्लासेस ही एकमात्र उपाय होते हैं। सनग्लासेस आंखों को केवल धूप से ही नहीं बचाते बल्कि स्टाइलिश लुक भी देते हैं। सनग्लासेस आंखों को यूवी रेज से सुरक्षा प्रदान करते हैं, साथ ही ये आपके लुक को इन्हैंस करने में भी मदद करते हैं। अगर आप भी इन गर्मियों में अपने लिए कुछ ट्रेंडी और यूनिक सनग्लासेस लेने की सोच रही हैं तो यहां बताए जा रहे ऑप्शंस ट्राय कर सकती हैं।



**रेट्रो कैट आई सनग्लासेस:** ये सनग्लासेस चेहरे को विंटेज लुक देते हैं। इस स्टाइल के सनग्लासेस चेहरे की खूबसूरती बढ़ा देते हैं। ये सनग्लासेस फैशन से कभी आउट नहीं होते हैं। ये फ्रेम कॉर्नर की तरफ से थोड़े शार्प होते हैं और इस वजह से आपके ओवरऑल लुक को बदल देते हैं।

**ओवरसाइज्ड स्क्वायर फ्रेम सनग्लासेस:** अधिकतर सेलेब्स ओवरसाइज्ड स्क्वायर फ्रेम के सनग्लासेस पहनते हैं। ये फ्रेम ड्रामेटिक और एलिगेंट लुक देते हैं। आप इस तरह के फ्रेम के लिए क्लासिक ब्लैक कलर भी चुन सकती हैं। स्क्वायर सनग्लासेस हमेशा ट्रेंड में रहते हैं। इसे पहनने के बाद फेस का लुक बदल जाता है। ये ओवल और राउंड फेस पर ज्यादा अच्छे लगते हैं।

**राउंड शेप सनग्लासेस:** इन गर्मियों में आप ट्रेंडी राउंड शेप सनग्लासेस भी वियर कर सकती हैं। इस तरह के फ्रेम आपको रेट्रो वाइब देते हैं। आप किसी भी आउटफिट के साथ इस तरह के सनग्लासेस ट्राई कर सकती हैं। ये फ्रेम आपको कूल लुक भी देते हैं। राउंड सनग्लासेस डिफरेंट कलर, साइज और थिकनेस वाले फ्रेम्स में अवेलेबल हैं।



**एविएटर सनग्लास:** एविएटर सनग्लासेस को पहले लड़कों के लिए मार्केट में लाया गया था, पर अब इसे लड़कियां भी पहनना पसंद करती हैं। वुमेन एविएटर सनग्लासेस इसलिए फेमस हैं क्योंकि इनका लेंस थोड़ा बड़ा होता है और यह कई कलर्स में मिलते हैं। इस वजह से ये सनग्लासेस कॉलेज गोइंग गर्ल्स और यंग वर्किंग वूमेन को खूब पसंद आते हैं।

**फोल्डेबल सनग्लासेस:** आजकल फोल्डेबल सनग्लासेस का यंग वूमेन के बीच काफी ट्रेंड देखा जा रहा है। फोल्डेबल सनग्लासेस कैरी करने में नॉर्मल सनग्लासेस के मुकाबले ईजी होते हैं और छोटे से हैंडबैग में भी आसानी से फिट हो जाते हैं।

**डिजाइनर पोलराइज सनग्लासेस:** ब्राउन शेड में आने वाले पोलराइज सनग्लासेस कॉलेज गोइंग गर्ल्स की फर्स्ट च्वाइस बन गए हैं। इनकी खासियत यह होती है कि यह ज्यादातर स्किन टोंस पर अच्छे लगते हैं और उन्हें बहुत ही अट्रैक्टिव लुक देते हैं।

सजेशन / अंजू जैन

वैसे तो किसी भी बीमारी से महिला हो या पुरुष, दोनों को लगभग एक ही तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार डायबिटीज से ग्रस्त महिलाओं को अधिक प्रॉब्लम्स फेस करनी पड़ती हैं।

# डायबिटिक महिलाएं ऐसे करें हेल्थ केयर



अस्त-व्यस्त लाइफस्टाइल और डाइट हैबिट की वजह से आजकल महिलाएं और पुरुष दोनों डायबिटीज से ग्रस्त होने लगे हैं। देखने में आता है कि पुरुषों के मुकाबले इस बीमारी में महिलाओं को अधिक मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसलिए उन्हें अधिक सजग रहना जरूरी है।

**बॉडी वेट डिसबैलेंस :** डायबिटीज के कारण वजन घटना या बढ़ना सामान्य बात है। साथ ही इंसुलिन लेने और स्किन की समस्या बढ़ने से महिलाओं का फिगर डिसबैलेंस होने लगता है। इससे उनके आत्मविश्वास में कमी देखी जाती है। कई बार इस बीमारी से महिलाओं को मानसिक समस्याएं और ईटिंग डिसऑर्डर भी होने लगता है।

**डायबिटीज बर्नआउट :** डायबिटीज मैनेजमेंट यानी इसे कंट्रोल रखना एक लॉन्ग टर्म प्रक्रिया है। अनियंत्रित ब्लडशुगर और इससे उत्पन्न हेल्थ इश्यूज परेशान करने वाले हो सकते हैं। कई बार तमाम प्रतिबंधों और परहेज से महिलाएं उकता जाती हैं। इससे उन्हें लगता है कि वे अपनी इच्छा के अनुरूप नहीं जी पा रही हैं। यह स्थिति हताशा, थकान और उदासी का सबब बन जाती है।

**इनफर्टिलिटी रिलेटेड इश्यूज:** डायबिटीज के कारण प्रजनन अंगों में कई समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं और सेक्सुअल हेल्थ प्रभावित होती है। वेजाइनल ड्राइनेस, रिप्रोडक्टिव ऑर्गंस की ब्लड वेसल्स में क्षति, दर्द आदि आम समस्याएं भी हो सकती हैं। साथ ही पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम और पॉलीसिस्टिक ओवरी डिसऑर्डर जैसी समस्याएं भी महिलाओं को परेशान करती हैं। इससे मेंस्ट्रूअल साइकिल में गड़बड़ी, फर्टिलिटी और ओवुलेशन की प्रॉब्लम होती है। जाहिर है इससे गर्भधारण और डिलीवरी की प्रक्रिया जटिल हो सकती है।

**हार्ट डिजीज का रिस्क:** डायबिटीज हार्ट डिजीज का एक बड़ा रिस्क फैक्टर होता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में इसका ज्यादा जोखिम होता है। टाइप टू डायबिटीज से पीड़ित कई महिलाओं में तो हार्ट डिजीज पहले से होता है या कार्डियो वैस्कुलर प्रॉब्लम दिखने लगती हैं। डायबिटीज से पीड़ित महिलाओं में कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ना, हाइपरटेंशन, मोटापा, वैस्कुलर फंक्शन में गड़बड़ी आदि समस्याएं दिखने लगती हैं। असल में महिलाओं में डायबिटीज से इन्फ्लेमेशन और हार्मोनल असंतुलन भी बढ़ सकता है। इसलिए उन्हें सावधानियां बरतते हुए दवा के साथ-साथ लाइफस्टाइल और खान-पान की आदतें भी बदल लेनी चाहिए।

### रोकथाम के उपाय

**यहां बताई** गई इन परेशानियों से बचाव के लिए कुछ कारगर उपाय आजमा सकती हैं।

- अगर आपका वजन औसत से ज्यादा है, तो कोशिश करके इसे घटाएं। 50 से 70 की उम्र में ओवरवेट होना समयपूर्व मृत्यु का एक बड़ा कारण हो सकता है।
- नियमित व्यायाम से ब्लड शुगर कम होता है, वजन घटता है और हार्ट डिजीज से भी प्रोटेक्शन मिलता है। रोज 20-30 मिनट टहलने की आदत डालें।
- हर एक ग्राम वसा में 9 ग्राम कैलोरी होती है, जबकि प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट में सिर्फ 4 ग्राम। आप वसा के सेवन में कटौती करके कैलोरी से बच सकते हैं। गुड फैट भी कम ही लें।
- चीनी, मैदा, चावल, सॉफ्ट ड्रिंक्स में प्रयुक्त स्वीटनर और प्रोसेस्ड फूड हेल्थ के लिए सही नहीं हैं। इससे ब्लड शुगर बढ़ जाता है। इसलिए सब्जियों और सलाद का सेवन बढ़ाएं।

**समयपूर्व मेनोपॉज:** आमतौर पर महिलाओं में मेनोपॉज की उम्र 45 से 50 साल के बीच होती है। लेकिन मधुमेह से पीड़ित महिलाओं में यह कई बार जल्दी ही हो जाता है। डायबिटीज के कारण मेटाबॉलिक प्रक्रिया तो डिस्टर्ब होती ही है साथ ही फीमेल हार्मोंस भी डिस्टर्ब होते हैं।

**(कोलकाता मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के डायबिटीज स्पेशलिस्ट डॉ. रविकांत सरावगी से बातचीत पर आधारित)**



## खबर संक्षेप

### बैग से मिले 36 लाख आईटी ने किया जब्त



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच रेणुकूट रेलवे स्टेशन के पास से जीआरपी ने एक युवक के पास 36 लाख नकदी पकड़ा है। रुपए लेकर वह पटना जा रहा था। नगदी को कब्जे में लेते हुए जीआरपी ने आयकर विभाग को सूचना दी। आयकर विभाग की टीम ने छानबीन शुरू कर दी है। बैढ़न निवासी सूरज कुमार रेणुकूट रेलवे स्टेशन पर बैठकर सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस का इंतजार कर रहा था।

### डीसीएम में घुसी कार मां-बेटा व मौसी की मौत



**कानपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा हुआ। जिसमें कानपुर की तरफ से फतेहपुर जा रही कार खड़े डीसीएम में जा घुसी। हादसे में मां-बेटा व मौसी की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं 5 साल की बच्ची सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची महाराजपुर पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया। वहीं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी का भाई गिरफ्तार



**मुजफ्फरनगर।** जनपद में डीएम न्यायालय के फर्जी आदेश की प्रति चकबंदी न्यायालय में जमा करने के मामले में अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के भाई अयाजुद्दीन को पुलिस ने बुढ़ाना के मोहल्ला काजीवाड़ा से गिरफ्तार कर लिया है। डीएम न्यायालय के पेशकार राजकुमार ने अयाजुद्दीन नंबरदार और उसके विपक्षी जावेद इकबाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पेशकार राजकुमार ने तहरीर में बताया कि अयाजुद्दीन ने 12 दिसंबर 2023 को अपनी कृषि भूमि के लिए विपक्षी जावेद इकबाल के साथ चल रहे विवाद को लेकर एक प्रार्थना पत्र दिया था।

## लोकसभा चुनाव का 5वां चरण: उत्तर प्रदेश में कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

# प्रशासन की मतदान बढ़ने की उम्मीदों पर मतदाताओं ने पानी फेरा,14 सीटों पर मतदान खत्म, 55.80% वोटिंग

टीएरन मिश्र ▶▶ लखनऊ

यूपी की 14 लोकसभा सीटों पर मतदान खत्म हो गया है। इस चरण में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री स्मृति जूबिन ईरानी, कौशल किशोर, निरंजन ज्योति और दिनेश प्रताप सिंह सहित 144 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है।

यूपी की 14 लोकसभा सीटों पर पांचवे चरण में शाम 6 बजे मतदान खत्म हो गया । वहीं प्रशासन के मतदान बढ़ाने के तमाम प्रयासों पर पानी फिर गया है। इसके साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री स्मृति जूबिन ईरानी, राज्यमंत्री कौशल किशोर, निरंजन ज्योति और दिनेश प्रताप सिंह सहित 144 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है।

राजधानी लखनऊ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीसरी बार अपना भाग्य अजमा रहे हैं। उनकी टक्कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा से है। राजधानी के दूसरे संसदीय क्षेत्र मोहनलालगंज में केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर एक बार फिर मोदी और विकास के नाम पर चुनाव लड़ रहे हैं। कौशल की टक्कर बसपा के आरके चौधरी से है।

जबकि रायबरेली में इस बार पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की जगह कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। राहुल इस परिवारिक सीट पर अपनी साख बरकरार रखने के लिए शाम तक रायबरेली और अमेठी क्षेत्र के मैदान में जम रहे। वहीं कांग्रेस ने अमेठी में राहुल की जगह इस बार सोनिया गांधी के प्रतिनिधि केएल शर्मा को चुनाव लड़ाया है। वह केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को सीधी टक्कर दे रहे हैं ।

अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद पूरे विश्व की नजर अयोध्या पर है यहां की फैजाबाद सीट पर सांसद लल्लू सिंह तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। लल्लू सिंह को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। बहुचर्चित कैसरगंज सीट पर बीजेपी ने इस बार सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर उनके बेटे को चुनाव लड़ाया है उनकी टक्कर सपा के भगत राम मिश्र से है। इनके अलावा बाराबंकी से बीजेपी प्रत्याशी राज रानी रावत कांग्रेस के तनुज पुनिया से सीधी टक्कर में है।



## राजनाथ, राहुल और स्मृति की किस्मत ईवीएम में कैद

**खास बातें**

- कम मतदान ने सत्ताधारी दल की चिंता बढ़ा दी
- कई जगहों से ईवीएम में खराबी की खबर
- कम मतदान को लेकर हो रही तरह तरह की चर्चा

### नेताओं के प्रचार में दिलचस्पी न लेने से नहीं बढ़ा मतदान प्रतिशत

चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन लगातार कवायद कर रहा है। लेकिन एक तरफ राजनेताओं की प्रचार में दिलचस्पी न लेना और छोटे नेताओं का भी मैदान में न उतरना मतदाताओं को नागवार गुजरा। परिणाम स्वरूप काफी लोग घरों से नहीं निकले। दूसरी तरफ तेज धूप व तपिश के चलते भी मतदान प्रतिशत नहीं बढ़ सका। ज्यादातर मतदान केंद्रों पर दोपहर में सन्नाटा छाया रहा। जिससे अधिकारियों का 80 से 85 फीसदी तक मतदान का ग्राफ बढ़ाने के दावे की हवा फुस्स हो गई।

### बार-बार ईवीएम खराब की शिकायत

बांदा लोकसभा सीट की चित्रकूट विधानसभा में बूथ संख्या 294 पर बार-बार ईवीएम खराब होने की शिकायत मिल ही थी। सपा ने चुनाव आयोग से संज्ञान लेने और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने की मांग की है। बांदा में पीठासीन अधिकारी नरैनी विधानसभा के बूथ संख्या 60 में मुन्ना प्रसाद की भीषण गर्मी की वजह से तबीयत खराब हो गई। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उनकी जगह सेक्टर मजिस्ट्रेट ने पहुंच कर मतदान कराया।वहीं गोंडा में वोट डालने से रोका, भाजपा समर्थकों की पुलिस से झड़प हो गई।

### फैजाबाद सीट पर 59% मतदान ने दलों की चिंता बढ़ा दी

फैजाबाद लोकसभा में मतदान का कम प्रतिशत व मतदाताओं की खामोशी ने सत्ताधारी दल की चिंता बढ़ा दी है। सबसे बड़ी चिंता भाजपा के गढ़ अयोध्या विधानसभा में मतदान का प्रतिशत जिले में सबसे कम होना रहा। शाम 6 बजे मतदान समाप्त होने के बाद 59% मतदान रहा। वही अयोध्या विधानसभा में यह आंकड़ा 55 प्रतिशत से भी काम रहा । अयोध्या फैजाबाद बीकापुर मिल्कीपुर दरियाबाद आदि क्षेत्रों में सुबह 7 बजे मतदान शुरू हुआ तो मतदाताओं में जो उत्साह की कमी दिखाई पड़ी वह शाम तक बनी रही। अयोध्या धाम के कटरा भूत पर आधे घंटे के लिए एक मशीन खराब होने से मतदान प्रभावित रहा। डीएम नीतीश कुमार ने बताया कि फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में 59% मतदान हुआ है।

## बिहार में कोई व्हील चेयर तो कोई लाठी के सहारे करने पहुंचा मतदान



**पटना।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में बिहार के पांच लोकसभा सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के बूथों पर मतदाताओं में काफी जोश और उत्साह देखा गया। मतदान शुरू होते ही अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए काफी संख्या में फर्स्ट टाइम वोटर से लेकर बुजुर्ग तक पहुंचे। इस दौरान कोई व्हील चेयर से पहुंचा तो कोई लाठी के सहारे. वोट डालने के लिए केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और मैथिली ठाकुर भी लाइन में लगे दिखें।

### पांच बजे तक कहां-कितना मतदान

बिहार में पांचवे चरण की वोटिंग में सबसे अधिक मुजफ्फरपुर में 55.30 प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे कम , मधुबनी में 49.01 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं सीतामढ़ी में 53.13 प्रतिशत, सारण में 50.46 प्रतिशत और हाजीपुर में 53..81 प्रतिशत मतदान हुआ है। कुल 52.35 प्रतिशत मतदान हुआ।

### प्रसिद्ध लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने पहली बार किया मतदान

मधुबनी लोकसभा आम निर्वाचन चुनाव में राज्य स्वीप आईकॉन सह प्रसिद्ध लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने पहली बार मतदान किया है।उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमने देश के लिए घर से निकलकर मतदान किया है और आप लोग भी देश के लिए घर से निकलकर मतदान करे। उन्होंने लगातार लोगों को जागरूक करने का काम किया है। मैथिली गीत के माध्यम से स्वीप आइकॉन मैथिली ठाकुर लोगों को जागरूक करती रही हैं।

### फर्जी महिला मतदाता को पुलिस ने पकड़ा

मतदान के दौरान केवटी विधानसभा क्षेत्र के बहुआरा गांव स्थित बूथ संख्या 74 पर दो नाबालिग सहित एक फर्जी महिला मतदाता को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इसकी पुष्टि कमतौल की डीएसपी ज्योति कुमारी ने पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार लोकसभा 2024 के पांचों चरणों के हुए चुनाव में यह पहला ऐसा मामला सामने आया है जहाँ पुलिस ने एक फर्जी महिला वोटर सहित दो नाबालिग वोटरों को भी हिरासत में लिया गया है।

### 100 साल बुजुर्ग ने किया मतदान

लोकतंत्र का महापर्व में 100 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति ने भी चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। मामला मुजफ्फरपुर सदर के मतदान केन्द्र संख्या 135 का है। बुजुर्ग जलेश्वरनाथ मल्लिक की मांग पर डीएम सुब्रत कुमार सेन ने सेक्टर पदाधिकारी को वाहन से उनके घर से बूथ तक लाने वोट कराने एवं उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाने का निर्देश दिया। मतदाता को अपने वाहन पर बैठाकर मतदान केंद्र लाया गया।

## झारखंड में 3 सीटों पर वोटिंग,वोट डालने गए एक बुजुर्ग की मौत

**रांची।** झारखंड की 3 लोकसभा सीटों चतरा, हजारीबाग व कोडरमा में मतदान हुआ।. शाम 5 बजे तक चतरा में 60.26%, कोडरमा में 61.60% व हजारीबाग में 63.66% वोटिंग हुई है। वहीं, गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए 66.45 % मतदान हुआ है। झारखंड चुनाव के बीच एक बुरी खबर सामने आई है। वोट डालने गए एक बुजुर्ग की मौत हो गई है। मृतक की पहचान अख्तर अंसारी के रूप में हुई है। उनकी उम्र 65 साल थी। वह वोट डालने जा रही थीं, बूथ से 100 मीटर की दूरी पर उनकी मौत हो गई। मौत की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है। कई जगहों से ईवीएम में खराबी की सूचना भी आई। हजारीबाग के रामगढ़ के सिरका अरगड्डा के बूथ संख्या 73 व 74 में ईवीएम खराब होने के चलते आधे घंटे बाद मतदान शुरू हुआ। भीषण गर्मी में जमुआ के मतदान केंद्रों में भीड़ देखी गई।

## पेज एक का शेष

### बंगाल 74.65% मतदान कर...

गुलजार, सुभाष घई, अक्षय कुमार, नाना पाटेकर, अनिल कपूर, मनोज वाजपेयी के अलावा आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और अनिल अंबानी ने वोटिंग की। इसके अलावा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीएसपी सुप्रीमो मायावती, सतीश चंद्र मिश्रा ने लखनऊ में, राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली में वोट डाला।

### ईरानी राष्ट्रपति रईसी...

के मुताबिक रईसी 19 मई की सुबह अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ एक बांध का उद्घाटन करने गए थे। इसे ईरान और अजरबैजान ने मिलकर बनाया है। लौटते समय उनके हेलिकॉप्टर में विदेश मंत्री होसैन, पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर मलिक रहमती, तबरीज के इमाम मोहम्मद अली अलेहाशेम सवार थे। वहीं हेलिकॉप्टर के पायलट और को-पायलट के साथ क्रू चीफ, हेड ऑफ सिक्योरिटी और बॉडीगार्ड भी इसमें मौजूद थे। हादसे में सभी की जान चली गई। रईसी का हेलिकॉप्टर अजरबैजान की सीमा के करीब ईरान के वरजेघन शहर के पास क्रैश हुआ। यह पहाड़ी इलाका है। रेस्क्यू एजेंसियों ने भारी बारिश, कोहरे और तेज सर्दी के बीच रातभर सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान तीन बचावकर्मी भी लापता हो गए। सोमवार सुबह अजरबैजान की पहाड़ियों में हेलिकॉप्टर का मलबा मिला। मध्य पूर्व एशिया के शिया बहुल देश ईरान ने अपने दो नेताओं को उस समय खोया है, जब इजराइल के साथ उसके रिश्ते टकराव की सीमा तक बिगड़ गए हैं। वहीं अमेरिका-ईरान के संबंधों में भी तनाव हैं। ऐसे में उपराष्ट्रपति मोहम्मद मुखबेर को अंतरिम राष्ट्रपति बनाया गया है। ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता आयतुल्लाह खामेनेई ने सोमवार को यह ऐलान किया। ईरानी राष्ट्रपति की मौत के बाद भारत सरकार ने देश में 21 मई को 1 दिन के शोक की घोषणा की है।

**हादसा या हत्या... ?** इजरायल-मोसाद को लेकर दावेः हेलिकॉप्टर क्रैश होने के पीछे खराब मौसम को कारण बताया जा रहा है लेकिन इसी बीच रईसी की मौत को लेकर कई कॉन्सपिरेसी थ्योरी भी सामने आ रही हैं। कुछ ईरानी इसे इजरायल की साजिश बता रहे हैं। कई ईरानियों का कहना है कि इस दुर्घटना के पीछे इजराइल हो सकता है। एक सीनियर इजराइली अधिकारी ने साफ कहा कि इस हादसे में हमारी कोई भूमिका नहीं है। अजरबैजान के इजराइल के साथ भी संबंध हैं।

**सिर्फ 50 दिन रह पाएंगे कार्यवाहक राष्ट्रपतिः** ईरान के संविधान के मुताबिक राष्ट्रपति की मौत हो जाने की स्थिति में 50 दिनों के अंदर चुनाव कराना जरूरी है। ऐसे में कार्यवाहक राष्ट्रपति बनाए गए मोहम्मद मोखबर केवल 50 दिनों तक ही इस पद पर बने रह पाएंगे।

**क्या होगा इस हादसे का असर ?:** 1. ईरान की राजनैतिक अनिश्चितता तेल बाजारों में अस्थिरता का कारण बन सकती है। वैश्विक बाजार में ब्रेंट क्रूड सोमवार को 83.77 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर कारोबार करता दिखा।

2. रईसी के हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद सोने की कीमतों में मजबूती आई है और यह अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

3. हाल ही में भारत ने चाबहार बंदरगाह को संचालित करने के लिए ईरान के साथ एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किया है, जो मध्य एशिया के साथ व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक पहल है। पहली बार 2003 में भारत द्वारा इस संबंध में ईरान का को प्रस्ताव दिया गया था। लेकिन संदिग्ध परमाणु गतिविधियों के कारण ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों से यह समझौता लंबे समय तक बाधित रहा। लंबे समय के बाद हाल ही में हुए इस समझौते की अमेरिका ने आलोचना की है।

### 2021 में ईरान के...

पश्चिमी देशों ने यह आरोप लगाया था कि मुखबेर उप-राष्ट्रपति पद के लिए चुने नहीं गए हैं, बल्कि उनकी नियुक्ति हुई है। मुखबेर पर यूरोपीय यूनियन ने 2010 में प्रतिबंध लगा दिया था। उन पर ईरान के न्यूक्लियर और बैलास्टिक मिसाइल प्रोग्राम में शामिल होने का आरोप लगा था। हालांकि, 2 सालों के बाद उन पर से प्रतिबंध हटा लिया गया।

### चुनाव में दिखा अंडर...

थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव के अच्छे परिणाम सामने आएंगे और देश में कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बन रही हैं। कांग्रेस पार्टी ने विकट परिस्थितियों में मजबूती से चुनाव लड़ा। जितेंद्र सिंह ने कहा कि मप्र और आसाम का प्रभारी होने के नाते इन दोनों प्रदेशों के साथ-साथ पूरे देश से मुझे जानकारी प्राप्त हुई है। वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव में मोदी ने देश की जनता को जो जुमले दिए वे भी झूठे साबित हुए। अब 2024 के चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में जबरदस्त माहौल है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं से कहा कि अब हमें मतगणना के दिन पूरी सजगता और मुस्तैदी के साथ काउंटिंग स्थल पर रहकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना है।

### भारतीय मूल के युवाओं ...


बच्चों को सुरक्षित वापस भारत लाया जाए। उज्जैन के ही 8 स्टूडेंट्स वहां फंसे हैं। दो छात्रों ने वीडियो कॉल करके अपने परिजनों से आपबीती बताई है। इस मामले में उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह उज्जैन ने कहा कि जो मदद होगी हरसंभव प्रयास करेंगे। इंडियन एंबेसी की तरफ से ऐसी कोई जानकारी हमें नहीं मिली। दरअसल, किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक और कांट जैसे शहरों में बड़ी संख्या में भारतीय, पाकिस्तानी, बांग्लादेशी छात्र-छात्राएं रहते हैं। छात्र राज सोलंकी एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है, उसने वीडियो कॉल करके अपने परिजनों को वहां की घटनाओं को लेकर पूरी जानकारी दी। उसका कहना है कि यहां के हालात ठीक नहीं हैं। हॉस्टल में घुसकर लोग मारपीट कर रहे हैं। जब तक बेहोश नहीं हो जाए, तब तक मारते हैं। चारों ओर अराजकता है। बेटे ने छोड़ा हॉस्टल, बाहर निकलना मनाः उज्जैन के आगर रोड निवासी डॉ.चैन सिंह चौधरी ने बताया कि उनका बेटा योगेश किर्गिस्तान की राजधानी बिस्केट के पास कांट कस्बे के होस्टल में रहकर 4 साल से एमबीबीएस कर रहा है। हाल ही में वहां स्थानीय युवकों और विदेशी छात्रों के बीच एक छात्रा से छेड़छाड़ को लेकर विवाद हो गया। इसी के बाद वहां विदेशी छात्र छात्राओं पर हमले करना शुरू हो गए हैं, वे लोग होस्टल को निशाना बनाकर छात्र छात्राओ को बेरहमी से पीट रहे हैं इसलिए विद्यार्थियों को हॉस्टल छोड़कर फ्लैट में रहना पड़ रहा है। कमरे में भी लाइट नहीं जला सकते और उन्हें बाहर निकलना भी मना है।

### लेकिन, ऑनलाइन...

वीडियो को सोशल मीडिया पर भी अपलोड किया गया, जहां अधिकांश लोगों ने उन पड़ोसियों की प्रशंसा की जिन्होंने शिशु को बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी। कई लोगों ने मां की तीखी आलोचना भी की और उन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। पुलिस ने कहा कि महिला आलोचना के बाद उदास महसूस कर रही थी और लगभग दो सप्ताह पहले अपने पति और 5 साल और 8 महीने की उम्र के दो बच्चों के साथ कोयंबटूर स्थित अपने मायके आ गई थी।

### पहले बहन-बेटियों...

झूठ के पहाड़ पर खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात सोमवार को दिल्ली में चुनाव प्रचार के दौरान केजरीवाल पर तंज कसते हुए कही। उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में नॉर्थ वेस्ट दिल्ली और नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने केजरीवाल को लेकर कहा कि बड़े दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि इतने बड़ी जवाबदारी वाली जगह पर रहकर, कितनी हल्केपन की राजनीति करते हैं। जेल कोई मजाक है, जिस ढंग से वो बात कर रहे हैं।

## चिंतन

# पांचवें चरण में भी कम मतदान चिंता का सबब

लोकसभा के पांचवें चरण का मतदान भी शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। सब तक सभी चरण के मतदान आंशिक झड़प व हिंसा को छोड़ कर शांतिपूर्ण हुए हैं। पांचवें चरण में आठ राज्यों की 49 लोकसभा सांटो पर वोटिंग हुई है। 543 लोकसभा सीटों में चौथे फेज तक 380 सीटों पर मतदान हुआ था। आज की 49 सीटों को मिलाकर कुल 429 सीटों पर मतदान पूरा हो चुका है। बाकी 2 चरणों में 114 सीटों पर वोटिंग होनी अभी बाकी है। इस बार लोकसभा चुनाव की सबसे बड़ी चिंता कम मतदान को लेकर है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, पहले चरण के मतदान के दौरान 66.14 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जबकि 2019 में इस चरण की सीट पर 69.43 प्रतिशत मतदान हुआ था। दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि 2019 में दूसरे चरण में 69.64 फीसदी वोटिंग हुई थी। तीसरे चरण में 65.68 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि 2019 में यह 68.4 प्रतिशत था। चौथेचरण में 2019 की तुलना में ढाई प्रतिशत अधिक मतदान है। पांचवें चरण में शाम पांच बजे तक 57.35 फीसदी मतदान हुआ है। सबसे अधिक लद्दाख व पश्चिम बंगाल में तो सबसे कम मतदान महाराष्ट्र में हुआ है। आजकल प्रचंड गर्मी पड़ रही है, यह एक कारण कम मतदान का हो सकता है, पर इसके दूसरे कारण भी हो सकते हैं। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाया है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनेक बार लोगों से मतदान पर्व में बढ़चढ़ कर शिरकत करने के लिए अपील कर चुके हैं। इस बार उन्होंने कम मतदान के लिए कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन पर चुनाव प्रचार सही से नहीं करने का राजनीतिक आरोप लगाया है। भाजपा ने पार्टी के स्तर पर देश भर में मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जोरशोर से अभियान चलाया है। विपक्ष के नेता भी लगातार लोगों से मतदान करने के लिए अपील करते रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता, बॉलीवुड हस्तियां, स्टार खिलाड़ी आदि भी लोगों से मतदान में हिस्सा लेने की अपील करते रहे हैं। इसके बावजूद पांचवें चरण के आते आते मतदान प्रतिशत में अपेक्षित इजाफा नहीं हुआ। पिछले चार चरण तक के मतदान वर्ष 2019 की तुलना में करीब चार फीसदी कम हुए हैं। पांचवें चरण के मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े जब आएंगे, तब आंकड़े जरूर बढ़ेंगे, हो सकता है वह 65 फीसदी तक चले जाएं, इसके बावजूद ये आंकड़े कम ही कहलाएंगे। लोकतंत्र के इस महापर्व में 75 फीसदी से ऊपर मतदान आदर्श रूप में होना चाहिए, लेकिन कई वर्षों से ऐसा नहीं हो रहा है। मतदान के प्रति रुझान में कमी आना हमारे लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है, इसके लिए हमारे राजनीतिक दल भी जिम्मेदार हैं। सत्ता की लड़ाई में राजनीतिक दलों की कार्यशैली, नेताओं की विश्वसनीयता और सरकार में आने के बाद उत्पादकता में इतनी गिरावट आ चुकी है कि, जनता का भरोसा दलों व नेताओं पर लगातार कम होता गया है। यह क्षीण जारी है। इसलिए लोग मतदान के प्रति उदासीन होते गए हैं। सरकार का प्रर्दशन, ईवीएम को लेकर पैदा किए गए भ्रम, सामाजिक व सांप्रदायिक विभाजन, जातिगत दूरियां आदि अनेक फैक्टर हैं, जिसने वोटरों में मतदान के प्रति रुचि कम की है। देश में नब्बे करोड़ से अधिक मतदाता हैं, इसमें कम से कम 75 से 78 प्रतिशत लोग तो मतदान करें। दो तिहाई से अधिक मतदान हो।



# जनसंख्या वृद्धि को करें नियंत्रित

मुस्लिम आबादी

डा. अश्विनी महाजन

**पीएमईएसी की रिपोर्ट के अनुसार, 1950 से लेकर 2015 तक कुल जनसंख्या में बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि मुस्लिम आबादी की हिस्सेदारी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कई अन्य देशों में भी, जहां बहुसंख्यक आबादी गैर-मुस्लिम थी, उसकी हिस्सेदारी में कमी आई है और अल्पसंख्यक आबादी जो मुस्लिम है, की हिस्सेदारी बढ़ी है। पाकिस्तान और बांग्लादेश में जहां मुस्लिम खुद बहुसंख्यक हैं, उनकी आबादी भी बढ़ी है। तो सवाल अल्पसंख्यकों की आबादी बढ़ने का नहीं, बल्कि दुनिया में मुस्लिम आबादी बढ़ने का है, जिसका असर अधिकांश देशों में देखा जा रहा है।**

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) द्वारा हाल ही में जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार, 1950 से लेकर 2015 तक कुल जनसंख्या में बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि मुस्लिम आबादी की हिस्सेदारी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कई अन्य देशों में भी, जहां बहुसंख्यक आबादी गैर-मुस्लिम थी, उसकी हिस्सेदारी में कमी आई है और अल्पसंख्यक आबादी जो मुस्लिम है, की हिस्सेदारी बढ़ी है। यह प्रवृत्ति म्यांमार और नेपाल में भी देखी गई। पाकिस्तान और बांग्लादेश में जहां मुस्लिम खुद बहुसंख्यक हैं, उनकी हिस्सेदारी भी बढ़ी है। तो सवाल अल्पसंख्यकों की आबादी बढ़ने का नहीं, बल्कि दुनिया में मुस्लिम आबादी बढ़ने का है, जिसका असर यूरोप समेत अधिकांश देशों में देखा जा रहा है।

अगर बात सिर्फ भारत की करें तो जहां 1950 में हिंदुओं की आबादी का हिस्सा 84.68 प्रतिशत था, वो 2015 तक घटकर सिर्फ 78.06 प्रतिशत रह गया, जबकि इसी दौरान मुस्लिम आबादी का हिस्सा 1950 में 9.84 प्रतिशत से बढ़कर 2015 में 14.09 प्रतिशत हो गया। गौरतलब है कि भारत की कुल जनसंख्या 1951 में 36.1 करोड़ से बढ़कर 2015 में 132.29 करोड़ हो गई और इसी तरह हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई समेत सभी समुदायों की आबादी में भी बढ़ोतरी हुई है। लेकिन ख़ास बात यह है कि मुस्लिम आबादी की वृद्धि दर अन्य सभी जातीय समूहों से ज्यादा रही है। जबकि, हिंदू आबादी 1951 में 30.57 करोड़ से बढ़कर 2001 में 82.75 करोड़ हुई (यानि 2.0 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर ); मुस्लिम आबादी 3.55 करोड़ से बढ़कर 13.8 करोड़ हो गई (2.75 प्रतिशत की भारी वार्षिक वृद्धि दर ); सिखों की जनसंख्या 0.69 करोड़ से बढ़कर 1.94 करोड़ हो गई और ईसाइयों की जनसंख्या 0.83 करोड़ से बढ़कर 2.41 करोड़ हो गई, यानि 50 वर्षों में क्रमशः 2.09 प्रतिशत और 2.15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर। कुछ लोगों का तर्क है कि पिछले दो दशकों में मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि की गति धीमी हो गई है। हालांकि, यह सच है कि 2001 से 2015 के बीच विभिन्न जातीय समूहों की जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आई है; लेकिन मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि अभी भी अन्य धार्मिक समूहों से बहुत आगे है। हम देखते हैं कि वर्ष 2001 और 1015 के बीच हिंदुओं, मुसलमानों, सिखों और ईसाइयों की जनसंख्या वृद्धि दर क्रमशः 1.61, 2.17, 1.68 और 1.82 रही।

इस रिपोर्ट से सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में यह नैरेटिव फैलाया जा रहा है कि भारत में अल्पसंख्यकों, खास तौर पर मुसलमानों को दबाया और सताया जाता है, लेकिन आंकड़े इस नैरेटिव को पूरी तरह से नकारते हैं।

**भारत की जनसांख्यिकी में सामान्य परिवर्तन :** भारत में 1951 में कुल प्रजनन दर 5.9 थी, जो 1981 में घटकर 4.80 और 2011 में 2.56 हो गई। हाल ही में आए आंकड़ों के अनुसार, 2024 में भारत में कुल प्रजनन दर 2.12 तक पहुंच गई है। जनसांख्यिकी सिद्धांत के अनुसार,



जब किसी देश की कुल प्रजनन दर 2.1 से नीचे गिरती है, तो उस देश की जनसंख्या कुछ समय बाद घटने लगती है। इसलिए प्रजनन दर का 2.12 तक पहुंचना जनसंख्या के लिए खतरे की घंटी है। पिछले कुछ समय से भारत में कुल प्रजनन दर में लगातार गिरावट के कारण अब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि हम ऐसी स्थिति में पहुंच चुके हैं, जहां से कुछ समय बाद वास्तविक जनसंख्या में कमी आनी शुरू हो जाएगी। गौरतलब है कि चीन में ऐसी स्थिति पहले ही आ चुकी है। यूरोप के कई देश भी इसी स्थिति से गुजर रहे हैं। अफ्रीका के बाद भारत भी उन चंद देशों में शामिल है, जहां जनसंख्या में वृद्धि हो रही है, लेकिन अब भारत में भी जनसंख्या में कमी आने की आशंका जताई जा रही है। लेकिन ऐसे में पीएमईएसी की रिपोर्ट यह भी संकेत देती है कि भले ही आने वाले समय में कुल जनसंख्या में कमी आएगी, लेकिन उसमें भी हिंदुओं की जनसंख्या, जो पहले से ही आनुपातिक रूप से कम हो रही है, इसमें निरपेक्ष रूप में भी कमी होनी शुरू हो सकती है, जबकि मुस्लिम जनसंख्या में वृद्धि जारी रहेगी। हम कह सकते हैं कि हिंदू जनसंख्या के नुकसान की भरपाई मुस्लिम जनसंख्या में वृद्धि से होगी।

**शिक्षित वर्ग की जनसंख्या में गिरावट की संभावना :** जनगणना और अन्य रिपोर्टों से पता चलता है कि निरक्षर और कम शिक्षित महिलाओं में कुल प्रजनन दर 2011 में 3.17 रही। लेकिन स्नातक या उससे ऊपर की महिलाओं में प्रजनन दर जो 1991 में 1.62 थी, 2011 में घटकर 1.40 रह गई और अभी भी इसमें और गिरावट की पूरी संभावना है। इसी तरह, स्नातक से कम शिक्षित अन्य महिलाओं में भी प्रजनन दर अपेक्षाकृत कम होती है।

यदि हम शिक्षा के मामले में विभिन्न धार्मिक समूहों की तुलना करें, तो यह स्पष्ट है कि मुस्लिम समुदाय अभी भी हिंदुओं की तुलना में कहीं अधिक पिछड़ा हुआ है और इसलिए संभावना है कि मुस्लिम आबादी में वृद्धि जारी रहेगी, जबकि हिंदू आबादी में गिरावट आ सकती है। उल्लेखनीय है कि 2001 की जनगणना के अनुसार, हिंदुओं में साक्षरता दर 65.8 प्रतिशत थी, जबकि मुसलमानों में यह केवल 59.1 प्रतिशत थी। अगर हम उच्च शिक्षा की बात करें तो हम देखते हैं कि 2001 में 18 से 25 वर्ष की आयु वर्ग में मुस्लिम समुदाय में स्नातक और अधिक शिक्षित लोगों की संख्या केवल 6.7 प्रतिशत थी, जबकि हिंदुओं में यह 12.5 प्रतिशत थी। शिक्षा और कुल प्रजनन दर के बीच संबंधों को देखते हुए, हम सहज रूप से कह सकते हैं कि कम शिक्षित मुस्लिम महिलाएं अधिक बच्चों को जन्म देती हैं, जबकि अधिक शिक्षित महिलाओं में प्रजनन दर कम होती है। मुस्लिम आबादी में वृद्धि और हिंदू आबादी में कमी को हिंदुओं और मुसलमानों के बीच शिक्षा के स्तर में अंतर से भी समझाया जा सकता है।

**संतुलन कैसे लाया जाए? :** हमने देखा है कि आर्थिक समृद्धि, शैक्षिक विकास और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ, जन्म दर, मृत्यु दर और जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि दर सभी में कमी आ रही है। सबसे पहले, मुस्लिम आबादी को शैक्षिक रूप से उन्नत करने की आवश्यकता है। इससे कुल प्रजनन दर को कम करने में मदद मिल सकती है। दूसरा, सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए राजकोषीय प्रोत्साहन का उपयोग कर सकते हैं। तीसरा, पिछले कुछ समय से जनसंख्या नीति पर बहस चल रही है। जनसंख्या संतुलन प्राप्त करने और आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक मानकों के दृष्टिकोण से भविष्य की जनसंख्या को उन्नत करने के लिए जनसंख्या नीति महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। परिवार को सीमित करने हेतु कुछ क़ानूनी प्रावधान भी इस दिशा में समाधान दे सकते हैं।

(लेखक अर्थशास्त्री और प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## पुण्यतिथि

डॉ. रमेश ठाकुर



# आतंकवाद के खात्मे का संकल्प लेने का दिन

21 मई की तारीख आतंकवाद को खत्म करने और शांति-सद्भाव को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालती है। देशवासी हमेशा से महसूस करते आए हैं कि कैलेंडर में टंगी 21 मई की तारीख प्रत्येक भारतीयों के लिए सदैव मनहूस होती रहेगी, क्योंकि ये वही डेट है जिसने भारत के 6वें प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मौत मुकर्रर की थी। आज उनकी पुण्यतिथि भी है। राजीव की हत्या के बाद ही सालाना 21 मई को 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' को मनाए जाने की आधिकारिक घोषणा हुई। राजीव गांधी की 21 मई 1991 को मद्रास के पास एक गांव श्रीपेरंबुदूर में 'लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम' की महिला सदस्य ने मानव बम बनकर हत्या कर दी थी। तब, केंद्र में आई अगली वीपी सिंह सरकार ने इस दिन को 'आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में दर्ज करवाया।


'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी' दिवस स्मरण, चिंतन और कार्रवाई का दिन है। ये सच है, आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता, वह केवल विनाश की भाषा समझते हैं। बेकसूर लोगों का सिर्फ लहू ही पीना जानते हैं। केंद्र व राज्य सरकारें डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से आतंकवाद से बचाव और उनके मंसूबों को परखने के लिए समय-समय पर विभिन्न तरह के संदेशों का प्रचार-प्रसार करती रहती हैं। निश्चित रूप से राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। क्योंकि ये देशवासियों को अपने दैनिक जीवन में सतर्कता बरतने और सावधान रहने को आग्रह करता है। साथ ही अपने मतभेदों को दूर करने और सौहार्दपूर्ण ढंग से सह-अस्तित्व के लिए प्रोत्साहित कर अमन-शांति को बढ़ावा देने का भी प्रयास करता है। इसके अलावा ये दिन हमें ये भी एहसास कराता है कि आज के वक्त में समाज को शांतिपूर्ण बनाए रखना कितना महत्वपूर्ण है।



आतंकवाद विरोधी दिवस देशवासियों को आतंक के खतरनाक प्रभावों के संबंध में तसल्ली से जागरूकता पैदा करता है। भारत का गुजरा समय कुछ ऐसा था। जब देशवासी अपने भीतरी 'लिट्टे नामक आतंकवाद' का दंश झेल रहे थे। जो चारों ओर खूनी कहर बरपा रहा था। गनीमत ये थी उसका प्रभाव दक्षिण राज्यों में ही ज्यादा रहा। कहने को, ये उग्रवादी अलगाववादी समूह श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में तमिलों के लिए एक स्वतंत्र मातृभूमि के लिए लड़ रहा था। लेकिन उनकी हरकतें कहीं से भी मातृभूमि के लिए लड़ने वाली नहीं लगती थी। क्योंकि ये संगठन अपने ही सैकड़ों लोगों को मौत के घाट उतार रहा था। राजीव गांधी की हत्या भी बड़ी साजिश का हिस्सा थी। तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में चुनावी रैली के दौरान उन्हें निशाना बनाया गया। महिला हमलावर ने बकायदा राजीव के पास आकर उनके पैर छुए और मानव बम का बटन दबाकर विस्फोट कर उन्हें उड़ा दिया। उस दर्दनाक घटना ने समूचे हिंदुस्तान को झकझोर दिया था। पर, उसके बाद यहीं से आतंकवाद को खत्म करने के लिए केंद्र व राज्य सरकारों ने कमर कसी, कई ऑपरेशन चलाए, जिसका नतीजा ये हुआ, कुछ वर्षों के भीतर लिट्टे का नाम पूरी तरह से नेस्तनाबूद हो गया। आज का दिन जनमानस को आतंकवाद जैसे असामाजिक कृत्य के प्रति न सिर्फ जागरूक करता है, बल्कि राष्ट्रीय सद्भाव को बढ़ावा देना, आतंकवाद को कम करने और सभी जातियों, पंथों और लिंग के लोगों को एकजुट करने का संबल भी प्रदान करता है। 80-90 के दशक में समूचा भारत आतंकवाद से बुरी तरह प्रभावित था। लेकिन जैसे-जैसे समय आगे बढ़ा, हालात तेजी से सुधरे? अंदरूनी स्तर पर नक्सलवाद के चलते अब भी भारत के कुछ जंगली क्षेत्रों में निम्न-स्तरीय संघर्ष है। पर, अधिकांश आबादी अब तकरीबन आतंकवाद से मुक्त है। बाहरी आतंक पर भी अंकुश लगा है। पहले के मुकाबले जम्मू-कश्मीर के हालात में भी सुधार है, पर पाक प्रायोजित आतंकवाद अभी अपना रंग दिखा रहा है। सुधरते हालातों की ही सुखद तस्वीर है कि लाल चौक पर तिरंगा लहरा रहा है। वैश्विक स्तर पर देखें तो, 2022 से आतंकवाद से होने वाली मौतें में 79 फीसदी की गिरावट आई है। घाटी में लगातार होते हमलों में भी 90 फीसदी की कमी है। आज हमें आतंकवाद का खात्मे का संकल्प लेना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित

दर्शन

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए।

## आइसक्रीम की एक डिश



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का । यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया । उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न की अपने आइसक्रीम के बारे में । उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए । हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**रील्स न बने परेशानी का कारण**

दुनिया में डिजिटल दौर चल रहा है। अब लोग सोशल मीडिया का प्रयोग भी खूब कर रहे हैं। सोशल मीडिया मनोरंजन के साथ-साथ जानकारियों का भी बहुत बढ़िया जरिया है, लेकिन कुछ लोग इसे अपनी मशहूरी पाने के लिए भी प्रयोग करते हैं और इस पर अपनी तरह-तरह और विचित्र तरह की सेल्फी और पोस्ट डालते हैं। आजकल रील्स का ट्रेंड चल रहा है और इसमें लगभग हर उम्र के लोग शामिल हैं। लोग अपने दोस्तों और दूसरे लोगों को दिखाने के लिए रील्स बनाकर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर शेयर कर रहे हैं। कुछ तो जान को जोखिम में डाल कर और कुछ अपनी इज्जत को भी दांव पर लगाकर रील्स बना रहे हैं। महिलाएं और लड़कियां भी इस मामले में पीछे नहीं है। रील्स जान पर भारी न पड़े, इसके लिए सरकार, प्रशासन और समाज को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए। *-महेश पाठक, अंबिकापुर*

## ट्रेंड

**बढ़चढ़ कर करें मतदान**



महिला और युवा मतदाताओं से मेरी यह विशेष अपील है कि वे लोकतंत्र के इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। सभी मतदाताओं से मेरा अनुरोध है कि वे अपना वोट जरूर डालें और मतदान का एक नया रिकॉर्ड बनाएं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**भारत ईरान की जनता संग**



हेलीकॉप्टर दुर्घटना में ईरान के राष्ट्रपति डॉ इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री एच अमीर-अब्दुल्लैया के निधन की खबर सुनकर अत्यंत दुखी हूं। उनके परिवारों के प्रति हमारी शोक-संवेदनाएं। हम इस दुख की घड़ी में ईरान की जनता के साथ खड़े हैं। -एस जयशंकर, विदेश मंत्री

**बेहतर जीवन**



दूरदराज के समुदायों तक कनेक्टिविटी लाने से शिक्षा और आर्थिक अवसरों तक पहुंच में मौलिक सुधार होता है। आज सभी सुविधाएं आनलाइन हो गई है। जिसके कारण कनेक्टिविटी से ही आम जनमानस के जीवन में न केवल सुधार हो सकता है बल्कि जीवन भी बेहतर हो सकता है।

-एलन मास्क, उद्योगपति

**उत्सव की तरह**



भैयाजी और भाभीजी ने वोट दे दिया। आप सभी से निवेदन है कि मतदान करें और अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करें। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव उत्सव की तरह हैं।

-मनोज वाजपेयी, अभिनेता

## करंट अफेयर

# एचआईवी पीड़ित महिलाएं करा सकती हैं स्तनपान



अमेरिका के बाल रोग विशेषज्ञों के समूह ने सोमवार को आमूल-चूल नीतिगत बदलाव करते हुए कहा कि एचआईवी से संक्रमित महिलाएं अपने बच्चों को स्तनपान करा सकती हैं बशर्ते उनके द्वारा ली जा रही दवा से एड्स का कारण बनने वाला विषाणु निष्प्रभावी हो गया है। अमेरिकी बाल रोग विशेषज्ञ अकादमी ने नयी रिपोर्ट में 1980 के दशक में एचआईवी महामारी के दौरान की गई अनुशंसा को बदल दिया है। कोलोरोडो विश्वविद्यालय में बाल एचआईवी विशेषज्ञ और शोधपत्र की प्रमुख लेखिका डॉ.लीजा अबुओगी ने कहा कि यह स्वीकार किया गया है कि नियमित रूप से ली जाने वाली दवा स्तनपान के जरिये एचआईवी संक्रमण के प्रसार के खतरे को एक प्रतिशत से भी कम कर देती है। अबुओगी ने कहा, 'अब दवाएं इतनी अच्छी हैं, जच्चा एवं बच्चे के लिए इतनी लाभदायक हैं कि हम उस अवस्था में हैं जहां साझा निर्णय लेना महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा कि एंटीरिट्रोवायरल थेरेपी के तौर पर जानी जाने वाली दवा स्तनपान के जरिये एचआईवी के प्रसारित होने के खतरे को पूरी तरह से खत्म नहीं करती और स्तनपान कराने से रोकना केवल वायरस का प्रसार होने से रोकने के अन्य तरीकों में से एक है।

## ऑफ बीट

# कैंसर के टीकों के लिए बढ़ती वैश्विक उम्मीद

विशेष प्रकार के त्वचा कैंसर और फेफड़ों के कैंसर के लिए तीन टीकों के नैदानिक परीक्षणों (क्लिनिकल ट्रायल) का अंतिम चरण चल रहा है।



कैंसर का इलाज लंबे समय से एक सपना रहा है। वैश्विक बीमारियों के मामले में हृदय संबंधी बीमारियों के बाद कैंसर दूसरे स्थान पर है। हालांकि अभी तक कोई जादुई गोली नहीं दिख रही है, लेकिन विशेष प्रकार के त्वचा और फेफड़ों के कैंसर के लिए तीन टीके हाल के महीनों में नैदानिक परीक्षणों के अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। अगर सफलता मिली तो ये टीके अगले तीन से 11 वर्षों में रोगियों के लिए उपलब्ध हो जाएंगे। बीमारियों को रोकने वाले टीकों के विपरीत, इनका उद्देश्य उन्हें ठीक करना या बीमारी को फिर से होने से रोकना है। हर व्यक्ति में कैंसर अलग-अलग होता है क्योंकि हर कैंसरग्रस्त ट्यूमर की कोशिकाओं में अनुवंशिक उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) के अलग-अलग सेट होते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए दो टीके प्रत्येक रोगी के लिए विशेष रूप से बनाए गए हैं। दवा कंपनियों के साथ काम करने वाले ऑन्कोलॉजिस्ट (वे चिकित्सक जो कैंसर का निदान और उपचार करते हैं) ने इन व्यक्तिगत नियोएंटीजन थेरेपी को विकसित किया है।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



## मतदान के गौरवशाली क्षण कैमरे में हुए कैद


अभिनेत्री जान्हवी कपूर


अभिनेता प्रेम चोपड़ा


केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह


अभिनेता सनी देओल


पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर


अभिनेता सलमान खान


अभिनेता शाहरुख खान


मुंबई की 112 साल की कंचनबेन

# लोकसभा चुनाव का 5वां चरण: मतदान के दौरान कहीं छिटपुट हिंसा तो कहीं व्यवस्थाओं को लेकर हुई शिकायतें, आरोप प्रत्यारोप भी हुए

## शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ताओं की तीखी बहस भी हो गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण का मतदान आज सोमवार को पूरा हो गया है। 8 राज्यों की 49 सीटों पर हुए मतदान के दौरान कई जगह छुटपुट झड़प हुई तो कहीं कहीं दलों के कार्यकर्ताओं में बहस होती भी देखी गई। 543 लोकसभा सीटों में चौथे फेज तक 380 सीटों पर मतदान हो गया है। आज सोमवार को मतदान के चौथे चरण की सीटों को मिलाकर कुल 429 सीटों पर मतदान पूरा हो जाएगा। बाकी 2 चरणों में 114 सीटों पर वोटिंग होगी। इसके अलावा ओडिशा विधानसभा के सेकेंड फेज की 35 सीटों पर 50.95 प्रतिशत, झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट पर 54.82 प्रतिशत और लखनऊ ईस्ट सीट पर 45.53 प्रतिशत वोटिंग शाम 6 बजे तक हुई है। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान के दौरान शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी बहस भी हो गई। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया है कि मतदान मंद गति से हो रहा है इसकी शिकायत चुनाव आयोग से करेंगे। वहीं पुलिस ने शिवसेना (यूबीटी) के तीन कार्यकर्ताओं को मतदान केंद्र के पास डमी ईवीएम रखने के आरोप में हिरासत में लिया है। वहीं पश्चिम बंगाल में 7 संसदीय क्षेत्रों में हिंसा की छिटपुट घटनाएं हुईं। बैरकपुर, बनगांव और आरामबाग सीटों के विभिन्न हिस्सों में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबर सामने आई। मतदान अधिकारियों ने दावा किया है कि सुबह 11 बजे तक विभिन्न राजनीतिक दलों से 1,036 शिकायतें मिलीं। इनमें आरोप लगाया गया है कि ईवीएम में खराबी आ रही है और एजेंट्स को बूथों में प्रवेश करने से रोका जा रहा है।

### दो देसी बम भी बरामद, भाजपा नेता के साथ मारपीट

आरामबाग निर्वाचन क्षेत्र के खानाकुल इलाके में मतदान एजेंट को मतदान केंद्रों में प्रवेश करने से रोकने को लेकर टीएमसी और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प हो गई। सुरक्षाकर्मियों ने इलाके से दो देसी बम भी बरामद किए। टीएमसी उम्मीदवार मिताली बाग ने कहा, भाजपा के गुंडों ने इलाके में आतंक फैला दिया है और मतदाताओं को डरा रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार अरूप कांति दिगर ने आरोपों को खारिज करते हुए टीएमसी पर आरोप लगाया कि टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने चुनाव के दिन हिंसा की।


यूपी में मतवालों की कतार

बनगांव निर्वाचन क्षेत्र के गायेशपुर इलाके में स्थानीय भाजपा नेता सुबीर बिस्वास को एक बूथ के बाहर कथित तौर पर टीएमसी के गुंडों ने पीटा। बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। इसी निर्वाचन क्षेत्र के कल्याणी इलाके में केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार शांतनु ठाकुर ने एक मतदान केंद्र के अंदर एक व्यक्ति को अपने प्रतिद्वंद्वी टीएमसी उम्मीदवार विश्वजीत दास के पहचान पत्र का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा।

### लॉकेट चटर्जी के खिलाफ नारेबाजी

हुगली निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा की मौजूदा सांसद और पार्टी की उम्मीदवार लॉकेट चटर्जी को टीएमसी विधायक आशिमा पात्रा के नेतृत्व में टीएमसी कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। जब चटर्जी पोलिंग बूथ की ओर जा रही थीं, तब टीएमसी कार्यकर्ताओं ने चोर-चोर के नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद भाजपा सांसद अपनी कार से उतरीं और जवाबी नारे लगाए। पुलिस और केंद्रीय बलों की एक बड़ी टुकड़ी मौके पर पहुंची और दोनों समूहों को नारेबाजी करने से रोका गया। हावड़ा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से हिंसा की छिटपुट घटनाएं सामने आईं। हावड़ा के लिलुआ इलाके में भाजपा ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर बूथ जाम करने का आरोप लगाया, जिससे दोनों समूहों के बीच झड़प हुई।

### पांचवे चरण में दांव पर दिग्गजों की साख

**राजनाथ सिंह**



भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और मोदी कैबिनेट में मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ सीट से चुनाव मैदान में हैं। भाजपा का गढ़ मानी जाने वाली लखनऊ सीट से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी संसद पहुंचते रहे।

**राहुल गांधी**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 2004 से 2014 तक संसद में अमेठी सीट से चुनाव जीतते आए हैं। 2019 में राहुल को अमेठी से हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, तब वह केरल की वायनाड सीट से संसद पहुंचने में सफल रहे थे।

**स्मृति ईरानी**



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी 2019 में यूपी की अमेठी सीट से निर्वाचित हुई थीं। स्मृति ने तब कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष राहुल गांधी को शिकस्त दी थी। स्मृति इस बार भी अमेठी सीट से चुनाव मैदान में हैं।

**पीयूष गोयल**



मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को चुनाव मैदान में उतारा है। पीयूष गोयल राज्यसभा में नेता सदन भी हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष के सामने कांग्रेस के भूषण पाटिल और बसपा के रईस डॉक्टर की चुनौती है।

**रोहिणी आचार्य**



लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य बिहार की सारण सीट से चुनाव मैदान में हैं। रोहिणी अपने पिता लालू को किडनी दान कर चर्चा में आई थीं। आरजेडी ने रोहिणी को लालू की कर्मभूमि रहे सारण से मैदान में उतारा है।

**श्रीकांत शिंदे**



महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में शिवसेना के टिकट पर कल्याण सीट से संसद पहुंचे थे। 2019 में 2014 के मुकाबले श्रीकांत की जीत का अंतर बढ़ा लेकिन तब और अब के हालात अलग हैं।

### इंडी गठबंधन की उल्टी गिनती शुरु

## बंगाल में टीएमसी-कांग्रेस को बताया डूबता जहाज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पश्चिम बंगाल और ओडिशा में चुनावी सभाएं की और विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बंगाल के जलपाईगुड़ी में रामकृष्ण मिशन आश्रम पर हमले की निंदा



करते हुए तृणमूल कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि वह वोट बैंक की राजनीति के लिए संतों के खिलाफ आतंक का माहौल बनाने की छूट दे रही है। पश्चिम बंगाल के झारग्राम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी खुद रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के संन्यासियों को धमकियां दे रही हैं। उन्होंने कहा, तृणमूल कांग्रेस के गुंडों की इतनी हिम्मत हो गई है कि वे रामकृष्ण मिशन के आश्रम पर हमला करते हैं। उन्होंने कहा, यह शर्मनाक है कि तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में हिंदुओं की धार्मिक आस्था को आहत करने का बीड़ा उठाया है। इधर कटक में पीएम मोदी ने एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया यहां पर पीएम मोदी ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में हमारी माताएं-बहनें आईं, फर्स्ट टाइम वोटर हैं वो उमंग से भरे हैं। ये दिखा रहा है कि 25 साल बाद ओडिशा नया इतिहास रचने जा रहा है। ओडिशा में 10 जून को भाजपा का पहला सीएम शपथ लेगा, ये तय है। आपके आशीर्वाद से तीसरी बार मोदी सरकार दिल्ली में शपथ लेगी, ये भी तय है।

### अपने मुद्दों पर वोट कर रहा है वोटर

## राहुल ने कहा-देश में बदलाव की आंधी

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान शुरू हो चुका है. मतदान शुरू होने के बाद सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि जनता विपक्षी




गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के साथ मिलकर खुद यह चुनाव लड़ रही है और देश भर में बदलाव की आंधी चल रही है। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 49 सीट पर मतदान हुआ है। इसमें रायबरेली लोकसभा क्षेत्र भी शामिल है जहां से राहुल गांधी खुद कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने अपने पो 'आज लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान है। पहले चार चरणों में ही यह साफ हो गया है कि जनता संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए खड़ी हो गई है और भाजपा को हरा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि नफ़रत की राजनीति से ऊब चुका यह देश अब अपने मुद्दों पर वोट कर रहा है। राहुल गांधी ने कहा, 'युवा नौकरी के लिए, किसान एमएसपी के लिए कर रहा है मतदान।

## खबर संक्षेप

### पीएमएलए मतलब प्रधानमंत्री की लाल आंख

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने नरेंद्र मोदी सरकार पर एजेंसियों के बेजा



इस्तेमाल का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पीएमएलए कानून का मनी लॉन्ड्रिंग से कोई मतलब नहीं है। इस कानून का फुल फॉर्म है-प्रधानमंत्री की लाल आंख। उन्होंने कहा कि इस कानून के जरिए उन निशाना बना लिया जाता है, जो सरकार के खिलाफ हैं। कपिल ने एक इंटरव्यू में ये सब बातें कहीं।

### कंगना का किया विरोध दिखाए गए काले झंडे

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति के काजा उपमंडल में लोकसभा चुनाव के प्रचार के



लिए पहुंची बॉलीवुड एक्ट्रेस और भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत को विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान लाहौल स्पीति में कांग्रेस वर्करों ने उन्हें काले झंडे दिखाए और गोबैक के नारे लगाए। हालांकि, बाद में कंगना ने एक जनसभा को संबोधित किया।

### 12वीं की प्राची को मिले 500 में से 500 अंक

**जयपुर।** राजस्थान बोर्ड ने 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया। इस साल 96 प्रतिशत से अधिक छात्र पास हुए हैं। छात्राओं का पासिंग प्रतिशत 98.90 प्रतिशत



रहा है जबकि 97.08 फीसदी लड़के पास हुए हैं। प्राची सोनी ने 12वीं कक्षा में पूरे राज्य से टॉप किया है, उन्हें 500 में से 500 अंक मिले हैं, जिनकी मार्कशीट भी वायरल हो रही है। दूसरे स्थान पर तरुणा चौधरी हैं और तीसरे स्थान पर प्रियंका गुर्जर रही हैं।

### संयुक्त किसान मोर्चा ने किया ऐलान



## लंबे समय बाद शंभू बॉर्डर पर किसान खाली करेंगे रेलवे ट्रैक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब से एक बड़ी खबर सामने आई है। शंभू बॉर्डर पर रेलवे ट्रैक पर पिछले करीब एक महीने से डटे किसान अब हटेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) ने ऐलान किया कि शंभू रेलवे स्टेशन पर ट्रैक को खाली कर दिया जाएगा। बता दें कि पिछले करीब एक महीने से शंभू बॉर्डर के पास किसान रेलवे ट्रैक पर डटे हुए थे और धरना दे रहे थे। रेलवे ट्रैक पर डटे सभी किसान आज से ट्रैक को खाली कर रहे हैं। किसान नेताओं ने कहा पंजाब में भाजपा के लीडरों की तरफ से किसान जत्थेबंदियों को चैलेंज किया।

### पीएम मोदी से सवाल पूछने जाएंगे किसान

22 मई को शंभू और खनौरी बॉर्डर पर मोर्चे के 100 दिन होने पर बड़ी गिनती में किसान इक्कठे होंगे और मोर्चों को बडा किया जाएगा। किसानों ने कहा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब आ रहे हैं, किसान उनसे सवाल पूछने के लिए वहा जाएंगे जहां वह रैली करेंगे। रेलवे ट्रैक जाम करने की वजह से दिल्ली जम्मू रेल मार्ग पर ट्रैफिक बुरी तरीके से प्रभावित था। कई ट्रेनें अब तक रद्द की जा चुकी हैं और कई के मार्ग बदल दिए गए थे।

### ईडी ने हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका का विरोध किया

## केजरीवाल की फिर बढ़ सकती हैं मुसीबतें रिमांड के लिए ईडी ने दाखिल की याचिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 2 जून तक अंतरिम जमानत पर बाहर हैं और लोकसभा चुनाव के लिए आप के उम्मीदवारों का प्रचार कर रहे हैं। इस दौरान ईडी ने 2 जून के बाद उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने के लिए अदालत में आवेदन दायर कर दिया है। ईडी ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ाने के लिए आवेदन किया है। केजरीवाल को जमानत याचिका पर लंबी बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 2 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी थी। अब ईडी के आवेदन के बाद सीएम केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। एजेंसी ने अदालत को बताया कि केजरीवाल फिलहाल अंतरिम जमानत पर हैं और उन्हें 2 जून को सरेंडर करने का निर्देश दिया गया है। इस आवेदन पर अदालत में 2 जून को सुनवाई होने की संभावना है।

**सीएम केजरीवाल अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर हैं**

सुप्रीम कोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल को 2 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी थी



### मार्च में ईडी ने किया था गिरफ्तार

अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने दिल्ली की शराब नीति मामले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। उन्हें 10 मई को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी थी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने आदेश दिया था कि केजरीवाल मुख्यमंत्री कार्यालय और दिल्ली सचिवालय नहीं जाएंगे और उन्हें आम चुनाव के आखिरी चरण के मतदान के एक दिन बाद 2 जून को सरेंडर करना होगा और वापस जेल जाना होगा।

### कविता की भी बढ़ी हिरासत

शुक्रवार को ईडी ने अपनी ताजा चार्जशीट में सीएम केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को आबकारी नीति जांच में आरोपी बनाया है। एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि ऐसे सबूतों के बिना पर चार्जशीट दायर की गई है जिन्हें गलत साबित नहीं किया जा सकता है। अदालत ने सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत भी 3 जून तक बढ़ा दी है। अब ऐसा माना जा रहा है कि ईडी 2 जून को अरविंद केजरीवाल की हिरासत बढ़ाने को लेकर सुनवाई कर सकता है।

### चुनाव प्रचार करना मौलिक अधिकार नहीं

प्रवर्तन निदेशालय ने लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन



मामले में अंतरिम जमानत की मांग करने वाली झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका का सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में विरोध किया।लोकसभा चुनावों के दौरान प्रचार के लिए सोरेन की अंतरिम जमानत का विरोध करते हुए, ईडी ने कहा, चुनाव के लिए प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है, न ही संवैधानिक और कानूनी अधिकार भी नहीं है।

### 25 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इन बिलों पर दस्तखत किए

## कोर्ट ने 3 नए क्रिमिनल कानूनों के खिलाफ याचिका को खारिज किया और समिति की मांग को किया अस्वीकार

**33 अपराधों में कारावास की सजा बढ़ा दी गई है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय न्याय संहिता 2023 समेत तीन नए क्रिमिनल कानूनों की जांच और लागू होने के बाद सही ढंग से काम करने की जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दिया है।

जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मिथल की वैकेशन बेंच ने कहा कि ये कानून अभी तक लागू नहीं हुए हैं। गौरतलब है कि लोकसभा ने 21 दिसंबर 2023 को तीन बिलों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता बिल पास किए थे। 25 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इन बिलों पर दस्तखत किए थे। तीन नए आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से प्रभावी हो जाएंगे।

**तीन नए आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से प्रभावी हो जाएंगे**

**हत्या की धारा 302 की जगह हो जाएगी 101**



### ये होंगे बड़े बदलाव

भारतीय न्याय संहिता में ये हैं बड़े बदलाव
भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में 20 नए अपराध जोड़े गए हैं। ऑर्गेनाइज्ड क्राइम, हिट एंड रन, मॉब लिंचिंग पर सजा का प्रावधान। डॉक्यूमेंट में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड शामिल हैं आईपीसी में मौजूद 19 प्रावधानों को हटा दिया गया है। 33 अपराधों में कारावास की सजा बढ़ा दी गई है। 83 अपराधों में जुर्माने की सजा बढ़ा दी गई है। छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है।

### इस तरह बदल जाएंगी धाराएं

नए कानून के लागू होने के बाद जो धाराएं अपराध की पहचान बन चुकी थीं, उनमें भी बदलाव होगा। जैसे हत्या के लिए लगाई जाने वाली आईपीसी की धारा 302 अब धारा 101 कहलाएगी। ठगी के लिए लगाई जाने वाली धारा 420 अब धारा 316 होगी। हत्या के प्रयास के लिए लगाई जाने वाली धारा 307 अब धारा 109 कहलाएगी। वहीं, दुष्कर्म के लिए लगाई जाने वाली धारा 376 अब धारा 63 होगी। हालांकि, हिट एंड रन केस का संबंधित प्रावधान तुरंत लागू नहीं होगा। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने जनवरी में कहा था कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2) को लागू करने का फैसला अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) से सलाह के बाद ही लिया जाएगा।

### सीएम धामी ने दिए निर्देश

## चारधाम यात्रा का ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 31 तक रहेगा बंद

एजेंसी ▶▶ देहरादून

चारधाम यात्रा का ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 31 मई तक के लिए बंद कर दिया गया है। यात्रा व्यवस्थाओं के मद्देनजर फैसला लिया गया है। सीएम धामी ने इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। चारधाम यात्रा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने तीर्थयात्रियों से पंजीकरण के दौरान दी गयी तारीख पर ही दर्शन करने, तथा मेडिकल हिस्ट्री नहीं छुपाने का भी अनुरोध किया ताकि यात्रा सुखद रहे।

दरअसल, बहुत से श्रद्धालु पंजीकरण के दौरान दी गई तारीख से



पहले ही चारधाम यात्रा में पहुंच गए हैं, जिससे तीर्थयात्रियों की संख्या बेतहाशा बढ़ गई।

इसे रोकने के लिए बुधवार से ही स्थानीय स्तर पर आरटीओ एवं जिला प्रशासन की टीमों को सख्ती से चेकिंग करने को कहा गया है।चार धाम यात्रा में पहुंच रही बंपर भीड़ के चलते यात्रा के स्लॉट फुल हो गए हैं, जिसके बाद पर्यटन विभाग की ओर से हरिद्वार में रजिस्ट्रेशन काउंटर बंद कर दिए गए हैं।

## मुंबई में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रहा बाजार बंद

**मुंबई।** मुंबई में आम चुनाव के मद्देनजर बीएसई और एनएसई शेयर बाजार, मुद्रा और जिंस बाजार सोमवार को बंद रहे। चुनाव के मध्यनजर लोगों को वोट डालने के लिए नियामकों ने बाजार बंद रखने का निर्णय लिया। बाजार में मंगलवार से फिर कारोबार शुरू होगा।

## एमएफ ने 1.3 लाख करोड़ किया शेयरों में निवेश

**नई दिल्ली।** म्यूचुअल फंड उद्योग (एमएफ) ने इस साल भारतीय शेयरों में मजबूत भरोसा दिखाया और लगभग 1.3 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया। यह वृद्धि मुख्य रूप से खुदरा निवेशकों के बढ़े हुए भरोसे और शेयर बाजार के मजबूत प्रदर्शन के चलते हुई। म्यूचुअल फंड भारतीय बाजार की अंतर्निहित वृद्धि क्षमता को प्राथमिकता देते हैं। चुनाव जैसी अल्पकालिक घटनाओं से कम प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावशाली लोगों और उद्योग के दिग्गजों के आश्चर्यजनक उदाहरणों के कारण व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) में निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी है।

### जीएसटी अधिकारी कराधान मुद्दे से निपटने बना रहे व्यवस्था

# ई-कॉमर्स कंपनियों के साझा गोदामों के पंजीकरण व्यवस्था के लिए काम जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*जीएसटी अधिकारी ई-कॉमर्स कंपनियों के साझा गोदामों से संबंधित कराधान और पंजीकरण मुद्दों से निपटने के लिए एक व्यवस्था बनाने पर काम कर रहे हैं। इन गोदामों में कई आपूर्तिकर्ता ग्राहकों तक सामान की आपूर्ति के लिए अपना माल जमा करते हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है।*

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नियमों के तहत कई आपूर्तिकर्ताओं के एक ही गोदाम को अपने 'कारोबार के अतिरिक्त स्थान' के रूप में बताये जाने के बाद ऐसे गोदामों के लिए कराधान का मुद्दा सामने आया है।

अधिकारी ने कहा, हम इसपर काम कर रहे हैं कि क्या ई-कॉमर्स कंपनियों की तरफ से कई आपूर्तिकर्ताओं के माल को रखने के लिए बनाये गये गोदामों के लिए 'साझा कार्यस्थल' या 'सह-कार्य स्थान' धारणा को लागू किया जा सकता है या नहीं।



- कंपनियां ग्राहकों तक सामान पहुंचाने अपना माल जमा करते हैं
- आपूर्तिकर्ताओं को गोदाम को कारोबार के अतिरिक्त स्थान के रूप में दिखाना आवश्यक

### माल रखने साझा गोदाम रख सकते हैं

जीएसटी कानून के तहत ई-कॉमर्स मंच को सामान की आपूर्ति करने वाले अपना माल एक साझा गोदाम में रख सकते हैं। हालांकि, आपूर्तिकर्ताओं को अपने जीएसटी पंजीकरण में गोदाम को कारोबार के अतिरिक्त स्थान के रूप में दिखाना आवश्यक है।

### साझा गोदाम बनाए रखने की आवश्यकता आई सामने

जीएसटी परिषद के तहत विधि समिति में केंद्रीय और राज्य कर अधिकारी शामिल हैं। ऑडिट और परामर्श कंपनी मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि ई-कॉमर्स के विकास के साथ कई कंपनियों को विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं के लिए साझा गोदाम बनाए रखने की आवश्यकता सामने आई है। ऐसे गोदाम हजारों आपूर्तिकर्ताओं को सेवाएं दे रहे हैं।

### जियो-टैगिंग लागू की

जीएसटी अधिकारियों ने हाल ही में 'जियो-टैगिंग' लागू की है। इसके तहत करदाताओं को सभी पंजीकृत परिसरों के लिए 'जियो-टैग' प्रदान करने की जरूरत होगी। इससे कर अधिकारियों को पंजीकृत करदाताओं के सटीक स्थानों के बारे में जानकारी मिलती है।

### एक ही पता जांच का कारण

मोहन ने कहा, 'एक ही पता दिखाने वाले कई करदाताओं के मामले में इन गोदामों के भीतर काम करने वाले करदाताओं और उन्हें प्रबंधित करने वाली कंपनियों दोनों के लिए जांच का कारण बन सकता है। यह एक महत्वपूर्ण चुनौती है। उद्योग स्तर पर इसके समाधान की जरूरत है।'

### एक ही गोदाम में कराते हैं पंजीकरण

जब कई करदाता एक ही गोदाम में पंजीकरण कराते हैं, तो 'जियो-टैग' सभी के लिए एक ही पते को बताता है। यह कर अधिकारी को एक संकेत देता है कि कई करदाता एक ही स्थान पर स्थित हैं और यह एक संभावित धोखाधड़ी वाला पंजीकरण हो सकता है।

### गोदाम में कई आपूर्तिकर्ता अपना माल रखते हैं

दूसरा मुद्दा यह है कि जिस गोदाम में कई आपूर्तिकर्ता अपना माल रखते हैं, उसे किसी एक आपूर्तिकर्ता की चूक के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। इसके अलावा, एक जोखिम यह भी है कि कर अधिकारी ऐसी गड़बड़ी के लिए खुद ई-कॉमर्स परिचालकों को जिम्मेदार ठहरा सकते हैं, जिससे उनके कारोबार पर असर पड़ सकता है।

## जेनरेटिव एआई से जोखिम बढ़ने की भी आशंका: रिपोर्ट

- दुनियाभर के साइबर सुरक्षा दिग्गज नकारात्मक प्रभाव को लेकर सजग
- 99 प्रतिशत संगठन साइबर सुरक्षा पहल में एआई की मदद लेते हैं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जेनरेटिव कृत्रिम मेधा (जेनएआई) संभावनाओं के साथ जोखिम की आशंका भी लेकर आता है और दुनियाभर के साइबर सुरक्षा दिग्गजों का एक बड़ा हिस्सा इसके नकारात्मक प्रभाव को लेकर सजग है। एक वैश्विक सर्वेक्षण में यह बात कही गई है। पहचान सुरक्षा मंच साइबरआर्क की तरफ से कराए गए सर्वेक्षण में 93 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि उन्हें एआई से नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है जिसमें एआई-संचालित मालवेयर और जालसाजी का खतरा सबसे आगे है। साइबरआर्क की 'पहचान सुरक्षा खतरा परिदृश्य रिपोर्ट-2024' 18 देशों में 2,400 साइबर सुरक्षा जानकारों के बीच कराए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। इसमें पाया गया कि जेनएआई के साथ मशीन की पहचान बढ़ने और तीसरे एवं चौथे पक्ष के जोखिम बढ़ने से 'साइबर ऋण' का निर्माण जारी है। 'साइबर ऋण' का आशय कंप्यूटर, सर्वर और एप्लिकेशन जैसे प्रौद्योगिकी उपकरणों को सही स्थिति में बनाए न रखने पर आने वाली लागत से है।

### जालसाज अपनी क्षमताएँ बढ़ा रहे

पहचान-संबंधी हमलों की मात्रा और इसके परिष्कृत उपयोग में वृद्धि की भी आशंका है। कुशल और अकुशल दोनों तरह के हमलावर एआई-संचालित मालवेयर और जालसाजी की अपनी क्षमताएं बढ़ा रहे हैं। कुल 93 प्रतिशत उत्तरदाताओं को आशंका है कि वित्त वर्ष 2024-25 में उनके संगठनों के लिए एआई-संचालित टूल साइबर जोखिम पैदा कर सकते हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

मैसर्स हरजीत ब्रदर्स (पैन नंबर–AABFH7659B) जिसका पंजीकृत कार्यालय 46/43, रोड नम्बर 43, वेस्ट एवेन्यू, पंजाबी बाग, नई दिल्ली–26 पर है, एक पंजीकृत साझेदारी फर्म है जिसमें श्री हरजीत सिंह निवासी द पाम स्प्रिंग्स, विला नंबर 77, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर–54, गुड़गांव, श्री मल्कियत सिंह और श्री रविंदर पाल सिंह दोनों निवासी 46/43,रोड नंबर 43, वेस्ट एवेन्यू, पंजाबी बाग, नई दिल्ली–26 और श्री तेजिंदर पाल सिंह निवासी द पाम स्प्रिंग्स, विला नंबर 76, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर–54, गुड़गांव में साझेदार हैं। यह साझेदारी फर्म राजस्व विभाग में विधिवत पंजीकृत है जो कि SR IIA, पंजाबी बाग, नई दिल्ली के कार्यालय के रिकॉर्ड में पंजीकरण संख्या 871 बुक संख्या 4, खंड संख्या 754, पृष्ठ 51 से 55 पर दिनांक 09/12/2015 में पंजिकृत है। उक्त फर्म के पास प्लॉट नं. 94–95, 96–97, फेज–4, उद्योग विहार, गुड़गांव, प्लॉट नंबर 226, फेज–1, उद्योग विहार, गुड़गांव और प्लॉट नंबर–21, सेक्टर–3, आईएमटी मानेसर, गुड़गाँव की मलकीयत है । इस पार्टनरशिप डीड दिनांक 09.12.2015 की शर्त संख्या–15 के अनुसार फर्म ने केवल श्री रविंदर पाल सिंह निवासी 46/43, रोड नंबर 43, वेस्ट एवेन्यू, पंजाबी बाग, नई दिल्ली–26 एवं श्री तेजिंदर पाल सिंह निवासी द पाम स्प्रिंग्स, विला नंबर 76, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर–54, गुड़गांव को साझेदार पंजीकृत किया गया है। श्री रविंदर पाल सिंह निवासी 46/43, रोड नंबर 43, वेस्ट एवेन्यू, पंजाबी बाग, नई दिल्ली–26 एवं श्री तेजिंदर पाल सिंह निवासी द पाम स्प्रिंग्स, विला नंबर 76, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर–54, गुड़गांव के साझेदारी का परिवर्तन फर्मों के रजिस्ट्रार, एसडीएम राजौरी गार्डन, नई दिल्ली के रिकॉर्ड दिनांक 25.05.2022 में पंजीकृत है एवं 06.03.2023 को संशोधित किया गया है एवं राजस्व रिकार्ड एसआर 2ए, पंजाबी बाग, नई दिल्ली के पंजीकरण संख्या 177 बुक संख्या–4 खंड संख्या 958 पृष्ट 80 से 84 दिनांक 21.02.2023 पर विधिवत रूप से दर्ज किया गया है। फर्म ने अब एचएसआईआईडीसी को उनके रिकॉर्ड को अद्यतन करने के लिए संपर्क किया है।

वर्तमान भागीदारों के अनुरोध पर, एचएसआईआईडीसी लिमिटेड इस तथ्य के आधार पर फर्म के भागीदारों में उक्त परिवर्तनों की अनुमति देने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गया है जो 24/05/2022 को रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स, एसडीएम राजौरी गार्डन, नई दिल्ली द्वारा पहले ही जिसकी अनुमति दी जा चुकी है जिसकी पंजिकृत संख्या 385/2022 है एवं जिसे 06/03/2023 को संशोधित किया गया है।

अब से, औद्योगिक प्लॉट नंबर 94–95, 96–97, फेज–4, उद्योग विहार, गुड़गांव, प्लॉट नंबर 226, फेज–1, उद्योग विहार, गुड़गांव और प्लॉट नंबर–21, सेक्टर–3, आईएमटी मानेसर गुड़गांव, की मिलकीयत मेसर्स निवासी हरजीत ब्रदर्स जिसके साझेदार श्री रविंदर पाल सिंह निवासी 46/43, रोड नंबर 43, वेस्ट एवेन्यू, पंजाबी बाग, नई दिल्ली–26 और श्री तेजिंदर पाल सिंह निवासी द पाम स्प्रिंग्स, विला नंबर 76, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर–54, गुड़गांव के नाम पर होगा ।

इस सार्वजनिक सूचना प्रकाशन की तिथि से. उक्त परिवर्तनों के खिलाफ यदि कोई आपत्ति हो तो इस नोटिस की तारीख से 30 दिनों की अवधि के भीतर एचएसआईआईडीसी, उद्योग विहार, गुरुग्राम के कार्यालय में आपत्ति दर्ज की जानी चाहिए, अन्यथा उपरोक्त औद्योगिक भूखंडों का स्वामित्व मेसर्स हरजीत ब्रदर्स जिसके साझेदार हैं श्री रविंदर पाल सिंह निवासी 46/43, रोड नंबर 43, वेस्ट एवेन्यू, पंजाबी बाग, नई दिल्ली–26 और श्री तेजिंदर पाल सिंह निवासी द पाम स्प्रिंग्स, विला नंबर 76, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर–54, गुड़गांव को औपचारिक रूप से एचएसआईआईडीसी द्वारा स्वीकार कर लिया जाएगा।

एचएसआईआईडीसी, उद्योग विहार, गुरुग्राम, हरियाणा

## ज्योतिष

सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान
बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रूकावट
ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा,
A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## ऑयल इंडिया का लाभ 18 फीसदी बढ़ा, 1:2 बोनस शेयर की घोषणा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) का बीते वित्त वर्ष की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही का शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों की वजह से उसका मुनाफा बढ़ा है।

कंपनी ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा कि जनवरी-मार्च, 2024 में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 2,332.94 करोड़ रुपये रहा है। यह आंकड़ा इससे पिछले साल की इसी अवधि में 1,979.74 करोड़ रुपये था। देश में सार्वजनिक क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी तेल और गैस उत्पादक कंपनी ने बताया कि तेल की ऊंची कीमतों के कारण उसका कारोबार 16 प्रतिशत बढ़कर 10,375.09 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

- कच्चे तेल की ऊंची कीमतों की वजह से मुनाफा बढ़ा
- एकीकृत शुद्ध लाभ 2,332.94 करोड़ रुपए रहा

कच्चे तेल के उत्पादन और बिक्री से होने वाली कमाई 18 प्रतिशत बढ़ी, लेकिन कम कीमतों के कारण गैस से होने वाली आय 16.5 प्रतिशत घट गई। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 29 प्रतिशत घटकर 6,980.45 करोड़ रुपये पर आ गया।

### प्रत्येक दो शेयरों के लिए एक मुक्त शेयर

ओआईएल ने कहा कि उसके बोर्ड ने 1:2 के अनुपात में बोनस शेयर (प्रत्येक दो शेयर के लिए एक मुफ्त शेयर) जारी करने को मंजूरी दी है। बोर्ड ने 10 रुपये अंकित मूल्य के प्रत्येक शेयर पर 3.75 रुपये के अंतिम लाभांश (बोनस शेयर जारी करने से पहले) को भी मंजूरी दी।

## टाटा मोटर्स ने बजाज फाइनेंस से मिलाया हाथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा मोटर्स की यात्री वाहन और यात्री इलेक्ट्रिक परिवहन से जुड़ी अनुषंगी कंपनियों ने अपने डीलरों को आपूर्ति श्रृंखला वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने के लिए बजाज फाइनेंस के साथ साझेदारी की है।

कंपनी ने बयान में कहा कि टाटा मोटर्स की अनुषंगी कंपनियां टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) ने अपने यात्री तथा इलेक्ट्रिक वाहन डीलरों के लिए आपूर्ति श्रृंखला वित्तीय समाधान का विस्तार करने के लिए बजाज फाइनेंस के साथ हाथ मिलाया है।




- यात्री, ईवी डीलर को वित्तपोषण उपलब्ध कराने को होगी व्यवस्था

इसमें कहा गया है समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत टीएमपीवी और टीपीईएम के डीलरों को न्यूनतम गारंटी के साथ वित्तपोषण उपलब्ध कराने के लिए बजाज फाइनेंस की व्यापक पहुंच का लाभ उठाया जाएगा।

*ईवी वाहन डीलर वित्तीय पूंजी से लैस होंगे : बजाज फाइनेंस के उप-प्रबंध निदेशक अनूप साहा ने कहा, 'इस वित्तपोषण के जरिये हम टीएमपीवी तथा टीपीईएम के अधिकृत यात्री व इलेक्ट्रिक वाहन डीलरों को वित्तीय पूंजी से लैस करेंगे, जो उन्हें बढ़ते यात्री वाहन बाजार द्वारा पेश किए गए अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाएगा।'*

## नए इलेक्ट्रिक दोपहिया मॉडल लाने की तैयारी में हीरो मोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प बड़े ग्राहक वर्ग तक अपनी पहुंच बनाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खंड में नए मॉडल उतारने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। हीरो मोटोकॉर्प फिलहाल अपनी 'विडा' श्रृंखला के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया मॉडल की बिक्री करती है। इनकी कीमत एक लाख रुपये से 1.5 लाख रुपये के बीच है। हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कारोबार अधिकारी (उभरता परिवहन क्षेत्र) स्वदेश श्रीवास्तव ने विश्लेषकों के साथ चर्चा में कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार किया जा रहा है।



इस दौरान मझोले एवं व्यापक बाजार खंड में उत्पाद उतारे जाएंगे। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में नए उत्पाद उतारे जाने के बाद इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन के प्रीमियम, मध्यम एवं व्यापक बाजार के तीनों ही खंडों में कंपनी सक्रिय हो जाएगी।

**पहचान की अपील**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक **अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्रः अज्ञात पताः अज्ञात, उम्रः** 35–40 साल **जोकि दिनांक 12.05.2024 को शाम 5:40 बजे आजादपुर सब्जी मण्डी बी ब्लॉक मौहल्ला क्लीनिक के सामने गेट के पास** मृत पाया गया। इस बाबत **DD No. 64A, दिनांकः 12.05.2024, थानाः महेन्द्र पार्क, दिल्ली** में दर्ज है। नीचे अज्ञात मृत व्यक्ति की पहचान दी गई हैः

**उम्रः** 35–40 साल, **कदः** 5'7'', **रंगः** गेहुँआ, **चेहराः** लम्बोतरा, **शरीरः** दुबला–पतला, **पहनावाः** केवल सफेद पजामा पहने है। चेहरे पर चोट के निशान है। अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

**फोनः 011-24368638, 24368641**
**वेबसाईटः http://cbi.nic.in**
**ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फैक्सः 011-24368639**
**DP/5873/NW/2024**

थानाध्यक्ष
थानाः महेन्द्र पार्क, दिल्ली
फोनः 9013387899, 7428139095

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गजेन्दर उर्फ जोगिन्दर** पुत्र **श्री राजपाल शर्मा** निवासी **1865, संजय बस्ती तिमारपुर, दिल्ली और भीः कलामपुर, जिला अमरोहा, उत्तर प्रदेश** ने case **FIR No. 332/2015 U/s 324/34 IPC, थाना तिमारपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **गजेन्दर उर्फ जोगिन्दर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गजेन्दर उर्फ जोगिन्दर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 332/2015 U/s 324/34 IPC, थाना तिमारपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गजेन्दर उर्फ जोगिन्दर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 29.06.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अपूर्व गुप्ता
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट–02
केन्दीय जिला, कमरा नं. 26
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/5859/N/2024(Court Matter)**

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रुझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रुचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।



## पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ, नोएडा के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रा ने बाल संक्रामक रोगों पर पेपर के लिए पुरस्कार जीता


**नई दिल्ली।** नोएडा की पोस्ट ग्रेजुएट छात्रा डॉ. दीपिका वत्स ने भारतीय सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पेपर के लिए प्रथम पुरस्कार और 'बाल चिकित्सा संक्रामक रोगों पर मेघना कृष्णा बवेजा मेमोरियल अवार्ड' जीता। एसोसिएशन ऑफ मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी दिल्ली चैप्टर में आयोजित हुआयह पेपर प्रोफेसर (डॉ) सुमी नंदवानी, एचओडी माइक्रोबायोलॉजी, पीजीआईसीएच नोएडा की देखरेख में उनकी थीसिस के एक भाग के रूप में बच्चों में हेपेटाइटिस वायरल संक्रमण के अध्ययन पर आधारित है। पीजीआईसीएच नोएडा के निदेशक डॉ. प्रोफेसर (डॉ.) डॉ. अरुण कुमार सिंह ने अच्छे शोध कार्य के लिए छात्र और माइक्रोबायोलॉजी विभाग को बधाई दी।

## नायरा एनर्जी की पेट्रोल बिक्री 48 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** देश की निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी ईंधन खुदरा कंपनी नायरा एनर्जी ने 2024 के कैलेंडर साल की पहली तिमाही में पेट्रोल की बिक्री में 48 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। वहीं इस दौरान कंपनी के निर्यात में गिरावट आई है। तिमाही के दौरान कंपनी ने विशेष रूप से ईंधन की स्थानीय मांग को पूरा करने का प्रयास किया है। कंपनी के बयान में कहा गया है कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसने अपनी गुजरात की वाडिनार तेल रिफाइनरी में उत्पादित सभी पेट्रोलियम उत्पादों का 70 प्रतिशत स्थानीय बाजार में बेचा।बयान में कहा गया है कि नायरा एनर्जी ने मुख्य रूप से देश में बढ़ती पेट्रोलियम उत्पादों की मांग को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया।कंपनी ने कहा कि 'भारत में, भारत के लिए' के अपने संदेश से प्रेरित होकर उसने सालाना आधार पर घरेलू खुदरा बिक्री में 24 प्रतिशत और संस्थागत बिक्री में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

## शब्द पहेली - 5517




**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज–5
4.नट का खेल–4
7.राय,वोट–2
8.दुरुह,कठिन–3
9.प्रहार,घात–2
10.अचरज भरा कार्य–4
11.शराब,मद्य–2
13.साझेदार–4
14.क्षण,लम्हा–2
16.सहयोग–3
18.अड़िग–3
19.कैद, बंधक–3,2
21.चुगली करना–2,3
24.धावक (अंग्रेजी–3)
26.अग्नि, आग–3
28.टैक्स, हाथ–2
29.एक मुगल सम्राट–4
30.टकटकी–2
32.कैंची से काटना–4
33.आत्मा–2
35.सीरा,मिष्ठान–3
36.आगमन–2
37.जोरदार–4
38.तेज दौड़ना–5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत–2
2.झगड़ा,रार–4
3.फिल्मी दुनिया–3,2
4.लेखनी,पेन–3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं–2
6.वटवृक्ष–4
7.मन को भाने वाला–5
10.बुरा आचरण–4
12.यमराज–2
15.चुनौती–4
17.विदरण,एकता भंग–3
18.आर्द्रक–4
20.भूमि,धरती–3
22.आवेश में आना–4
23.नामकरण–2,3
25.नरक में रहना–5
26.जामफल–4
27.बेल,लतिका–2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना–4
31.जलजला–3
34.मैं का बहुवचन–2
36.रुपये का सोलहवां भाग–2

### शब्द पहेली- 5516 का हल





## आईपीएल

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप





विराट कोहली
**708 रन**
बेंगलोर

हर्षल पटेल
**22 विकेट**
पंजाब

## बाउंड्री मीटर

**2070** चौके

**1208** छक्के

## खबर संक्षेप



### इंडियन ओपन सर्फिंग 31 से 2 जून तक

**मेंगलुरु।** इंडियन ओपन सर्फिंग (आईओएस) का पांचवां सत्र 31 मई से दो जून तक यहां खेला जाएगा। इसमें चार वर्गों पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स (अंडर 16) बालक और बालिका वर्ग के मुकाबले होंगे। भारतीय सर्फिंग महासंघ ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'इंडियन ओपन सर्फिंग 2024 कैलेंडर वर्ष में राष्ट्रीय चैंपियनशिप सीरिज का दूसरा चरण होगा। इससे पहले केरल में मार्च में अंतरराष्ट्रीय सर्फिंग फेस्टिवल हुआ है।'

### निजी बातचीत का प्रसारण नहीं किया

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने सोमवार को रोहित शर्मा से जुड़ी किसी निजी बातचीत के ऑडियो का प्रसारण करने से इनकार किया। भारतीय कप्तान ने चैनल पर रिकॉर्डिंग रोकने के आग्रह के बावजूद उनकी निजता के 'उल्लंघन' का आरोप लगाया है। रोहित शर्मा को एक आईपीएल मैच के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के अभिषेक नायर से बातचीत करने के दौरान उनकी रिकॉर्डिंग करते हुए प्रसारक को ऑडियो बंद करने के लिए कहते हुए देखा जा सकता है।

# मैनचेस्टर सिटी रिकॉर्ड लगातार चौथी बार बनी इंग्लिश प्रीमियर लीग चैंपियन

एजेंसी ▶▶ मेनचेस्टर

136 साल में पहली बार किसी इंग्लिश फुटबॉल क्लब ने लगातार चार बार लीग ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया। कोच पेप गार्डियोला की अगुआई में टीम ने रविवार को घरेलू मैदान एतिहाद स्टेडियम में खेले गए इंग्लिश प्रीमियर लीग के अंतिम मैच में वेस्ट हैम को 3-1 से हराकर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी आर्सेनल से दो अंकों की बढ़त बनाकर लगातार चौथे साल यह ट्रॉफी जीत ली। पेप की अगुआई में यह टीम की छठी लीग ट्रॉफी है। प्रीमियर लीग में यह टीम की आठवीं और इंग्लिश फुटबाल लीग इतिहस में 10वीं ट्रॉफी है।



### युवा स्ट्राइकर फिल फोडेन ने दागे दो गोल

वेस्ट हैम के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में पहले ही हाफ में मैनचेस्टर सिटी के युवा स्ट्राइकर फिल फोडेन ने दो गोल दागकर टीम को बढ़त दिला दी। हालांकि, हाफ टाइम से पहले वेस्ट हैम के मोहम्मद कुडुस ने शानदार बाइसिकल किक लगाकर बढ़त को कम कर दिया। रोड्री ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही निर्णायक गोल दागकर बढ़त को दोगुनी कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।

### दो अंक से पिछड़ा आर्सेनल

इतिहास के सबसे रोमांचक प्रीमियर लीग में दूसरी ओर आर्सेनल ने भी रविवार को अपने घरेलू मैदान एमिरेट्स स्टेडियम में एवर्टन के विरुद्ध 2-1 से जीत प्राप्त कर ली, परंतु दो अंकों से पिछड़ने के कारण वह ट्रॉफी के सबसे निकट होकर भी दूर ही रह गए।

## कमाल के पेप, बतौर कोच जीती 33वीं ट्रॉफी

कोच पेप गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी के साथ आठ सालों में छठी ट्रॉफी जीतकर कई इतिहास रच दिए। यह कोच के रूप में उनकी 33वीं ट्रॉफी है। 2008-09 सत्र से कोच के रूप में उन्होंने अपने करियर में 12 लीग खिताब, 10 घरेलू कप, चार यूएफा सुपर कप, चार फीफा क्लब विश्व कप और तीन चैंपियंस लीग ट्रॉफी जीती है। इन सालों में कोई भी कोच उनकी उपलब्धि के आसपास भी नहीं है। उनके बाद दूसरे सबसे सफल कोच वर्तमान में रियल मैड्रिड के कोच कोर्लो एंसिलोटी हैं, जिन्होंने कुल 14 ट्राफी जीती हैं।





### 136 साल पहले शुरू हुई ईपीएल

1992-93 में शुरू हुई थी प्रीमियर लीग इंग्लिश फुटबॉल लीग का इतिहास भले 136 वर्ष पुराना हो, परंतु वर्तमान की इंग्लिश प्रीमियर लीग की शुरुआत 1992-93 में हुई थी। इससे पहले 100 वर्षों तक इसे इंग्लिश फुटबॉल लीग फर्स्ट डिविजन के नाम से जाना जाता था। वहीं, शुरुआत 1888 में हुई थी तब इसका नाम इंग्लिश फुटबॉल लीग था।

**आईपीएल : मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर शाम 7.30 बजे से**

# क्वालीफायर : आज लगेगा रनों का अंबार
# कोलकाता और हैदराबाद में होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

बेहतरीन फॉर्म में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को 'रन मशीन' सनराइजर्स हैदराबाद से होगा तो दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट की सौगात मिलने की गारंटी रहेगी। केकेआर इस साल आईपीएल प्लेआफ में पहुंचने वाली पहली टीम थी जबकि सनराइजर्स ने आखिरी लीग मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया।

लीग चरण के 70 मैचों में शीर्ष दो स्थान पर रही इन टीमों को पिछले दस दिन में बारिश के कारण अच्छा खासा ब्रेक मिल गया है। वैसे प्लेआफ से पहले मैदान पर अधिक समय नहीं बिता पाने की चुनौती भी कठिन है। सैकड़ों किलोमीटर का सफर करके यहां पहुंचने वाली केकेआर और सनराइजर्स को हालात के अनुकूल ढलने के लिए अधिक समय नहीं मिलेगा। दोनों ने आखिरी लीग मैच रविवार को ही खेला है। सनराइजर्स ने हालांकि पूरा मैच खेलकर पंजाब को हराया लेकिन केकेआर और राजस्थान रॉयल्स का मैच बारिश के कारण नहीं हो सका। केकेआर ने आखिरी पूरा मैच 11 मई को खेला था।



### केकेआर को खलेगी साल्ट की कमी

बारिश के खलल से पहले केकेआर ने लगातार चार मैच जीते थे पिछले दो मैच बारिश की भेंट हो गए। शीर्ष पर काबिज केकेआर को विकेटकीपर बल्लेबाज फिल साल्ट (435 रन) की कमी खलेगी जो टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड टीम से जुड़ने स्वदेश लौट गए हैं। साल्ट और सुनील नारायण (461) ने केकेआर को शानदार शुरुआत दी है। मध्यक्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर (287 रन) प्रभावित नहीं कर सके लेकिन इसकी कमी टीम को खली नहीं। केकेआर के लिए नीतिश राणा और आंद्रे रसेल का फॉर्म में रहना भी बहुत जरूरी है।

### हेड-अभिषेक कर रहे आक्रामक बल्लेबाजी

कागजों पर केकेआर और सनराइजर्स बराबरी की टीमें लगती है जिससे यह मुकाबला और रोमांचक हो गया है। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा दोनों ने 200 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाकर रिकॉर्ड की झड़ी लगा दी है। आस्ट्रेलिया के हेड ने आक्रामक बल्लेबाजी की नई परिभाषा गढ़ी है और अब तक एक शतक तथा चार अर्धशतक समेत 533 रन बना चुके हैं। उनके साथ अभिषेक (467 रन) ने भी खुलकर खेलते हुए आईपीएल में अभी तक 41 छक्के जड़ डाले हैं। सनराइजर्स के पास तीसरे नंबर पर राहुल त्रिपाठी जैसा भरोसेमंद बल्लेबाज है। हेनरिच क्लासेन फॉर्म में लौट आए हैं और पंजाब के खिलाफ 42 रन बनाए।

### संभावित टीमें

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजांफर।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, हेनरिक क्लासेन , एडेन मार्कराम, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मार्कंडेय, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह, ग्लेन फिलिप्स , राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेंद्र यादव, जे सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह, मयंक अग्रवाल।

# वर्ल्ड पैरा चैंपियनशिप में दीप्ति ने जीता स्वर्ण

**400 मीटर टी20 रेस**
55.07 सेकंड में पूरी की रेस
क्लार्क का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा



एजेंसी ▶▶ कोबे

भारत की दीप्ति जीवनजी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी20 रेस में 55.07 सेकंड के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

दीप्ति ने अमेरिका की ब्रियाना क्लार्क का 55.12 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा जो उसने पिछले साल पेरिस में बनाया था। तुर्की की एसिल ओंडेर 55.19 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि एक्वाडोर की लिजांशेला एंगुलो 56.68 सेकंड का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रही। दीप्ति ने रविवार को एशियाई रिकॉर्ड समय 56.18 सेकंड के साथ अपनी हीट रेस जीती थी।

टी20 वर्ग की रेस बौद्धिक रूप से अक्षम खिलाड़ियों के लिए है। योगेश कथुनिया ने पुरुषों के एफ 56 वर्ग चक्का फेंक में 41.80 मीटर के साथ रजत पदक जीता। भारत ने अब तक एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीत लिए हैं।

## भारतीय मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने एशियाई रिले में जीता स्वर्ण

**बैंकॉक।** भारत की मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने सोमवार को यहां पहली एशियाई रिले चैंपियनशिप में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम हालांकि पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही। मुहम्मद अजमल, ज्योतिका श्री दांडी, अमोज जैकब और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 14.12 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तीन मिनट 14.34 सेकेंड का था जो भारतीय टीम ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने के दौरान बनाया था। सोमवार का यह समय भारतीय टीम को विश्व एथलेटिक्स की रोड टू पेरिस सूची में 21वें स्थान पर जगह दिलाता है। टीम का लक्ष्य 15वें या 16वें स्थान तक आना था। इस तरह भारतीय टीम की पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की राह मुश्किल हो गई है।

# मलेशिया मास्टर्स में खिताब का सूखा खत्म करने उतरेगी सिंधू

एजेंसी ▶▶ कुआलालम्पुर



ब्रेक से लौटी पी वी सिंधू पेरिस ओलंपिक से पहले यहां मंगलवार से शुरू हो रहे मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत दर्ज करके अपना मनोबल ऊंचा करने के इरादे से उतरेगी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया।

अब वापसी करते हुए उनका लक्ष्य इस बीडब्लूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में महिला एकल में अच्छा प्रदर्शन करने का होगा। वह पिछले साल अक्टूबर में घुटने की चोट से उबरने के बाद से फॉर्म में नहीं है। पहले दौर में उनका सामना स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर से होगा। अश्मिता चालिहा, आकृषि कश्यप और मालविका बंसोड़ भी अच्छे नतीजे देना चाहेंगी। पुरुष वर्ग में किरण जॉर्ज अकेले भारतीय हैं जो जापान के ताकुमा ओबायाशी से पहला मैच खेलेंगे। थाईलैंड ओपन चैंपियन सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी यह टूर्नामेंट नहीं खेल रहे हैं। पुरुष युगल में कृष्णा प्रसाद गारागा और साई प्रतीक के की जोड़ी उतरेगी। मिश्रित युगल में बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी के अलावा सतीश कुमार के और आद्या वरियाथ खेलेंगे।

# मैकगुर्क और मैथ्यू शॉर्ट होंगे आस्ट्रेलिया के रिजर्व खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*आक्रामक बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और मैथ्यू शॉर्ट एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये आस्ट्रेलिया के रिजर्व खिलाड़ी होंगे। बाईस वर्ष के मैकगुर्क ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है।*

*अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं कर सके मैकगुर्क को टी20 विश्व कप टीम में जगह नहीं मिली है क्योंकि आस्ट्रेलिया के पास शीर्ष तीन स्थानों के लिए डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड और कप्तान मिचेल मार्श पहले से हैं। बल्लेबाजी हरफनमौला शॉर्ट ने आस्ट्रेलिया के लिए पिछले 14 में से नौ टी20 मैच खेले हैं। इनमें से पांच में उन्होंने पारी का आगाज किया और पिछले दो सत्र में वह बिग बैश लीग भी खेल चुके हैं। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, 'आस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सुझाव दिया था कि विश्व कप में एक रिजर्व साथ लेकर जाएंगे लेकिन अब वे शॉर्ट के साथ फ्रेसर मैकगुर्क को भी ले जा रहे हैं।'*

# मेजबान के खिताब नहीं जीत पाने का कलंक धोने उतरेगा वेस्टइंडीज

एजेंसी ▶▶ एंटीगा



टी20 विश्व कप के इतिहास में कोई मेजबान आज तक खिताब नहीं जीत सका है लेकिन दो बार कप्तान के तौर पर वेस्टइंडीज को टी20 चैंपियन बनाने वाले डेरेन सैमी इस बार मुख्य कोच के तौर पर इस सिलसिले को तोड़ना चाहेंगे। पिछले आठ सत्रों में कोई मेजबान टी20 विश्व कप नहीं जीत सका है। सैमी को इस बार वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टूर्नामेंट में यह मिथक तोड़ने की उम्मीद है। श्रीलंका 2012 में कोलंबो में फाइनल में वेस्टइंडीज से हार गया था। जीत के लिये 138 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम 101 रन पर आउट हो गई थी। चार साल बाद वेस्टइंडीज ने ईडन गार्डंस पर इंग्लैंड को हराकर दूसरी बार खिताब जीता। उस समय बेन स्टोक्स के आखिरी ओवर में कार्लोस ब्रेथवेट ने चार लगातार छक्के लगाए थे।

**पेरिस ओलंपिक : शीर्ष दस में होने के कारण जोड़ीदार चुनने की छूट**

# बालाजी या युकी के साथ जोड़ी बनाएंगे बोपन्ना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना पेरिस ओलंपिक में एन श्रीराम बालाजी या युकी भांबरी के साथ जोड़ी बनाएंगे और अखिल भारतीय टेनिस संघ से उसे मंजूरी मिलना तय है। विश्व युगल रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज 44 वर्ष के बोपन्ना शीर्ष दस में होने के कारण अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं। पेरिस ओलंपिक में पुरुष युगल ड्रॉ में 32 टीमें होंगी जिसमें से एक देश अधिकतम दो टीमें रख सकता है। क्वालीफिकेशन मानदंडों के तहत शीर्ष दस में शामिल खिलाड़ी अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं जो एटीपी या डब्लूटीए रैंकिंग में शीर्ष 300 के भीतर होना चाहिए। फ्रेंच ओपन के बाद 10 जून की रैंकिंग क्वालीफिकेशन के लिए मान्य होगी। एआईटीए सूत्रों के अनुसार बोपन्ना ने पेरिस ओलंपिक के लिए उनके जोड़ीदार के तौर पर टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना में शामिल करने के लिए एआईटीए को बालाजी और भांबरी का नाम भेजा है। एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने कहा, 'आम तौर पर खिलाड़ी अपना जोड़ीदार खुद चुनता है। चयन समिति उससे विकल्प पूछेगी और उस पर बात की जाएगी। रोहन जिसके साथ भी खेलना चाहेगा, उस पर विचार किया जाएगा।' बालाजी ने हाल ही में जर्मनी के आंद्रे बेजेमैन के साथ कैगलियारी चैलेंजर टूर्नामेंट जीता था। वहीं भांबरी ने फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती के साथ अप्रैल में म्युनिख में एटीपी 250 टूर्नामेंट जीता और इस महीने बोर्डो चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचे।





### नामांकन को लेकर रहा हमेशा विवाद

भारतीय टेनिस में ओलंपिक या बहु खेल आयोजनों में नामांकन को लेकर हमेशा विवाद रहा है। वर्ष 2012 में महेश भूपति और बोपन्ना दोनों ने लिएंडर पेस के साथ खेलने से इनकार कर दिया था जिसके बाद पेस ने विष्णु वर्धन को जोड़ीदार बनाया था। इसके बाद मिश्रित युगल में सानिया मिर्जा को पेस के साथ खेलने के लिए कहा गया लेकिन देश की शीर्ष महिला खिलाड़ी सानिया ने पेस को तसल्ली देने के लिए उनका इस्तेमाल करने पर एआईटीए को आड़े हाथों लिया था। एशियाई खेल 2018 में पेस ने दो दिन पहले यह कहकर नाम वापिस ले लिया था कि एआईटीए ने उन्हें विशेषज्ञ जोड़ीदार नहीं दिया है। एआईटीए ने बोपन्ना का जोड़ीदार दिविज शरण को बनाया था जिससे पेस को एकल खिलाड़ी के साथ खेलना पड़ा।


## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

### घोषणा

उम्मीदवार जो नीचे वर्णितानुसार पद हेतु विषय ज्ञान परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं, की सामान्य जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | सहायक पर्यावरण अभियंता (ग्रुप-बी) हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड | 24/2023 और शुद्धिपत्र दिनांक 22.08.2023 | 09.06.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 1.00 बजे तक |

उम्मीदवारों को 31.05.2024 से आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से अपने प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

यह स्पष्ट किया जाता है कि वे सभी उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों हेतु विषय ज्ञान परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके है, को परीक्षा में उपस्थित होने के लिये अंतरिम रूप से अनुमति दी गई है जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तों को पूर्ण करने के अधीन है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका ब्लैक एंड व्हाइट प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

दिनांक : 20.05.2024
संवाद विज्ञा. सं.-1156/13/252/2025/26357/88/7 दि. 20.05.24


क्षतिग्रस्त हेलीकॉप्टर का एरियल व्यू


शव को ले जाता हुआ बचाव दल


राष्ट्रपति की मौत सुनकर सड़क पर दु:खी महिला


रेस्क्यू एजेंसियों ने रातभर चलाया सर्च ऑपरेशन

**अजरबैजान में हेलीकॉप्टर हादसा**

# जान गंवाने से पहले भारत-ईरान की दोस्ती को नई मुकाम तक पहुंचा गए रईसी...अब 50 दिन बाद होगा नए राष्ट्रपति का चुनाव


देर रात तक राहत कार्यों में जुटा बचाव दल

- हेलीकॉप्टर रविवार शाम करीब 7 बजे लापता हुआ था
- बारिश और सर्दी के बीच सर्च ऑपरेशन चलाया
- हेलीकॉप्टर का पूरा केबिन काफी क्षतिग्रस्त और जला
- कई शव जलकर खाक हुए पहचान करना मुश्किल

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी (63), विदेश मंत्री हुसैन आमिर-अब्दुल्लाहियान समेत 9 लोगों की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी आईआरएनए ने सोमवार सुबह यह जानकारी दी। ईरान में पांच दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। रईसी पूर्वी अजरबैजान से लौट रहे थे। अजरबैजान से लौटते समय उनका हेलिकॉप्टर रविवार शाम करीब 7 बजे लापता हो गया था। अजरबैजान के सीमावर्ती शहर जोल्फा के करीब दुर्घटना घटी, जो ईरान की राजधानी तेहरान से 600 किलोमीटर दूर है।

### पहाड़ियों में क्रैश हुआ हेलीकॉप्टर

ईरानी राष्ट्रपति के काफिले में तीन हेलीकॉप्टर थे और इनमें से दो हेलीकॉप्टर सुरक्षित अपने गंतव्य पर उतरे। लेकिन, रईसी वाले हेलीकॉप्टर के पायलट ने हेलीकॉप्टर से नियंत्रण खो दिया था, जिसके चलते यह हादसा हुआ। रईसी का हेलिकॉप्टर अजरबैजान की सीमा के करीब ईरान के वरजेघन शहर के पास क्रैश हुआ। यह पहाड़ी इलाका है। रेस्क्यू एजेंसियों ने भारी बारिश, कोहरे और तेज सर्दी के बीच रातभर सर्च ऑपरेशन चलाया।

### तुर्किये के ड्रोन ने ढूंढी क्रैश साइट

सर्च ऑपरेशन में जुटे तुर्किये के एक ड्रोन को अजरबैजान की पहाड़ियों पर ताविल इलाके में जलती हुई एक जगह दिखी है। शक है कि यह ईरानी राष्ट्रपति रईसी के हेलिकॉप्टर का मलबा हो सकता है। हालांकि, हेलिकॉप्टर में सवार लोगों की हालत के बारे में अब भी पता नहीं चल सका है। ईरानी राष्ट्रपति रईसी अमेरिका में बने 'बेल 212' हेलिकॉप्टर पर सवार थे। दो ब्लेड वाला यह एयरक्राफ्ट मीडियम साइज का हेलिकॉप्टर है।

### भारत से मजबूत संबंधों के पक्षधर थे रईसी

राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के निधन से भारत को निश्चित रूप से गहरा झटका लगा है। रईसी भारत-ईरान के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के पक्षधर थे। अपने निधन से पहले ही रईसी भारत के साथ ऐसा एतिहासिक समझौता कर गए, जिसने भारत की अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच को और आसान कर दिया। उनके कार्यकाल में ही भारतीयों के लिए वीजा ऑन अराइवल सर्विस शुरू की थी।

### रईसी की मौत से अब दुनिया सुरक्षितः अमेरिकी सीनेटर

अमेरिकी सीनेटर रिक स्कॉट ने ईरानी राष्ट्रपति की दुर्घटना पर कहा कि रईसी की मौत से अब दुनिया एक सुरक्षित और शानदार जगह हो गई है। वह दुष्ट व्यक्ति अत्याचारी और आतंकवादी था। उसने न तो प्यार किया और न ही सम्मान दिया।

### कनी कार्यवाहक विदेश मंत्री बने

विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन की मौत के बाद ईरान के शीर्ष परमाणु वार्ताकार अली बघेरी को कार्यवाहक विदेश मंत्री नियुक्त किया गया।



### हमारे विचार और दिल उनके साथः रूस

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शोक व्यक्त किया। लावरोव ने एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में कहा कि दुख की इस घड़ी में हमारे विचार और दिल उनके करीबी और प्रियजनों के साथ हैं। ईरान के राष्ट्रपति और उनके साथियों की मृत्यु पर शोक व्यक्त करने के लिए रूसियों द्वारा मास्को में ईरानी दूतावास की इमारत पर लगे झंडे को आधा झुका दिया गया है।

### मृतकों के परिवारजनों के साथ हमारी संवेदनाएं

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति रायसी और अन्य अधिकारियों की मृत्यु पर गंभीर संवेदना व्यक्त की। मिशेल ने कहा कि ईयू ईरान के राष्ट्रपति, विदेश मंत्री अब्दुल्लाहियन, साथ ही उनके प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य और चालक दल की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु पर हमारी संवेदनाएं परिवारों के साथ हैं।

### वेनेजुअला के राष्ट्रपति बोले रईसी मेरे खास दोस्त थे

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने रईसी की मौत पर शोक जताया है। मादुरो ने कहा कि रईसी उनके बेहद खास दोस्त थे। ईरान गरिमा, नैतिकता और प्रतिरोध का सबसे बड़ा उदाहरण है।

## खबर संक्षेप

### प्रचंड ने चौथी बार जीता विश्वास मत



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने संसद में विश्वास मत हासिल कर लिया है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी केंद्र) के नेता प्रचंड ने 18 महीने के भीतर चौथी बार विश्वास मत जीता है। सोमवार को विश्वास प्रस्ताव पर नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में प्रंचड को 157 सदस्यों का समर्थन हासिल हुआ। मतदान में कुल 158 सांसदों ने हिस्सा लिया। मुख्य विपक्षी नेपाली कांग्रेस ने मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार किया। सीपीएन (माओवादी केंद्र) प्रतिनिधि सभा में तीसरा सबसे बड़ा दल है।

### लाई चिंग ते बने ताइवान के राष्ट्रपति



**ताइपे।** ताइवान में डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के लाई चिंग ते ने सोमवार को लोकप्रिय नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। पदभार ग्रहण करने के बाद, लाई ताइवान के राष्ट्रपति बनने वाले तीसरे निवर्तमान उपराष्ट्रपति होंगे। ताइवान में 1996 में पहला प्रत्यक्ष राष्ट्रपति चुनाव हुआ था। लाई ने ताइवान की राजधानी ताइपे में राष्ट्रपति कार्यालय भवन के बाहर उद्घाटन भाषण दिया। सुबह के समारोह में ताइवान के राष्ट्रपति के रूप में अपना चार साल का कार्यकाल शुरू किया।

### रूस की मिसाइलों से 10 की मौत, 25 घायल



**कीव।** रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर हमला कर दिया। हमले में 10 लोगों की मौत हो गई। यूक्रेनी शहर खार्किव के मेयर इहोर तेरेखोव ने बताया कि दो रूसी मिसाइलों ने एक रिसॉर्ट पर हमला किया। यहां लोग आराम कर रहे थे। हादसे में 10 लोगों की मौत के अलावा 25 लोग घायल भी हुए हैं। मृतकों में एक गर्भवती महिला भी शामिल है। स्थानीय अधिकारी ने बताया कि खार्किव के बाहरी इलाके के एक रिसॉर्ट पर हमला हो गया, जिसमें पांच लोग मारे गए और 16 घायल हो गए। वहीं, दूसरा हमला कुपियांस्क जिले के दो गांवों में हुआ।

## अहमदाबाद हवाई अड्डे पर चार आईएसआईएस आतंकी गिरफ्तार

# पाकिस्तान निर्मित गोला-बारूद बरामद बड़ी आतंकी साजिश का किया पर्दाफाश

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

*गुजरात के डीजीपी ने बताया कि सूचना थी कि आईएसआईएस विचारधारा से कट्टरपंथी हैं आतंकवादी हमले को अंजाम देने के लिए भारत आने वाले थे। यहां आतंकवादी हमले को अंजाम देने के लिए उन्होंने गोला-बारूद छिपाया था।*

अहमदाबाद हवाई अड्डे पर इस्लामिक स्टेट ऑफ ईराक एण्ड सीरिया (आईएसआईएस) के चार आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। चारों आतंकी श्रीलंकाई नागरिक बताए जा रहे हैं। गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) की ओर से यह कार्रवाई की गई है। गुजरात एटीएस ने सोमवार को बताया कि उसने सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से चार आतंकियों को गिरफ्तार किया है।

पिछले साल अगस्त में एटीएस ने अलकायदा से कथित संबंधों के आरोप में राजकोट से तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। प्रथम दृष्टया वे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के लिए लोगों को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने के लिए एक बांग्लादेशी हैंडलर के लिए काम कर रहे थे।

### गुजरात एटीएस की कार्रवाई

- पकड़े गए चारों श्रीलंकाई नागरिक
- आत्मघाती बम विस्फोट के लिए भी तैयार थे
- 3 पिस्तौल और 20 कारतूस बरामद
- दो मोबाइल फोन बरामद



### गुप्त सूचना मिली थी

गुजरात के डीजीपी विकास सहाय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि चार लोग मोहम्मद नुसरत, मोहम्मद नुफ्रान, मोहम्मद फारिस और मोहम्मद राजदीन श्रीलंकाई नागरिक हैं और प्रतिबंधित आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के सक्रिय सदस्य हैं। सभी आईएसआईएस विचारधारा से कट्टरपंथी हैं। वे आतंकवादी हमले को अंजाम देने के लिए भारत आने वाले थे। जानकारी के मुताबिक, वे 18 या 19 मई को रेलवे या फ्लाइट से अहमदाबाद पहुंचने वाले थे।

### कोलंबो से भी सत्यापन किया

सहाय ने बताया कि प्राप्त जानकारी के आधार पर रणनीति बनाई गई और दक्षिण से आने वाली ट्रेनों और उड़ानों की यात्री सूची पर नजर बनाई गई। सभी चार लोग इंडिगो की उड़ान से एक ही पीएनआर नंबर पर चेन्नई से अहमदाबाद की यात्रा कर रहे थे। पुष्टि के लिए कोलंबो से भी सत्यापन किया गया है।

### आईएसआईएस नेता के संपर्क में

उन्होंने बताया कि फरवरी 2024 से ये चार लोग अबू नाम के एक शख्स के संपर्क में थे, जो पाकिस्तान में रहता है और आईएसआईएस नेता है। वे सोशल मीडिया के जरिए उसके संपर्क में थे। अबू ने उन्हें भारत में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए उकसाया। वे इतने कट्टरपंथी थे कि आत्मघाती बम

### श्रीलंकाई मुद्रा में दिए गए 4 लाख रुपए

पाकिस्तानी निवासी अबू ने उन्हें श्रीलंकाई मुद्रा में 4 लाख रुपए भी दिए। उनके पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। फोन में उनके खिलाफ सबूत के लिए तमाम तस्वीरें और वीडियो हैं। मोबाइल फोन में अहमदाबाद के पास नाना चिलोडा क्षेत्र की एक तस्वीर थी। इससे पता चला कि यहां आतंकवादी हमले को अंजाम देने के लिए गोला-बारूद छिपाया गया था। यहां से पाकिस्तान निर्मित गोला-बारूद बरामद किया गया है। तीन पाकिस्तान निर्मित पिस्तौल और 20 सक्रिय कारतूस भी बरामद की गई हैं।

## पाक पर नरमी नहीं बरतेगा आईएमएफ

# बेलआउट पैकेज के बदले पेंशन पर टैक्स थोपने को कहा



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान इस वक्त भारी आर्थिक संकट से जूझ रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को बेलआउट पैकेज देने पर नरमी नहीं बरतने का विचार किया है। इसके चलते आईएमएफ ने पाकिस्तान को आर्थिक संकट से उबारने के लिए काफी सख्त शर्तें रखी हैं, जिससे महंगाई से जूझ रही जनता की कमर टूट सकती है। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक, आईएमएफ मिशन ने पाकिस्तानी अधिकारियों से कहा है कि वे एक लाख रुपए अधिक मासिक पेंशन पर टैक्स लगाएं।

ग्लोबल लेंडर आईएमएफ की एक अन्य 'मांग' यह है कि पाकिस्तान को नए बेलआउट पैकेज के लिए पेंशन सुधार करने की जरूरत होगी। पाकिस्तान और आईएमएफ के बीच नए लोन के लिए बातचीत आखिरी दौर में पहुंच गई है। आईएमएफ की मिशन टीम मंगलवार को पाकिस्तान अधिकारियों के साथ नीतिगत वार्ता शुरू करेगी।

### अमीर पेंशनभोगियों पर टैक्स

आईएमएफ ने पेंशन पर जो टैक्स लगाने का 'सुझाव' दिया है, उसका असर सिर्फ रईस पेंशनभोगियों पर होगा। इससे पाकिस्तान के नीति निर्माता उम्मीद कर सकते हैं कि उन्हें इसके लिए जरूरी विधायी समर्थन मिल जाएगा। लेकिन, आईएमएफ और पाकिस्तान के बीच मौजूदा बातचीत से स्पष्ट जाहिर है कि नए बेलआउट प्रोग्राम के लिए पाकिस्तानी हुकूमत को कड़े आर्थिक उपायों को लागू करना होगा। हालांकि, पाकिस्तान भी लगातार संकेत दे रहा है कि उसका पीछे हटने का कोई इरादा नहीं और वह कर्ज लेने के लिए आईएमएफ से शर्तें मानने के लिए राजी है।

### 18 प्रतिशत जीएसटी बढ़ाने की मांग

'नए बेलआउट प्रोग्राम' के लिए आईएमएफ की शर्तों के हिसाब पाकिस्तान को राजकोषीय खर्च और घाटे पर अंकुश लगाने की जरूरत होगी। इसने पिछले हफ्ते रिपोर्ट दी थी कि आईएमएफ मिशन ने पाकिस्तानी अधिकारियों से सामान्य बिक्री कर (जीएसटी) को 18 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए कहा था। यह फिलहाल 17 प्रतिशत है। चौथे दौर की वार्ता के दौरान आईएमएफ मिशन ने बीमा क्षेत्र में सुधार और एक अलग नियामक संस्था के गठन की भी मांग की। उसने तीन सरकारी स्वामित्व वाली बीमा कंपनियों का निजीकरण करने के लिए भी कहा है।

## बीएचयू की रिसर्च पर भड़का आईसीएमआर

# कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई करने की चेतावनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने भारतीय कोविड वैक्सीन कोवैक्सिन पर बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के रिसर्च का खंडन किया है। साथ ही, इस पर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कोवैक्सिन पर अध्ययन करने वाले विश्वविद्यालय के संस्थानों और प्रकाशित करने वाली न्यूजीलैंड की पत्रिका को अलग-अलग पत्र भेजा है। इसमें रिसर्च से आईसीएमआर



### अध्ययन आईसीएमआर ने नहीं जुड़ा

डॉ. बहल ने दोनों पत्रों में स्टडी से आईसीएमआर का नाम अलग करने को कहा है। साथ ही, ऐसा नहीं होने पर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि इस संबंध दोनों संस्थानों को स्पष्टीकरण या शुद्धिकरण भी प्रकाशित कराना चाहिए। पत्रिका से इस शोध पत्र को वापस लेने को भी कहा गया है।

## पीएम बोले- चाबहार समझौता महत्वपूर्ण मील का पत्थर

# अफगानिस्तान और मध्य एशिया को जोड़ेंगे संपर्क, व्यापार व वाणिज्य को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

पीएम नरेंद्र मोदी ने ईरान के रणनीतिक महत्व वाले चाबहार बंदरगाह के परिचालन संबंधी भारत के करार करने को महत्वपूर्ण 'मील का पत्थर' बताया और कहा कि भारत व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए जमीनी सीमाओं से घिरे अफगानिस्तान तथा मध्य एशिया क्षेत्र में कनेक्टिविटी प्रदान करने की दिशा में काम करेगा। मोदी ने एक साक्षात्कार में कहा कि भारत न केवल चाबहार बंदरगाह से बल्कि अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) और भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे के माध्यम से भी क्षेत्रीय संपर्क, व्यापार और वाणिज्य को

- अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे से जुड़ेगा भारत
- भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे से क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाएगा



### 10 साल के लिए समझौता

पीएम ने कहा कि चाबहार बंदरगाह को संचालित करने के लिए 10 साल के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिससे भारत को पाकिस्तान को दरकिनार करते हुए अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा नामक सड़क और रेल परियोजना का उपयोग करते हुए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंचने का मार्ग मिलेगा।

### वैश्वीकरण के दौर में कनेक्टिविटी अहम

पीएम ने कहा कि वैश्वीकरण के इस दौर में कनेक्टिविटी की अहम भूमिका है। हमारा प्रयास खास तौर पर उन देशों को कनेक्टिविटी प्रदान करना है जो चारों तरफ से भू सीमाओं से घिरे हैं। मैंने हमेशा मध्य एशियाई देशों के नेताओं के बीच समुद्र तक पहुंच पाने और भारत से जुड़ने के लिए इस बंदरगाह का उपयोग करने में गहरी रुचि देखी है। पीएम ने कहा कि 2014 में सत्ता में आने के बाद से उनकी सरकार ने चाबहार बंदरगाह को प्राथमिकता दी है। 2016 में मेरी ईरान यात्रा के दौरान भारत, ईरान और अफगानिस्तान के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर दस्तखत किए गए थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109